नलचम्पूः
राम नारायण लाल बेनीमाधव

महाकविश्रीत्रिविक्रमभट्टविरचिता

नलचम्पूः

[अन्वय, संस्कृतव्याख्या, हिन्दी अनुवाद, टिप्पणी, विशद भूमिका सहित]

व्याख्याकार

तारिणीश झा

व्याकरणवेदान्ताचार्य

प्रकाशक

रामनारायणलाल बेनीमाधव

प्रकाशक एवं पुस्तक-विक्रेता

इलाहाबाद-२

प्रथम संस्करण] १९७८ [मूल्य रु० ३·२५ पैसे

प्रकाशक
रामनारायणलाल बेनीमाधव
प्रकाशक तथा पुस्तक-विक्रेता
इलाहाबाद

जुलाई १६७८ ई०

मुद्रक
विजय कुमार अग्रवाल
नव साहित्य प्रेस
इलाहाबाद

भूमिका

'चम्पू' की परिभाषा

'चम्पयति योजयति गद्यपद्ये इति चम्पूः' इस व्युत्पत्ति के अनुसार गद्य और पद्य मिश्रित रचना को चम्पू कहते हैं। जैसा कि दण्डी ने लिखा है—

'गद्यपद्यमयी काचिच्चम्पूरित्यभिधीयते' (काव्यादर्श १, ३१)

इसी बात को साहित्यदर्पणकार ने भी पुष्ट किया है—

'गद्यपद्यमयं काव्यं चम्पूरित्यभिधीयते'

अर्थात् जिस काव्य में गद्य-पद्य का संयुक्त प्रयोग किया जाता है उसे चम्पू-काव्य कहते हैं। इस प्रकार चम्पू-काव्य में गद्य एवं पद्य का मिश्रण रहता है और यों तो वासवदत्ता, हर्षचरित तथा कादम्बरी आदि गद्य-कृतियों में भी यत्र-तत्र पद्य प्रयुक्त हुए हैं, पर प्रधानतया उन्हें गद्य-साहित्य या गद्य-काव्य के ही अन्तर्गत रखा जाता है। इसी प्रकार नीति-कथाओं में भी गद्य-पद्य का सम्मिश्रण दीख पड़ता है, किन्तु उनमें पद्यों का प्रयोग किसी विशेष प्रयोजन से ही किया जाता है और उनके पद्य या तो उन कथाओं से प्राप्त होने वाली शिक्षा के रूप में हैं या वह किसी विशेष कथन की पुष्टि में प्रमाण रूप में उद्धृत हैं। इस प्रकार साहित्य की उन अन्य विधाओं से, जिनमें कि गद्य-पद्य का मिश्रण पाया जाता है, चम्पू काव्य की पृथक्ता स्पष्ट करते समय विचारक यह मत व्यक्त करते हैं कि चम्पू में गद्य-पद्य का समान रूप से व्यवहार होता है और उसके पद्य किसी प्रयोजन विशेष से प्रयुक्त नहीं होते, बल्कि वह तो उसकी कथा के ही उसी प्रकार अंगभूत होते हैं जिस प्रकार उसके गद्य भाग। चम्पू-रामायण के रचयिता भोज ने कहा भी है कि चम्पू में गद्य और पद्य का वही पारस्परिक सम्बन्ध है जो संगीत में गीत और वाद्य का—

'गद्यानुबन्धरसमिश्रितपद्यसूक्तिः
हृद्यापि वाद्यकलया कलितेव गीतिः।

विश्वगुणादर्श के रचयिता वेंकटाध्वरि ने इस गद्य-पद्य के मिश्रण को द्राक्षा और मधु का मिश्रण बताया है ।

चम्पूकाव्य का उद्‌भव और विकास

चम्पूकाव्य का उद्‌भव ईसवीय सन् के प्रारंभ से पूर्व ही हो चुका था । गुप्तकाल के शिलालेखों से ज्ञात होता है कि इस प्रकार का काव्य चतुर्थ शताब्दी ई० में विद्यमान था । दण्डी, जिनका समय ईसा की छठी शताब्दी माना जाता है, ने भी अपने काव्यादर्श नामक ग्रन्थ में चम्पूकाव्य का लक्षण दिया है । लक्षण-ग्रन्थों की रचना लक्ष्य-ग्रन्थों की रचना के पश्चात् ही हुआ करती है, अतः दण्डी के पूर्व चम्पूकाव्य की रचना हो चुकी थी, ऐसा मानना पड़ेगा । परन्तु काव्य के सम्पूर्ण लक्षणों से समन्वित चम्पू की रचना दसवीं शताब्दी से पूर्व की उपलब्ध नहीं है । प्रथम चम्पू नलचम्पू ही है, जो १० वीं शताब्दी के आरंभकाल में रचा गया । तदनन्तर १५ वीं शती तक चम्पुओं का विकास बहुत मन्थर गति से हुआ है । इस काल के चम्पुओं में यशस्तिलकचम्पू, जीवन्धरचम्पू, रामायणचम्पू, भारतचम्पू आदि प्रसिद्ध हैं । १६ वीं शती के आरंभ से लेकर लगभग ढाई सौ वर्षों तक निरन्तर चम्पू काव्यों की रचना होती रही है । दो सौ से ऊपर चम्पू इसी काल में लिखे गये । डा० छविनाथ त्रिपाठी ने अपने शोधप्रबन्ध 'चम्पू काव्यों का आलोचनात्मक एवं ऐतिहासिक अध्ययन' में २४५ चम्पुओं का उल्लेख किया है, जिनमें ७४ चम्पू को प्रकाशित और शेष को अप्रकाशित बताया है ।

कतिपय चम्पू ग्रन्थों का परिचय

१. नलचम्पू

जैसा कि ऊपर संकेत किया जा चुका है कि सब से प्राचीन चम्पू-काव्य नलचम्पू है । इसका दूसरा नाम दमयन्तीकथा है । इसके लेखक त्रिविक्रमभट्ट हैं । कहते हैं कि त्रिविक्रमभट्ट बचपन में गण्डमूर्ख थे । इनके पिता नेमादित्य किसी राजा के यहाँ सभापण्डित थे, कार्यवश कहीं बाहर गये हुए थे । इस बीच दिग्विजय की लालसा से कोई इनके पिता का विद्वेषी विद्वान् सभा में आया और

किसी भी पण्डित से शास्त्रार्थ करने का आग्रह करने लगा। नेमादित्य को घर से बुलाने के लिए दूत भेजा गया, परन्तु नेमादित्य की अनुपस्थिति में त्रिविक्रमभट्ट को राजसभा में चलने के लिए कहा गया। त्रिविक्रम ने अपनी कुलदेवी सरस्वती से पिता की प्रतिष्ठा रखने के लिए प्रार्थना की। सरस्वती ने आशीर्वाद दिया कि जब तक तुम्हारे पिता लौटकर नहीं आते, तबतक मैं तुम्हारे मुख में निवास करूंगी। भारती के प्रसाद को पाकर त्रिविक्रम राजसभा में पधारे और प्रतिपक्षी को परास्त किया। राजा ने इनका अतिशय सम्मान किया। घर लौट आने पर इन्होंने विचारा कि जबतक भगवती की कृपा है तब तक मैं कोई ललित प्रबन्ध रच डालूं। अतएव उन्होंने 'नलचम्पू' का लिखना प्रारंभ किया। जिस दिन सप्तम उच्छ्वास समाप्त हुआ, उसी दिन उनके पिता घर लौट आये। सरस्वती उनके मुंह से निकल गईं और जहाँ तक लिखा गया था, वहीं तक यह काव्य रह गया। इस किंवदन्ती का उल्लेख नलचम्पू की विवृति नामक टीका के प्रारंभ में किया गया है।

किन्तु इस किंवदन्ती का कोई मौलिक आधार नहीं है, जिसको स्वीकार किया जा सके। क्योंकि इसको सत्य मान लेने पर जब इस अधूरे ग्रन्थ में ही त्रिविक्रम की सरस्वती लुप्त हो गई तब उन्होंने 'मदालसाचम्पू' तथा 'इन्द्रराजप्रशस्ति' ये अन्य ग्रन्थ कैसे लिखे तथा राजा इन्द्रराज के प्रमुख सभापण्डित कैसे बने रहे। अतः यह किंवदन्ती अमान्य है। तब नलचम्पू की कथा की अपूर्णता के विषय में विद्वानों की धारणा है कि त्रिविक्रम का चम्पू लिखने का उद्देश्य तो यहीं पूर्ण हो जाता है, क्योंकि गद्य-पद्य में सभंग श्लेष का जो चामत्कारिक वर्णन करना चाहिए, वह यहाँ तक पूरा हो गया है। अतएव कथा से कोई शेष प्रयोजन नहीं रह जाता है, अथवा अस्वस्थता आदि के कारण भी यदि नलचम्पू को अपूर्ण ही समाप्त करना पड़ गया हो तो असंभव नहीं है।

नलचम्पू में सात उच्छ्वास हैं और नल तथा दमयन्ती की कथा वर्णित है। प्रत्येक उच्छ्वास के अन्तिम श्लोक में 'हरचरणसरोज' शब्द है। इसमें नल के मन्त्री सालंकायन ने नल को जो उपदेश दिया है, वह कादम्बरी में चन्द्रापीड को दिये गये शुकनास के उपदेश के अनुकरण पर है। कवि ने न्याय, वैशेषिक आदि दर्शनों से भी उदाहरण लिये हैं। इसका कथानक महाभारत के

वनपर्व से लिया गया है। वनपर्व में यह कथा २७ अध्यायों में वर्णित है और नलचम्पू में इसके प्रारंभिक अध्यायों की कथा आती है। ग्रन्थ के प्रारंभ में कवि ने शिव की स्तुति के अनन्तर कवि-प्रशसा तथा खल-निन्दा और पश्चात् वाल्मीकि, व्यास, बाण तथा गुणाढ्य की कविता की प्रशंसा की है। संक्षेप में कवि-चरित भी दिया है। प्रथम उच्छ्वास में कथा का आरंभ है और शेष उच्छ्वासों में कथा का विस्तार किया गया है। नल का चरित वर्णन करने में कविवर ने अपनी नवीन कल्पना का अधिक उपयोग किया है। इसमें राजा नल द्वारा दमयन्ती के समीप जाकर इन्द्रादिलोकपालों का सन्देश पहुँचाने तक की कथा आई है। दमयन्ती का स्वयंवर, राजा नल का दमयन्ती के साथ सुखोपभोग, कलि की ईर्ष्या, पुष्कर से द्यूतक्रीडा, राज्यभङ्ग, दयन्तीपरित्याग, ऋतुपर्ण से सम्पर्क आदि मार्मिक प्रकरण इसमें वर्णित नहीं है। इसी आधार पर विद्वानों ने कल्पना की है कि नलचम्पू एक अपूर्ण काव्य है।

२. मदालसाचम्पू

त्रिविक्रमभट्ट ने एक और चम्पू-ग्रन्थ मदालसाचम्पू लिखा है। इसमें कुवलयाश्व और मदालसा की प्रेम-कथा वर्णित है। इस कथा का आधार मार्कण्डेयपुराण है। इसकी रचना उल्लासों में की गई है। 'नलचम्पू' के समान 'मदालसा' की रचना श्लेष-प्रधान नहीं है। कुवलयाश्व-चरित पातालकेतु का वध, मदालसा-परिणय, मदालसा से वियोग और उसकी पुनःप्राप्ति आदि का इसमें वर्णन किया गया है। यद्यपि इसमें उत्कृष्ट काव्य-सोष्ठव नहीं है, फिर भी कथानक की प्रणयन-चातुरी पाठक को आकृष्ट कर लेती है।

३. जीवन्धरचम्पू

एक जैन लेखक हरिचन्द्र ने जैन मुनि जीवन्धर के जीवन को लेकर जीवन्धरचम्पू लिखा है। यह ग्रन्थ ८५० ई० के लगभग गुणभद्र द्वारा लिखे गये उत्तरपुराण पर आधारित है। अतः इसका लेखक ९०० ई० के बाद हुआ होगा। उसने माघ और वाक्पति का सफलतापूर्वक अनुकरण किया है। यह निश्चयपूर्वक नहीं कहा जा सकता है कि 'धर्मशर्माभ्युदय' का लेखक और यह एक ही व्यक्ति हैं।

४. यशस्तिलकचम्पू

दसवीं शताब्दी के राष्ट्रकूट राजा कृष्ण तृतीय, जिसका दूसरा नाम कृष्णराजदेव था, के समकालीन एक जैन लेखक सोमदेव, जिन्हें सोमप्रभ सूरि भी कहा जाता है, ने यशस्तिलक चम्पू की रचना की। यह कृति पर्याप्त विस्तृत तथा जैन सिद्धान्तों की जानकारी के लिए नितान्त उपयोगी है। साथ ही संस्कृत साहित्य के इतिहास की दृष्टि से भी इस कृति का विशेष महत्त्व है, क्योंकि इसमें अनेक काव्य-रचयिताओं का भी उल्लेख है और कई ऐसी काव्य-कृतियों का भी नाम दिया गया है, जिनका आज तक कोई पता नहीं है। यशस्तिलक चम्पू के आठ उच्छ्वासों में अवन्ति नरेश यशोधर, उसकी पत्नी की कपट-धूर्तता, राजा की मृत्यु और नाना योनियों में जन्म तथा अन्ततः जैन धर्म में दीक्षा का वृत्तान्त आकर्षक ढंग से अंकित हुआ है। वस्तुतः इस चम्पू में कवि ने यही प्रतिपादित करना चाहा है कि मनुष्य जैन धर्म का पालन कर किस प्रकार अपना कल्याण कर सकता है। यशस्तिलकचम्पू की कथा भी गुणभद्र के 'उत्तर पुराण' पर आश्रित है। उसी कथा के आधार पर पुष्पदन्त ने 'जसहर चरिउ' नामक अपभ्रंश काव्य और वादिराज सूरि ने संस्कृत 'यशोधराचरित्र' नामक कृतियों की रचना भी की है। सामान्यतया सोमदेव ने बाणभट्ट की 'कादम्बरी' के आदर्श पर ही यह चम्पू लिखा है और उनके 'यशस्तिलक' में 'नलचम्पू' की भाँति श्लेष का सौन्दर्य नहीं है। सरल तथा सुरुचिपूर्ण शैली ही प्रयुक्त हुई है।

५. रामायणचम्पू

भोज ने रामायणचम्पू लिखा है। मुद्रित पुस्तक के अन्त में लेखक का नाम नहीं है, अपितु लेखक को विदर्भराज कहा गया है। भारतीय परम्परा के अनुसार मालवा में स्थित धारा का राजा इसका लेखक है। विदर्भ और मालव दो विभिन्न स्थान हैं, अतः इन दोनों स्थानों के राजा भी पृथक् व्यक्ति होंगे। अब तक जो सामग्री उपलब्ध है, उसके आधार पर भोज को विदर्भराज कहना संभव नहीं है। भोज के राज्य का समय १००५ से १०५४ ई० के बीच में है, अतः इस ग्रन्थ का समय ११ वीं शती का पूर्वार्ध होता है।

है। राजा भोज ने यह चम्पू सुन्दरकाण्ड के अन्त तक लिखा है, युद्धकाण्ड बाद में लक्ष्मण नामक किसी व्यक्ति ने लिखा है। यह चम्पू वैदर्भी रीति में लिखा गया है यह उत्कृष्ट चम्पू-ग्रन्थ है।

६. भागवतचम्पू

१०५० ई० में अभिनवकालिदास ने भागवतचम्पू लिखा है। इसमें ६ अध्यायों में भागवत की कथा है। अभिनवकालिदास नाम के कई कवि हुए हैं, अतः इस चम्पू के वास्तविक लेखक का नाम अज्ञात है।

७. उदयसुन्दरीकथा

कोंकण के राजा मुम्मुणिराज के आश्रित कवि सोड्ढल ने ११ वीं शताब्दी में उदयसुन्दरीकथा नामक चम्पू की रचना की, जिसमें बाण के हर्ष-चरित का स्पष्ट अनुकरण दीख पड़ता है। सोड्ढल गुजराती कायस्थ थे और उनका जन्म दक्षिण गुजरात के लाट देश में हुआ था। उन्होंने 'उदयसुन्दरीकथा' में प्रतिष्ठाननगर के राजा मलयवाहन के नागराज शिखण्ड तिलक की कन्या उदयसुन्दरी के साथ विवाह की कथा अंकित की है और इसमें सन्देह नहीं कि यह चम्पू अभिनव कल्पनाओं के साथ-साथ सुललित एवं सुमधुर भाषा से रिपपूर्ण है।

८. कीर्तिकौमुदी

१२४० ई० में सुरथोत्सव के लेखक सोमेश्वर देव ने चम्पू की विधा में 'कीर्तिकौमुदी' नामक ग्रन्थ लिखा। इसमें वीरधवल के मन्त्री वस्तुपाल का जीवनचरित वर्णित है।

९. गंगावंशानुचरित

वासुदेवरथ ने १४२० ई० के लगभग चम्पू रीति में 'गंगावंशानुचरित' लिखा। इसमें कलिंग पर राज्य करने वाले गंगावंश का इतिहास वर्णित है।

१०. भारतचम्पू

१५०० ई० के लगभग अनन्तभट्ट ने 'भारतचम्पू' लिखा। इसमें बारह स्तबकों में महाभारत की कथा चम्पू शैली में अंकित है।

११. वरदाम्बिकापरिणयचम्पू

१५४० ई में विजयनगर के राजा अच्युतराय की पत्नी रानी तिरुमलाम्बा ने 'वरदाम्बिका-परिणय-चम्पू' की रचना की। इसमें उन्होंने अच्युतराय एवम् वरदाम्बिका के माध्यम से स्वयं अपनी ही प्रणय-कथा लिखी है। यह चम्पू काव्य इस बात का परिचायक है कि रानी तिरुमलाम्बा का संस्कृतभाषा पर कितना विलक्षण अधिकार था और उनकी कल्पनाशक्ति कितनी उर्वर थी।

१२. आनन्दकन्दचम्पू

नीतिग्रन्थ वीरमित्रोदय के लेखक मित्रमिश्र ने १६२० ई० में श्रीकृष्ण के बाल-जीवन पर 'आनन्दकन्दचम्पू' लिखा है।

१३. भागवतचम्पू

राघवपाण्डवयादवीय के लेखक चिदम्बर ने १६०० ई० में भागवत की कथा के आधार पर भागवतचम्पू लिखा है।

१४. पारिजातहरणचम्पू

१६०० ई० में शेषकृष्ण ने पाँच अध्यायों में 'पारिजातहरणचम्पू' लिखा है। इसमें श्रीकृष्ण के द्वारा स्वर्ग से पारिजात को ले आने का वर्णन है।

१५. नीलकण्ठविजयचम्पू

१६५० ई० में नीलकण्ठ दीक्षित ने पाँच अध्यायों में 'नील-कण्ठविजयचम्पू' लिखा है। लेखक का वक्रोक्ति अलंकार पर पूर्ण अधिकार है और वह भावों की सूक्ष्मता को बहुत कुशलता के साथ प्रकाशित कर सकता है, यह उसके ग्रन्थ को देखने से ज्ञात होता है। इसमें उसने शिव के पराक्रमों का वर्णन किया है।

१६. विश्वगुणादर्शचम्पू

वेंकटाध्वरि (१६५० ई०) ने 'विश्वगुणादर्शचम्पू' लिखा है। इसमें जीवन के अच्छे और बुरे दोनों पक्षों का उल्लेख किया गया है। अपने समय में प्रचलित रीतियों और प्रथाओं की त्रुटियों का विशेष रूप से तामिल प्रदेश में प्रचलित रीतियों की त्रुटियों का उन्होंने बहुत सुन्दर ढंग से प्रतिपादन किया है।

उनके आक्रमण के विषय पुरोहित, संगीतज्ञ, ज्योतिषी, वैद्य तथा अन्य व्यवसायों के करने वाले व्यक्ति हैं। उन्होंने अनुप्रास पर अपने पूर्ण अधिकार का समुचित प्रदर्शन किया है।

१७. वरदाभ्युदयचम्पू

'वरदाभ्युदयचम्पू के लेखक भी वेंकटाध्वरि ही हैं। इसका दूसरा नाम हस्तगिरिचम्पू है। इसमें काञ्ची-स्थित देवता का महत्त्व वर्णन किया गया है।

१८. उत्तरचम्पू

'उत्तरचम्पू' भी वेंकटाध्वरि का ही लिखा हुआ है। इसमें रामायण के उत्तरकाण्ड की कथा वर्णित है।

१९. श्रीनिवासचम्पू

इस चम्पू को भी वेंकटाध्वरि ने ही लिखा है। इसमें दस अध्यायों में तिरुपति के समीप तिरुमलाइ में विद्यमान देवता की प्रशस्ति वर्णित है। वेंकटाध्वरि के उक्त चारों चम्पू ग्रन्थों में से विश्वगुणादर्श तामिल प्रदेश में बहुत अधिक प्रचलित है।

२०. चित्रचम्पू

अठारहवीं शताब्दी में वाणेश्वर विद्यालंकार ने 'चित्रचम्पू' लिखा है। यह अर्ध-ऐतिहासिक काव्य है। इसमें बर्दवान के राजा चित्रसेन के जीवन का वर्णन है, जिनका स्वर्गवास १७४४ ई० में हुआ था। यह ग्रन्थ वैष्णव भावनाओं और तत्त्वों का प्रदर्शक होने के कारण भी अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है।

इन चम्पुओं के अतिरिक्त भी बहुत-से चम्पू-ग्रन्थ प्रकाशित तथा अप्रकाशित रूप में विद्यमान हैं। इससे संस्कृत-साहित्य में चम्पूकाव्यों की एक समृद्ध परम्परा का पता चलता है।

नलचम्पूकार त्रिविक्रमभट्ट

त्रिविक्रमभट्ट ने 'नलचम्पू' में स्वयं अपना परिचय दिया है और इस प्रकार वह शाण्डिल्यगोत्रीय ब्राह्मण थे तथा उनके पिता का नाम नेमादित्य था। यद्यपि

नलचम्पू के कुछ संस्करणों में देवादित्य नाम मिलता है, किन्तु त्रिविक्रम ने इन्द्रराज के नोसारी शिलालेख में अपने को नेमादित्य का पुत्र बतलाया है—

श्रीत्रिविक्रमभट्टेन नेमादित्यस्य सूनुना ।
कृता शस्ता प्रशस्तेयमिन्द्रराजाङ्घ्रिसेविना ।।

त्रिविक्रमभट्ट का समय अन्तरंग तथा बहिरंग प्रमाणों के आधार पर निश्चित किया जा सकता है। नलचम्पू के प्रथम उच्छ्वास में त्रिविक्रम ने बाणभट्ट (७ वीं शताब्दी ई०) का नाम निर्देश किया है—

शश्वद्बाणद्वितीयेन नमदाकारधारिणा ।
धनुषेव गुणाढ्येन निः शेषो रञ्जितो जनः ।। (१,१४)

इससे सिद्ध है कि नलचम्पू की रचना बाणभट्ट के पीछे की गई थी। भोजराज (११ वीं शताब्दी ई०) ने अपने सरस्वती कण्ठाभरण में नलचम्पू का निम्नलिखित पद्य उद्धृत किया है—

पर्वतभेदि पवित्रं जैत्रं नरकस्य बहुमतं गहनम् ।
हरिमिव हरिमिव हरिमिव वहति पयः पश्यत पयोष्णी ।। (६, ६६)

अतएव त्रिविक्रमभट्ट का समय सप्तम तथा एकादश शताब्दी के मध्य में होना चाहिए। फिर यह समय कौन-सा होगा, इस विषय में हमें एक निर्णायक प्रमाण उपलब्ध होता है। हैदराबाद के अन्तर्गत मान्यखेट के राजा जयतुंग द्वितीय के पुत्र इन्द्रराज तृतीय का राज्याभिषेक ९१५ ई० में करण्डक नगर में हुआ था, जहाँ अभिषेक के अनन्तर उनकी ओर से सुवर्णतुलादान तथा अनेक ग्रामों का दान किया गया था। इस तथ्य का सूचक एक ताम्रपत्र नवसारी ग्राम में प्राप्त हुआ है, जिसके एक श्लोक में उसके रचयिता का नाम नेमादित्य का पुत्र त्रिविक्रमभट्ट अंकित है (देखिए ऊपर का श्लोक)। पितृनाम-साम्य से स्पष्ट है कि यह ताम्रपत्र नलचम्पू के प्रणेता त्रिविक्रम का ही लिखा हुआ है, अतः त्रिविक्रम का समय दसवीं शती का पूर्वार्ध निश्चित रूप से सिद्ध होता है।

त्रिविक्रमभट्ट का दूसरा नाम 'यमुनात्रिविक्रम' था। क्योंकि जैसे कालिदास, भारवि एवं माघ के श्लोक-विशेषों पर मुग्ध होकर विद्वानों ने उन्हें क्रमशः

दीपशिखा कवि, आतपत्र कवि एवं घंटा कवि नाम से कहना प्रारंभ किया उसी तरह त्रिविक्रमभट्ट के एक पद्य के रमणीय भाव पर मुग्ध होकर सहृदय जनों ने इन्हें यह नाम प्रदान किया था। यह पद्य नलचम्पू के छष्ठ उच्छ्वास के प्रारंभ में पाया जाता है—

उदयगिरिसुतायां प्राक् प्रभापाण्डुताया-
मनुसरति निशीथे शृङ्गमस्ताचलस्य ।
जयति किमपि तेजः साम्प्रतं व्योममध्ये
सलिलमिव विभिन्नं जाह्नवं यामुनं च ॥

भाव यह है कि उदयाचल पर प्राची प्रभा का प्रकाश तथा अस्ताचल के शिखर पर अन्धकार व्याप्त हो जाने पर आकाश के बीचो-बीच प्रकाश-अंधकार का ऐसा मिश्रण हो हो रहा है मानों गंगा-यमुना का संगम हो रहा हो। कैसी अनोखी कल्पना है यह! आकाशगंगा की पंक्ति में यमुना की अवतारणा त्रिविक्रम की प्रतिभा ही कर सकी।

त्रिविक्रमभट्ट की रचनायें

यों तो त्रिविक्रमभट्ट की दो ही रचनायें हैं—एक 'नलचम्पू' और दूसरी 'मदालसाचम्पू', जिनका परिचय पहले दिया जा चुका है; किन्तु इनके अतिरिक्त भी उनकी रचना कही जाती है—इन्द्रराजप्रशस्ति। यह कोई ग्रन्थ नहीं है प्रत्युत अपने आश्रयदाता वेंकटाधीश इन्द्रराज तृतीय के राज्याभिषेक तथा उसके बाद उनके किये हुए दान आदि की प्रशस्तियां हैं, जो ताम्रपत्रों के रूप में प्राप्त हुई हैं। इन प्रशस्तियों में रचयिता के रूप में त्रिविक्रमभट्ट का नाम अंकित है और इनकी रचना भी गद्य-पद्यमय, श्लेषप्रचुर तथा काव्यगुणों से ओत-प्रोत है। उदाहरणार्थ एक पद्य यहाँ उद्धृत किया जा रहा है—

कृतगोवर्धनोद्धारं हेलोन्मूलितमेरुणा ।
उपेन्द्रमिन्द्रराजेन जित्वा येन न विस्मितम् ॥

इसमें इन्द्रराज तृतीय द्वारा मेरुनगर (कन्नौज) के राजा पर की गई विजय का वर्णन है। एक अर्थ कृष्ण तथा इन्द्र के पक्ष में लगता है, दूसरा अर्थ मेरुनगर के राजा तथा इन्द्रराज के पक्ष में।

नलचम्पू का कथासार

प्रथम उच्छ्वास—इस अवनीतल पर आर्यावर्त नाम का एक देश है। इसमें एक निषध नामक विख्यात जनपद है, जहाँ उत्तम पुरुषों द्वारा निवास करने योग्य निषधा नाम की एक नगरी है। उस नगरी में वीरसेन का पुत्र, शत्रुओं का संहारक, युद्धकुशल, प्रतापी, नीतिज्ञ, प्रजानुरञ्जक, पुण्यात्मा और परोपकारपरायण राजा नल राज्य करता है।

उसका महामन्त्री सालंकायन-सुत श्रुतिशील है, जो समस्त विद्याओं का आधार-स्तम्भ, नल का द्वितीय प्राण है। उसके मन्त्री पद पर रहने से नल को राज्य-व्यवस्था की चिन्ता बहुत कम करनी पड़ती है अतः विहार, आखेट, विनोद-गोष्ठी आदि में ही उसका अधिकांश समय व्यतीत होता है।

एक समय मेघों से जल बरसाकर सारे विश्व को आप्लुत करती हुई वर्षा ऋतु आती है। मानो सम्पूर्ण जगत् में जिसके गुण गाये जा रहे हैं और अनुपम रूपराशि से जो सम्पन्न है उस राजा नल का दर्शन करने आयी हो। इसी वर्षाकाल में आखेट-वन का रक्षक यह सूचना देता है कि उनके विहार-वन में एक भयंकर जंगली सूकर आ गया है। उसके दांत बड़े चमकीले हैं। काला तो वह इतना है कि अञ्जन या जल राशि से मेदुर मेघ की भ्रान्ति उत्पन्न कर देता है। अपनी मस्ती में किसी की चिन्ता नहीं करता। लीला-सरोवर को मथकर अस्त-व्यस्त कर दिया है। यह सुनकर राजा सोचने लगता है—इस वर्षाकाल में चारों ओर हरियाली छा जाती है, मोर नाचने लगते हैं। जला-शयों का जल दूध की तरह प्राञ्जल हो गया है। केतकी की सुगंध से भरा वायु बहने लगता है, जिससे सूकर उन्मत्त हो जाते हैं। अतः शिकार करने के लिए यह उपयुक्त समय है। ऐसा सोचकर वह बाहुक नामक सेनापति को बुलाकर आदेश देता है कि शीघ्र आखेट के लिए प्रस्थान की तैयारी करो।

राजा की आज्ञा से बाहुक शिकार की सारी सामग्री प्रस्तुत कर देता है। नल एक उत्तम घोड़े पर सवार होकर यमदूतों जैसे शिकारियों के साथ वहाँ जा पहुँचता है। वन में घुसते ही व्याधों ने सारी वनस्थली को व्यथित कर दिया है। हाथियों का दल चिग्घारने लगा है। मृगों का दल व्याधसैन्य के क्रूर

कोलाहल से ही निष्प्राण होने लगा है । बाणों के आघात से घूर्णित भैंसे धरती पर धड़ाधड़ लोटने लगे हैं। अपने वेग से अश्वों को भी नीचा दिखा देने वाले हरिण लंबी छलांगें भरते हुए मानों आकाश में ही तैर रहे हैं। इसी बीच एक जलाशय की दलदल भूमि में, दावानल से जले हुए पहाड़ की तरह वह उत्पाती सूकर दिखाई पड़ता है, जिसके रोंगटे खड़े हो गये हैं, जो राजा के घोड़ों को घूरती नजर से देख रहा है, थुथने फुलाकर घर्घर ध्वनि कर रहा है और गुच्छाकार पूंछ को ऊपर उठाये हुए है ।

उसे देखते ही राजा सावधान हो जाता है और विविध पंखों से युक्त बाणों की वर्षा उस सूकर पर वैसे ही करने लगता है जैसे वीरशिरोमणि राम राक्षसाधिप रावण पर करते थे । उन दोनों में ऐसा भयंकर युद्ध ठन जाता है, जिससे मानो पृथ्वी कांपने लगती है, पर्वत हिल उठते हैं और क्षण भर के लिए मध्याह्न का सूर्य ठिठक जाता है । दर्शकों को यह निर्णय करना कठिन हो जाता है कि फुर्ती से बाण बरसाने वाला राजा प्रशंसनीय है या उछल-उछल कर बगल काटने वाला घोड़ा अथवा राजा और घोड़े से अपने को बचाकर निकल ले जाने वाला सूकर । चिरकाल तक युद्ध में पराक्रम प्रदर्शन के बाद उस शूकरराज पर नरराज नल की विजय होती है ।

विजय के उपरान्त थका हुआ राजा एक सालवृक्ष के नीचे बैठकर आराम करने लगता है। शीतल-मन्द-सुगन्ध वायु उसे आनन्द देता है । इसी बीच वहाँ एक विचित्र वेष वाला पथिक कहीं से आता है और राजा को देखकर आश्चर्य से सोचने लगता है कि लक्षणों एवं तेजस्विता से ऐसा प्रतीत होता है कि यह कोई महापुरुष है, जो समुद्र पर्यन्त पृथ्वी का शासक हो सकता है । ऐसा सोचकर वह आगे बढ़कर कहता है--'कामविजयिन् ! आपका मंगल हो' । राजा भी आश्चर्य से गर्दन उठाकर उसका स्वागत करते हुए कहता है--'हे तीर्थयात्री ! कहो, कहाँ से आ रहे हो ? कहाँ जाओगे ? कुछ सुस्ता लो, उसके बाद कोई अपूर्व घटना सुनाओ । क्योंकि देश-विदेश में घूमने वाले लोग कई तरह के आश्चर्यजनक दृश्य देखते हैं ।

पथिक भी राजा की जिज्ञासा को सम्मानित करता हुआ कहता है--'दक्षिण दिशा में एक विदर्भ नामका देश है, जहाँ के प्रदेश प्रत्येक प्राणी को उत्कण्ठित

कये रहता है । वहाँ की प्राकृतिक सुषमा स्वर्गीय आनन्द देती है । वह देश सुन्दर एवं रसिक स्त्रियों की तो निधि ही है । वहाँ मैं गन्धमादन पर्वत पर स्थित भगवान् कार्तिकेय के दर्शन के लिए गया था । वहाँसे लौटते समय मार्ग में थककर एक वटवृक्ष के नीचे ठहरा । इतने में ही एक अत्यन्त सुन्दरी राजकुमारी अपनी प्रौढ़ सखियों सहित वहाँ आयी । मैं उसके सौन्दर्य से विमूढ होकर सोचने लगा कि यह साक्षात् लक्ष्मी या पार्वती ही तो नहीं है । उसके लावण्य का वर्णन वही कर सकता है, जिसके मुख में शेषनाग की भाँति दो हजार जिह्वायें हों ।

उसी समय वहाँ एक उत्तरवासी पथिक आया जो दक्षिण दिशा को जा रहा था । जैसे आपने मुझसे कोई अपूर्व कथा सुनाने को कहा है ऐसे ही उस राजकुमारी ने भी उस पथिक से कोई अद्भुत वार्ता सुनाने का आग्रह किया । मैंने उन दोनों के वार्तालाप का अन्तिम अंश सुना जो इस प्रकार था—

'वे आँखें धन्य हैं जो उस काम-विजयी राजा के मुख-मण्डल को देखकर तृप्त होती हैं । तुम काममञ्जरी हो और वह युवक उसका आस्वादक भ्रमर है । यदि विधाता तुम दोनों का समागम करा देता तो उसका विचित्र-रचना-संकल्प पूरा हो जाता ।'

मैं नहीं जानता कि वह भाग्यशाली युवक कौन है जिसकी उसने ऐसी प्रशंसा की । पर उसके विषय में सुनने मात्र से राजकुमारी को रोमाञ्च हो आया । आश्चर्य के मारे मैं भी किंकर्तव्यविमूढ हो गया । इसीलिए मैं उसके विषय में यह भी नहीं पूछ सका कि वह कौन है, कहाँ से आयी है और कहाँ जा रही है । अब मैं यही सोचता हूँ कि उस विश्वसुन्दरी राजकुमारी को देखकर मेरी उस दिशा की यात्रा सफल रही । आज भी आप जैसे अतिमानवसौन्दर्य की मूर्ति को देखकर मैं कृतकृत्य हो गया, देश-भ्रमण का प्रयास सफल हो गया । अब मुझे अपने देश जाने की आज्ञा दीजिए ।"

पथिक की बातें सुनकर राजा सोचने लगता है—'विदर्भदेश निश्चय ही स्त्री-रत्नों की खान है और पथिक भी यथार्थवक्ता है । किन्तु आश्चर्य तो यह है कि मैंने उस राजकुमारी को कभी आँख से नहीं देखा, उसके वंशादि का मुझे

पता नहीं, फिर भी चुम्बक की तरह उसकी लावण्य-कीर्ति मुझे खींचती चली जा रही है। मन धैर्य-द्वार को तोड़कर उसकी ओर भागा जा रहा है।

इस तरह सोचता हुआ राजा उस पथिक को अपने आभूषण देकर विदा करता है और स्वयं भी शिकारियों के दल के साथ राजधानी को लौट आता है। पर उस दिन से उसके मन की उदासी बढ़ जाती है और उसके वर्षाकालीन दिन उत्कण्ठा के कारण पथिकों से उस राजकुमारी के बारे में पूछताछ करने में ही बीतते हैं।

द्वितीय उच्छ्वास—वर्षा ऋतु का समय समाप्त हो रहा है। शरद् के आगमन के उपलक्ष्य में भ्रमरों एवं हंसों ने स्वागत-गान शुरू कर दिया है। राजा नल समीप के ही एक वन में विहार कर रहा है। किन्नर-मिथुन द्वारा गाये जाते हुए शृंगारोद्दीपक गीतों को सुनकर नल की उत्कण्ठा और भी बढ़ रही है। इस बीच कुछ वनपालिकायें आती हैं और वन के विविध दृश्यों को दिखाती हुई सभी पदार्थों का वर्णन श्लिष्ट शब्दों में करती हैं। उनकी उक्तिवक्रता पर वह बहुत सन्तुष्ट होता है और अंगों के आभूषणों को देकर उन्हें विदा करता है।

तदनन्तर वह सर्वर्तुनिवास नामक अतिरमणीय वन में घूमने लगता है। उसी समय वहाँ अचानक श्वेतकमल सदृश धवल पंखों वाले राजहंसों की मंडली आकाश से उतरती है। राजा विस्मय-स्तिमित नेत्रों से उसे देखता ही रहता है। हंसगण कमल-नालों को खाना, इधर-उधर उड़ना और विचरना प्रारंभ कर देते हैं। कौतुकवश राजा उन्हें पकड़ने का यत्न करता है और अन्ततः एक को पकड़ ही लेता है। हाथों में आते ही वह चाँदी की झाँझ की तरह मधुर ध्वनि में अत्यन्त स्पष्ट उच्चारणपूर्वक राजा को आशीर्वाद देता है।

हंस की निर्भीकता, आश्चर्यजनक रूप, वाङ्माधुरी, प्रज्ञा, अर्थ की उदारता, स्पष्ट वर्ण-व्यक्ति आदि देखकर राजा सोचने लगता है कि निश्चय ही यह पक्षी के वेष में कोई देवता है। अतएव राजा बड़े स्नेह के साथ हंस का स्वागत करता है। उत्तर में हंस कहता है कि मैं आपके दर्शन से ही तृप्त हूँ। इसी बीच अपने सहचर को पकड़ा गया देखकर हंस-वधू आँसू गिराती हुई राजा

के सम्मुख आती है और श्लेष भरी वाणी में बहुत तरह की उलाहनायें सुनाती हैं। नल भी श्लिष्ट उक्तियों में ही उसका उत्तर देता है। तब हंस नल से कहता है--'आप व्यंग्य वचनों से मेरी प्रिया को कुपित न करें'। अभी इन तीनों का वाग्विनोद चल ही रहा है कि तब तक आकाशवाणी होती है-- 'राजन्! इस हंस को छोड़ दो। यही दमयन्ती को तुम्हारी ओर आकृष्ट करने में सहायक होगा।'

दमयन्ती नाम सुनते ही राजा को रोमांच हो आता है। 'यह दमयन्ती कौन है, यह आश्चर्यजनक पक्षी कौन है और यह आकाशवाणी कैसी है, यह सब विस्तार से जानना चाहिए' यह सोचता हुआ एक छायादार लतामण्डप में बैठकर हंस से पूछता है--'कल्याणमित्र! यह दमयन्ती कौन है?' हंस कहता है--

'दक्षिण देश में कुण्डिन नाम का एक नगर है। वहाँ के राजा भीम हैं। उनकी रानी प्रियंगुमंजरी है। इनके कोई सन्तान नहीं थी। एक दिन वन-विहार करते समय एक बन्दरी के बच्चे को देखकर इन दम्पती को अपनी सन्तानहीनता के कारण बड़ा दुःख हुआ। रानी प्रियङ्गुमञ्जरी तथा महाराज भीम अभी विचार ही कर रहे थे कि सन्ध्याकाल आ गया। अन्त में भीम ने पत्नी को यह युक्ति बताई कि वह कामवर्षी भगवान् शंकर की आराधना करे। पति की आज्ञा से रानी आशुतोष की आराधना में संलग्न हो गई।

तृतीय उच्छ्वास--एक रात सुखपूर्वक सोयी हुई प्रियंगुमंजरी ने रात्रि के अन्तिम भाग में स्वप्न देखा--'भगवान् शंकर चन्द्रमण्डल से उतरकर कह रहे हैं कि--हे पुत्री! यह पारिजात की मंजरी ले लो। प्रातःकाल मेरी आज्ञा से दमनक मुनि आकर तुम पर अनुग्रह करेंगे। यह कह कर वे मंजरी दे देते हैं। वह भी प्रसाद रूप में उसे ग्रहण करती है। प्रातः काल रानी ने भगवान् भुवन-भास्कर को नमस्कार करके स्तुति की। इधर महाराज भीम भी प्रातःकालिक कृत्य करके रानी से मिलने के लिए अन्तःपुर पहुँचे। उन्होंने रानी की प्रसन्न मुख-मुद्रा देखकर जान लिया कि भगवान् शिव ने अनुग्रह किया है। रानी ने अपने स्वप्न का वृत्तान्त राजा से कह दिया। तब राजा ने भी कहा कि मैंने भी आज गत रात स्वप्न में गणेश, कार्तिकेय तथा पार्वती सहित भगवान् शंकर को

देखा है। अतएव पुरोहित जी हम दोनों के स्वप्नों का फल बतायेंगे। उस समय वहाँ उपस्थित पुरोहित बोला—'महाराज ! अवश्य ही आप लोग संसार को अपने यश से व्याप्त करने वाली सन्तान प्राप्त करेंगे।'

इसी बीच सूर्य-मण्डल से एक महामहिम मुनि उतरे उनका दमनक नाम था। राजा ने उनकी अगवानी करके प्रणाम किया और उच्च स्वर्णासन पर बैठाया। तब मुनि बोले—'हम भगवान् चन्द्रमौलि के आदेश से आपको यह सूचित करने आये हैं कि आपको एक लोकोत्तर कन्यारत्न की प्राप्ति होगी। जब रानी ने यह सुना तो वह दुःखी हुई, क्योंकि वह पुत्र चाहती थी कन्या नहीं। अतः वह बोली—'भगवन् ! मुझे कन्यारत्न का वरदान नहीं चाहिए।' इस पर मुनि ने कहा—'हे चन्द्रमुखी ! भगवान् सदाशिव ही सब प्राणियों के शुभाशुभ को देखकर तुलाधर के समान तोल-तोल कर फल देते हैं। मैं क्या कर सकता हूँ।' तब रानी ने मुनि से क्षमा माँगी और उन्हें आभूषण, वस्त्र, माला आदि देने लगी। पर मुनि ने किसी भी वस्तु को स्वीकार नहीं किया और यह कहते हुए आकाश में उड़ गए कि ये वस्तुएँ आप ही लोगों को शोभा देती है, हमें नहीं।

कालक्रम से रानी गर्भवती हुई और उसने एक कन्यारत्न को जन्म दिया। राजा ने दमनक मुनि द्वारा दिये गये वरदान का स्मरण करके उस कन्या का नाम दमयन्ती रखा। वह शनैः शनैः माता-पिता को आनन्द देती हुई बढ़ने लगी। शीघ्र ही कन्याजनोचित गीतवाद्यादि कला एवं कुलाचार आदि में निपुण हो गई। अब उसका शरीर अभिनवयौवनलावण्य से विभूषित हो गया है। वह इतनी हृदयावर्जक हो गई है कि जिस युवक की दृष्टि उस पर पड़ जाती है, वह अपलक नेत्रों से उसे निहारता ही रह जाता है।' इतना कहकर हंस चुप हो जाता है।

चतुर्थ उच्छ्वास—इस वृत्तान्त को सुनकर विषयासक्त हुआ राजा मन में सोचता है कि मैंने पथिक के मुख से जिस सुन्दरी के विषय में सुना था, वह अवश्य ही यही कन्या है। फिर वह हँसकर हंस से कहता है कि हे सुमधुरभाषी महात्मा ! जो कुछ सुनने योग्य था, वह मैं सुन चुका। अब तुम स्वेच्छानुसार अपनी क्रीडा की वापी या उसके आस-पास की भूमि में विहार करो। तत्पश्चात् राजा राज-

भवन की ओर चला जाता है। वह हंस बहुत समय तक उस सरोवर की लहरों पर क्रीडा करके राजहंसों के झुंड के साथ ही आकाश में उड़ जाता है।

शीघ्र ही सब हंस विदर्भ देश के अलंकारभूत कुण्डिनपुर पहुँच कर राज-भवन के पास कन्यान्तः पुर के क्रीडोद्यान-सरोवर में उतर पड़ते हैं। उनको देखकर उत्कण्ठा से दमयन्ती शीघ्र ही वहाँ जाकर उसी हंस को पकड़ लेती है, जिसको नल ने पकड़ा था। उसके हाथों में आकर हंस दमयन्ती को आशी-र्वाद देता है कि दीर्घलोचन वाले नल को तुम पति के रूप में प्राप्त करो। उस हंस की इस प्रकार की सुसंस्कृत वाणी सुनकर दमयन्ती विचार करती है कि यह नल अवश्य ही वही है, जिसके विषय में गौरी-महोत्सव में जाते समय एक पथिक ने वर्णन किया था। तदनन्तर दमयन्ती उस हंस से उस नल के विषय में पूछती है। हंस कहना प्रारंभ करता है--

'नल निषध देश का राजा है। उसके पिता का नाम वीरसेन तथा माता का नाम रूपवती है। नल बाल्यकाल से ही कुशाग्रबुद्धि हैं। जब से वे समस्त विद्याओं में पारंगत होकर तरुण हो गये हैं तब से उनकी मुखकान्ति चन्द्रमा से स्पर्धा करने लगी है। उनका सौन्दर्य नयनाभिराम हो गया है। श्रुतशील नाम का एक ब्राह्मण उनका मन्त्री और मित्र है। उसके पिता सालंकायन महाराज वीरसेन के प्रधान मंत्री थे। एक दिन राजसभा में वीरसेन और सालंकायन दोनों उपस्थित थे। नल ने पिता को प्रणाम किया, सालंकायन को नहीं। इससे सालंकायन को दुःख एवं क्रोध हुआ। उन्होंने नल को युवराजोचित उपदेश दिया। वीरसेन ने भी सालंकायन की बातों का समर्थन किया। अनन्तर वीरसेन ने वन में जाकर तपस्या करने की इच्छा प्रकट की। ज्योतिषियों ने बताया कि उसी दिन राज्याभिषेक का शुभ मुहूर्त है। उसी समय आकाश से कुछ मुनिगण उतरे, जिनके हाथों में समस्त तीर्थों के जल तथा अभिषेक की सामग्री थी। खूब धूमधाम से राज्याभिषेक हुआ। सपत्नीक वीरसेन वन में चले गये। सालंकायन भी अपने पुत्र श्रुतशील को नल का मंत्री बनाकर स्वयं वीरसेन का अनुयायी बना। नल पितृवियोग से दुःखी रहने लगे। किन्तु परि-जनों द्वारा मन-बहलाव किये जाते हुए वे कालयापन कर रहे हैं'।

पञ्चम उच्छ्वास--यह सुनकर दमयन्ती की एक परिहासशीला सखी उस राजहंस से कहती है कि हे महानुभाव ! जिस प्रकार यह बाला तुम्हारे द्वारा ऐसे प्रेम भरे वाक्यों से उस राजा पर मोहित कराई गई है उसी प्रकार तुम उस राजा को भी इस सखी के प्रति आसक्त करो। कभी एक हाथ से ताली नहीं बजती, दोनों को ही एक दूसरे पर आसक्त होना आवश्यक है। दमयन्ती ने भी उस हंस से यह कहकर कि तुम पुनः यहाँ पर आना, अपने गले की मोतियों की माला उस हंस की ग्रीवा में डाल देती है। तत्पश्चात् वे राजहंस उस तालाब में विहार करके पर्वत, वन, ग्राम, नगर आदि का अतिक्रमण करते हुए निषधा नगरी की वाटिका में जाकर वहाँ स्वच्छन्दता पूर्वक विहार करने लगते हैं। नल की वनपालिका दासी उसी हंस को पकड़कर राजा के पास ले जाती है। वह हंस राजा नल से दमयन्ती के अवलोकन से आरंभ करके हार दिये जाने तक का समस्त विवरण कहता है और वह मोतियों की माला राजा को समर्पित कर देता है। राजा प्रेमपूर्वक उस माला को गले में पहन लेता है। तदुपरान्त वह राजा अपने अन्य समस्त कार्यों से विश्वस्त होकर उस हंस के साथ दमयन्ती से सम्बन्धित बातों एवं विनोद में ही अनेक दिन बिता देता है। एक दिन हंस राजा से विदा लेकर चला जाता है। उसके चले जाने पर नल दमयन्ती के प्रति और भी अधिक उत्कण्ठित हो उठता है।

उधर दमयन्ती की यौवनावस्था देखकर महाराज भीम स्वयंवर का आयोजन करते हैं, जिसमें सकल भूपालों को आमन्त्रित किया जाता है। जो वृद्ध ब्राह्मण दूत बनकर उत्तर की ओर जाने वाला है उससे श्लिष्ट वाणी में दमयन्ती नल को अवश्य लाने को कहती है। जब वृद्ध ब्राह्मण निषधा नगरी से लौट-कर आता है तो वह दमयन्ती से बताता है कि नल भी तुम्हारे प्रति अत्यधिक उत्कण्ठित हो रहे हैं।

निमन्त्रण पाकर नल भी अपने दल-बल के साथ कुण्डिनपुर के लिए प्रस्थान कर देता है। मार्ग में पर्वतों, नदियों, नगरों आदि को पार करता हुआ वह विन्ध्याचल पहुँचता है। वहाँ एक दिन विश्राम करके नर्मदा के किनारे वह अपने दल-बल का डेरा डालता है। उस समय सुन्दर वेष-भूषा धारण करके आकाश-मार्ग से इन्द्र आदि देवों का आगमन सूचित होता है। जब देवगण

राजा के पास पहुँचते है और राजा उनसे आगमन का कारण पूछता है तो इन्द्र कुबेर की ओर ताकने लगते हैं। कुबेर नल से कहते हैं कि नारद जी से दमयन्ती के स्वयंवर का समाचार प्राप्त करके हम लोग भी कुण्डिनपुर के प्रति जा रहे हैं। किन्तु अपने मुँह से किसी से कुछ माँगने में हिचकिचाहट हो रही है। अतः हम चाहते हैं कि तुम हमारे दूत बनो। यह सुनकर नल बड़े धर्म-संकट में पड़ जाता है, किन्तु अन्त में वह देवों का दूत होना स्वीकार कर लेता है।

षष्ठ उच्छ्वास--इसी बीच धीरे-धीरे एक के बाद एक मार्ग मापते हुए राजा नल को एक जगह किसी व्यक्ति का गाना सुनाई पड़ता है। ज्यों ही राजा उसके सम्मुख होता है त्योंही वह बड़े मनोहर शब्दों में राजा की स्तुति करना प्रारंभ कर देता है। राजा अपने अंगों के आभूषण देकर उसका सत्कार करता है और सामने बहती हुई नदी का तथा उसका अपना परिचय पूछता है। वह बताता है कि इस नदी का नाम तापी है और मेरा नाम पुष्कराक्ष है। मैं सन्देश-वाहक हूँ। आपकी प्रेयसी दमयन्ती ने मुझे आपका समाचार जानने के लिए भेजा है। कल आपकी उसके भेजे हुए किन्नरमिथुन से भी भेंट होगी। उसने अपने करकिसलय से भोजपत्र पर आपको यही पत्र लिखा है। नल उत्सुकता से उसे खोलकर पढ़ने लगता है। उसमें लिखा था कि 'हे नल ! नल होते हुए भी तुम मुझे अनल के समान क्यों सन्तप्त कर रहे हो ? मैं उस दिन की प्रतीक्षा में हूँ, जब कुण्डिनपुर की भूमियाँ तुम्हारे चरणों से विभूषित होंगी'। तब राजा नल उस पुष्कर के साथ दमयन्ती के सम्बन्ध में बातें करता हुआ चिरकाल तक वहीं ठहर जाता है।

इसी बीच एक स्थान पर किन्नर-मिथुर का परस्परालाप राजा के कानों में पड़ता है। निकट पहुँचने पर पुष्कराक्ष परिचय देता है कि यह सुन्दरक नाम का किन्नर और यह विहंगवागुरिका नाम की किन्नरी है। सुन्दरक राजा को प्रणाम करके दमयन्ती द्वारा प्रदत्त अंगूठी, रेशमीवस्त्र का जोड़ा तथा मनोहर मणिकर्णपूर उपहार देता है। राजा दमयन्ती की भेंट स्वीकार करके अपने शिविर में आकर किन्नर-किन्नरी के विद्या-विनोदों एवं अद्‌भुत गीतियों से मनो-रंजन करता हुआ दमयन्तीविषयक वार्तालाप में ही रात्रि व्यतीत कर देता है।

प्रातः काल पुष्कराक्ष और किन्नर-मिथुन के साथ सदलबल राजा की यात्रा पुनः प्रारंभ हो जाती है। पुष्कराक्ष वन-प्रदेशों की रमणीय शोभा का वर्णन करता चलता है। अन्त में जब सब विदर्भ देश पहुंच जाते हैं तब पुष्कराक्ष राजा से कहता है कि आप यहीं विदर्भा तथा वरदा के संगमतट पर सेना-निवेश करायें। यह सुन राजा वहीं पर अपने दल बल के साथ डेरा डाल देता है।

सप्तम उच्छ्वास—नल के आगमन का समाचार सुनकर कुण्डिनपुर के नागरिक और नगरवधूजन राजा के सत्कारार्थ पुष्प-फल आदि लेकर आते हैं और स्वयं विदर्भ-नरेश भीम भी आकर राजा नल का यथोचित सम्मान करते हैं। इसी बीच दमयन्ती द्वारा प्रेषित कुब्जिका और वामनिका विविध उपहार लेकर नल के पास पहुँचती हैं। नल उनसे दमयन्ती का उपहार लेकर, उसका कहलाया सन्देश सुनकर तथा दमयन्ती विषयक तरह-तरह की बातें करके बहुत प्रसन्न होता है। जब वे लौट जाती हैं तब राजा पर्वत नामक एक वामन पुरुष को पुष्कर और किन्नर-मिथुन के साथ दमयन्ती के पास भेजता है।

जब राजा मध्याह्नकृत्य सम्पन्न करके भोजन-कक्ष में जाता है तो उसे बाहर बड़ा कोलाहल सुनाई पड़ता है। प्रतीहारी से पूछने पर पता चलता है कि दमयन्ती की ओर से सैनिकों को उत्तमोत्तम भोजन कराया जा रहा है, नल के लिए दमयन्ती ने अपने हाथ से स्वादिष्ठ भोजन बनाकर भेजा है। प्रिया के हाथ का बनाया हुआ भोजन नल बहुत चाव से खाता है तथा उसकी पाक-कला की भूरि-भूरि प्रशंसा करता है। भोजनोपरान्त थोड़ी देर विश्राम करने पर देखता है कि पर्वतक, जिसे कुछ देर पूर्व नल ने दमयन्ती के पास भेजा था, खूब सजा-धजा हुआ और अलंकार धारण किये हुए लौटा है। वह नल से कहता है—'हे स्वामी ! यहां से जाकर-राजप्रासाद में कुब्जिका और वामन कन्याओं ने सौभाग्य की देवी तथा सौन्दर्य की खान दमयन्ती से कहा कि हे देवी ! इन्द्र आदि लोकपाल तुमको चाहते हैं और उन लोकपालों के कहने से राजा नल यहाँ पर देवताओं का दूत-कार्य सम्पादन हेतु आये हैं। इस बात को सुनकर दमयन्ती बहुत चिन्तित हो उठी हैं।'

राजा नल भी यह समाचार पाकर सोचने लगा कि एक ओर तो मैं दुर्निवार मन्मथ के शरों से आहत हूँ और दूसरी ओर इन्द्र की आज्ञा है। अब यहाँ क्या करना चाहिए। लोकपालों की आज्ञा तो अवश्य ही पालनीय है। ऐसा विचार कर नल अकेला ही राजा भीम के भवन में जाकर वहाँ इन्द्र द्वारा प्रदत्त वरदान के प्रताप से कन्याओं के अन्तःपुर में प्रवेश करता है। प्रवेश करने पर दमयन्ती के भवन के पीछे वह खड़ा हो जाता है और वहाँ सखियों के गीतों से प्रमुदित की जाती हुई दमयन्ती का अवलोकन करता है।

इस प्रकार प्रविष्ट हुए राजा नल को देखकर दमयन्ती अत्यन्त विस्मित होती है और विचार ने लगती है कि राजा नल यहाँ किस प्रकार प्रविष्ट हुए। क्योंकि यहाँ अनेक प्रकार के रक्षक हैं, जिनके कारण बाहरी पक्षी भी यहाँ प्रविष्ट नहीं हो सकता। अतएव भूपाल नल का रात्रि में यहाँ प्रवेश पाना विस्मयावह है। नल भी उस अनुपम सुन्दरी दमयन्ती को देखकर मुग्ध रह जाता है और बड़ी कठिनाई से अपने आप को सँभालकर इन्द्र आदि देवों का सन्देश कहता है। तथा उन्हीं में से किसी को वरने का अनुरोध करता है। तब उसकी सखी प्रियंवदा बोलती है—'महाराज ! जो सुनना था सुन लिया, देवताओं का संदेश भी जान लिया। पर किसी के प्रति प्रेम अपनी इच्छा से नहीं अपितु ईश्वरेच्छा से ही होता है। यह मेरी सखी तो आप में ही अनुरक्त है। आपको छोड़कर किसी अन्य का वरण नहीं करेगी।'

इसके पश्चात् नल अन्तःपुर में अधिक देर ठहरना उचित न समझकर वहाँ से प्रस्थान कर देता है। किन्तु दमयन्ती की रूप-माधुरी का पान करने के कारण अब उसका मन उससे हटाये नहीं हटता है। अतएव वहाँ से वापस आकर अत्यन्त कोमल पलंग पर लेटने पर भी वह दमयन्ती विषयक उत्कण्ठा में ही सारी रात बिता देता है।

नलचम्पू एवं महाभारत की नल-कथा में अन्तर

यद्यपि नलचम्पू की कथावस्तु का आधार महाभारत के वनपर्व में वर्णित 'नलोपाख्यान' ही है तो भी नलचम्पूकार ने अपनी कल्पना के अनुरूप पर्याप्त अन्तर करके चम्पू की रचना की है। (१) महाभारत के नलोपाख्यान

में दमनक मुनि भीम-दम्पती को पुत्री-प्राप्ति के साथ तीन पुत्रों के होने का भी वरदान देते हैं जबकि नलचम्पू में पुत्रों की तो कोई बात ही नहीं है बल्कि केवल पुत्री का वरदान पाकर भीम-भार्या मुनि पर कुपित होती है। (२) महाभारत में नल के मंत्री श्रुतशील की कोई चर्चा नहीं है, जबकि नलचम्पू में वह सदा नल के साथ रहता है। (३) महाभारत में जब नल अयोध्या में छद्म-वेष में राजा ऋतुपर्ण के यहाँ सारथि के रूप में रहा था तब उसने अपना नाम बाहुक रखा था, पर नलचम्पू में बाहुक नल का सेनापति था। (४) महाभारत में नारद और पर्वत दोनों के ऋषि हैं, जबकि नलचम्पू में पर्वतक नल का सेवक है। फिर नलचम्पू की निम्नलिखित बातें तो महाभारत में बिलकुल ही नहीं पायी जाती हैं—

(१) पथिकों के द्वारा नल और दमयन्ती के सामने एक दूसरे के सौन्दर्य की प्रशंसा करना, (२) किन्नरमिथुन द्वारा शरद्गायन, (३) वन-पालिका के द्वारा हंस को पकड़कर लाना, (४) हंस के पकड़े जाने पर हंसी का करुण विलाप करना, (५) आकाशवाणी होना, (६) वानरी के बच्चे को देखकर प्रियगुमंजरी को अपनी अनपत्यता पर दुःखी होना, (७) दमयन्ती की सखी का हंस से वार्तालाप करना, (८) हंस को दमयन्ती के द्वारा मुक्ताहार देना, (९) इन्द्रादि देवों के आगमन की सूचना देने के लिए आकाश से निर्निमेष पुरुष का उतरना, (१०) कुण्डिनपुर की ओर जाते हुए नल को मार्ग में दमयन्ती के द्वारा प्रेषित पुष्कराक्ष, किन्नर, किन्नरी, सुन्दरक और विहंगवागुरिका आदि का साक्षात्कार होना, (११) नल और दमयन्ती का परस्पर एक दूसरे के पास उपहार भेजना, (१२) कुंडिनपुर के समीप पहुँचने पर पुरवासियों तथा राजा भीम का नल से मिलना, (१३) दमयन्ती द्वारा स्वादिष्ठ भोजन नल तथा सैनिकों के लिए भेजना इत्यादि वर्णन महाभारत में नहीं है।

नलचम्पू का मूल्याङ्कन

नलचम्पू में जैसे सरस तथा प्रसन्न श्लेष पाये जाते हैं, उतने रमणीय तथा चमत्कार-जनक श्लेष इतनी अधिकता में अन्यत्र समुपलब्ध नहीं होते। यद्यपि श्लेष का प्रयोग नलचम्पू से लगभग चार सौ वर्ष पहले की रचना (सुबन्धु की)

वासवदत्ता में भी हम देखते हैं, किन्तु उसके श्लेष एक तो दूरारूढ हैं और दूसरे उसमें प्राय: अभंग श्लेष का ही चमत्कार है, जब कि नलचम्पू की श्लेष-योजना में एक ओर सारल्य है और दूसरी ओर सभंगता भी। सभंग श्लेष की सरल योजना करने में नलचम्पूकार त्रिविक्रम के समान पटु कोई भी कवि नहीं दिखाई देता। इस कवि को पता है कि सभंग श्लेष के कारण कविता में कठिनता आ जाती है—'वाचः काठिन्यमायान्ति भंगश्लेषविशेषतः'। अतएव उन्होंने छोटे-छोटे अनुष्टुपों में इतनी सुन्दरता के साथ सभंग श्लेष का प्रयोग किया है कि उसके समझने में पदों के विशेष तोड़ मरोड़ करने की आवश्यकता नहीं होती और अर्थ भी अनायास विशेष परिश्रम के विना हृदयंगम हो जाता है। यथा—

प्रसन्नाः कान्तिहारिण्यो नानाश्लेषविचक्षणाः।
भवन्ति कस्यचित्पुण्यैर्मुखे वाचो गृहे स्त्रियः॥ (१,४)

सदूषणापि निर्दोषा सखरापि सुकोमला।
नमस्तस्मै कृता येन रम्या रामायणी कथा॥ (१,११)

अप्रगल्भाः पदन्यासे जननीरागहेतवः।
सन्त्येके बहुलालापाः कवयो बालका इव॥ (१, ६)

नलचम्पू के श्लेष विरोधाभास, परिसंख्या, रूपक, उपमा, भ्रान्तिमान्, उत्प्रेक्षा आदि अलकारों से मिश्रित होकर और भी अधिक कमनीयता उत्पन्न कर देते हैं। श्लिष्ट विरोधाभास का उदाहरण देखिए—

ब्रह्मण्योऽपि ब्रह्मवित्तापहारो स्त्रीयुक्तोऽपि प्रायशो विप्रयुक्तः।
सद्वेषोऽपि द्वेषनिर्मुक्तचेताः को वा तादृग् दृश्यते श्रूयते वा॥ (१,३९)

इस मे श्लिष्टोपमा का प्रयोग भी जमकर किया है। देखिए आर्यावर्त के वर्णन-प्रसंग में—

यत्र चतुरगोपशोभिताः संग्रामा इव ग्रामाः। परशुराम इव परशुभासितः। राघव इवालघुकोदण्डभङ्गरञ्जितजनकः।

इसमें श्लिष्ट परिसंख्या का प्रयोग भी बहुलता से मनोहर रूप में किया गया है। प्रथम उच्छ्वास में ही इसके कई उदाहरण आये हैं। इसमें आये

हुए प्रायः सभी पात्र--नल, दमयन्ती, श्रुतशील, मृगयावनपालक, सरोरक्षिका, पथिक, राजहंस, किन्नर-मिथुन आदि श्लिष्ट भाषा बोलते हैं। श्लेष के अतिरिक्त अलंकारों में से विरोध, परिसंख्या, उपमा, उत्प्रेक्षा, भ्रान्तिमान् तथा विभावना भी इसमें कम आकर्षक नहीं हैं। अनुप्रास की छवि सर्वत्र दिखाई देती है। कई स्थानों पर यमक का प्रयोग भी हुआ है। यमक का एक सुन्दर उदाहरण अवलोकनीय है--

धृतकदम्बकदम्बकनिष्पतन्नवपरागपरागममन्थराः ।
हृततुषारतुषा रतिरागिणां प्रियतमा मरुतो मरुतो वधुः ।

नलचम्पू में प्रकृति-चित्रण भी भव्य हुआ है। पर्वत, वन, उपवन, नदी, सरोवर, आश्रम, चन्द्रोदय, संध्या, प्रातःकाल, वर्षा ऋतु एवं शरद् ऋतु आदि का मनोरंजक वर्णन किया गया है। प्रथम उच्छ्वास में वर्षा ऋतु का जो नारीपरक समासोक्तिमय एवं मानवीकरण के रूप में चित्रण है, वह अत्यन्त मनोरंजक एवं सहृदयों के हृदय को आकर्षित करने वाला है। द्वितीय उच्छ्वास में शरद् ऋतु, वन एवं चन्द्रोदय आदि का बड़ा ही सुन्दर वर्णन है। वन-वर्णन का एक चित्र देखिए--

यत्र त्रिजटाश्रयमनेकजटाः, स्फुरदेकपुष्पमनेकपुष्पाः, समुद्वेजितराममानन्दितरामाः समुपहसन्ति लङ्केश्वरं तरवः ।

इस वन के वृक्ष रावण की हँसी उड़ा रहे हैं, क्योंकि रावण के पास एक ही त्रिजटा थी जब कि वृक्षों के पास अनेक जटायें हैं, रावण के पास एक ही पुष्प (पुष्पक विमान) था, इनके पास अनेक पुष्प हैं और रावण ने राम को उद्विग्न किया था जब कि ये वृक्ष रामाओं अर्थात् स्त्रियों को आनन्दित करने वाले हैं।

फूलों से लदे हुए वृक्षों पर काले-काले भौंरे उड़ रहे हैं, उनको बादल समझकर मोर कोमल केका (वाणी) करता हुआ नाच रहा है तथा पिच्छ को तरलित कर रहा है--

पटलमलिकुलानामुन्नमन्मेघनीलं
भ्रमदुपरि तरूणां पुष्पितानां विलोक्य ।

मुदुमदकलकेकानिर्भरो नृत्यसक्त-
स्तरलयति कलापं मन्दमन्दं मयूरः ।। (२, ४)

दूसरे और सातवें उच्छ्वासों में चन्द्रोदय का वर्णन तो कवि के प्रकृति का विलक्षण प्रेमी सिद्ध करता है—

'आप्लावितमिव मुक्तमर्यादेन दुग्धवार्धिना, सिक्तभूभागाङ्गणमिवामन्दचन्दनाम्बुच्छटाभिः, विलिप्तदिग्भित्तिकमिव सान्द्रसुधापङ्कपिण्डितैः, पूरितमिवोत्सर्पिकर्पूरपांसुवृष्ट्या, प्रविष्टमिव स्फटिकमणिमहामन्दिरोदरदरीम्, उत्प्लवमानमिव द्रवीभूततुहिनाचलमहाप्लवेन भुवनमासीत् ।'

अर्थात् चन्द्रिका से भवन धवलित हो जाने पर ऐसा प्रतीत होता था मानो दूध का समुद्र सीमा का अतिक्रमण करके उमड़ पड़ा हो, मानो चन्दन के जल से भूमण्डल को सींच दिया गया हो, मानो अमृत के गाढ़े घोल से दिशाओं की दीवारें पोत दी गई हैं, मानो कपूर का चूर्ण बरस रहा है, मानो महल सफेद स्फटिक मणि के विशाल मन्दिर के अन्दर प्रवेश कर गया है, मानो पिघले हुए हिमालय की बाढ़ आ गई है।

पांचवें उच्छ्वास में विन्ध्य-स्थलियों का चारु चित्रण भी चमत्कारजनक है। नर्मदा नदी का आकर्षक चित्रण, वृद्ध तापसों का वर्णन, जल-विहार करती हुई पुलिन्द रमणियों का रमणीय चित्रण, सहृदयों के हृदयों को सहज ही अपनी ओर आकर्षित कर लेते हैं। कहीं विशाल वृक्ष हैं, कहीं भ्रमर-पंक्तियां हैं, कहीं विशाल पूंछ वाले बंदर और पक्षियों की मनोहर पंक्तियां सुशोभित हो रही हैं। फूलों के भार से लदे हुए वृक्षों के वर्णन में रूपक मिश्रित उत्प्रेक्षा अलंकार की योजना कितनी सुन्दर बन पड़ी है—

वायुस्कन्धमवष्टभ्य स्फारितैः पुष्पलोचनैः ।
वियद्विस्तारमेते हि वीक्षन्त इव पादपाः ।। (५, ४५)

छठे उच्छ्वास में प्रभात-वर्णन के प्रसंग में नलचम्पूकार ने आकाश में गंगा और यमुना के संगम की जो उत्प्रेक्षा की, उससे सुधीसमाज इतना आनन्दविभोर हुआ कि उसने कवि को 'यमुनात्रिविक्रम' की उपाधि से विभूषित कर दिया—

उदयगिरिगतायां प्राक्प्रभापाण्डुताया-
मनुसरति निशीथे शृङ्गमस्ताचलस्य ।
जयति किमपि तेजः साम्प्रतं व्योममध्ये
सलिलमिव विभिन्नं जाह्नवं यामुनं च ॥ (६, १)

अर्थात् एक त्रिविक्रम तो विष्णु हैं जिनके चरण-कमलों से निकलकर गंगा जी आकाश में आई हैं और दूसरे ये त्रिविक्रम नलचम्पूकार हैं, जिनके पद-प्रयोग ने यमना को भी आकाश में उपस्थित कर दिया है। अतएव यदि विष्णु 'गंगा-त्रिविक्रम' हैं तो ये भी 'यमुना-त्रिविक्रम' हुए ।

इस प्रकार नलचम्पू में प्रकृति के अनेक रूपों का श्लिष्ट एवं चामत्का-रिक चित्रण पर्याप्त रूपेण किया गया है ।

नलचम्पू का प्रतिपाद्य रस विप्रलम्भ शृंगार है । नल और दमयन्ती दोनों, पथिक तथा हंस से एक दूसरे के अनुपम सौन्दर्य को सुनकर परस्पर आसक्त होते हैं और एक दूसरे को प्राप्त करने के लिए आतुर हो उठते हैं। कवि ने यहाँ विप्रलम्भ का वर्णन उद्दीपन रूप में किया है । दोनों की दशा का परि-संख्यामय वर्णन निम्न गद्यांश में देखिए--

'एवमनयोरन्योन्यप्रेषितप्रच्छन्नदूतोक्तिवर्धितानुरागयोः चलन्त्यङ्गानि न मनो-रथाः, परिवर्तते चक्षुः न हृदयम्·····वर्धते चिन्ता न रतिः । शुष्यत्यधरपल्लवो नाग्रहरसः' । (पञ्चम उच्छ्वास)

काव्य की समाप्ति भी विप्रलम्भ के वर्णन के साथ ही होती है । अंगी रस के अतिरिक्त अंग रूप में कहीं-कहीं वीर, रौद्र, भयानक, करुण, हास्य और अद्भुत रसों का भी संनिवेश हुआ है । प्रथमोच्छ्वास में मृगया और नल के संग्राम में वीर रस की अभिव्यक्ति हुई है । शूकर की आकृति एवं उसकी भय उत्पन्न करने वाली क्रूर चेष्टायें तथा शिकारियों के भय से अन्य जंगली पशुओं की भयावह स्थिति का चित्र भयानक की अनुभूति करा रहा है । चतुर्थ उच्छ-वास में नल को छोड़कर वीरसेन के वन चले जाने पर करुण रस की भी अभिव्यक्ति हो रही है । हंस-हंसी के मनुष्य-वाणी में वार्तालाप करते समय

तथा नल के सहसा कन्यान्तः पुर में दमयन्ती के पास पहुँच जाने पर अद्भुत रस की अनुभूति होती है। द्वितीय, पञ्चम तथा सप्तम उच्छ्वासों में वार्तालाप के प्रसंग में हास्य रस की अभिव्यक्ति होती है।

'नलचम्पू' में वस्तु-चित्रण एवं वृत्त-वर्णन भी कुशलतापूर्वक किये गये हैं। इसके स्वभावोक्तिमय वस्तु-चित्र हृत्पटल पर हूबहू अंकित हो जाते हैं। प्रथम उच्छ्वास का शूकर, पथिक तथा राजपुत्री का वर्णन, तृतीय का मुनि-वर्णन, पञ्चम का विन्ध्य-भूमियों तथा जरत्-तापसों का वर्णन एवं षष्ठ का ग्राम्य-नारियों एवं सस्य-स्थलियों का वर्णन इसके उत्तम उदाहरण हैं। वृत्त-वर्णन में मृगया, भोजन, स्नान, यात्रा आदि के चित्रण चमत्कारोत्पादक हैं। पात्रों का चरित्र-चित्रण भी सुन्दर हुआ है। शिक्षाप्रद मधुर सूक्तियों की कमी नहीं है। चौथे उच्छ्वास में नल को सालंकायन द्वारा दिया गया उपदेश कादम्बरी के शुकनासोपदेश का स्मरण करा देता है--

'तत् तात, सुविषमेघवर्तिनि विद्युद्विलास इवास्थिरे स्थितस्तारुण्ये मा स्म विस्मर स्मयेन विनयम्। अविनीतोऽग्निरिव दहति।.....आवर्जय गुणान्। निर्गुणे धनुषीव सुवंश्येऽपि कस्याग्रहो भवति। अभ्यस्य कलाः। निष्कलो वीणाध्वनिरिव न प्रशस्यते पुरुषः।' इत्यादि।

किन्तु उक्त प्रकार गुणविशिष्ट होने पर भी 'नलचम्पू' दोष-रहित नहीं है। आलोचकों का कहना है कि कवि इसमें श्लेष की शाब्दी क्रीडा में ही रमा है। जहाँ श्लेष की आवश्यकता नहीं थी वहाँ भी श्लेष प्रदर्शित किया है। जैसे--द्वितीय उच्छ्वास में हंस, हंसी और नल परस्पर क्लिष्ट श्लेष में वार्तालाप करते हैं। हंस के पकड़े जाने पर हंसी की वेदना हास-परिहास का रूप ले ले, यह उचित नहीं प्रतीत होता। इस प्रसंग में नैषधीयचरित का करुण चित्रण कहीं हृदयावर्जक है। कहीं सौन्दर्य-चित्रण तथा प्रकृति-चित्रण श्लेषादि अलंकारों के भार से इतना आक्रान्त हो गया है कि उसकी स्वाभाविकता नष्ट हो गई है। अवान्तर लंबे वर्णनों के कारण कथा-प्रवाह की गति बहुत मन्थर हो गयी है। अतएव सात उच्छ्वासों में थोड़ा-सा ही कथांश आ पाया है। कथा की

अपूर्णता तो और भी दोषावह है। नल-दमयन्ती का बिना विवाह कराये ऐसे स्थल पर कवि ने कथा को छोड़ दिया है जहां कथा का टूट जाना बहुत खलता है। इस प्रकार कतिपय अन्य दोष भी इसमें पाये जाते हैं। पर गुणबहुल इस काव्य को कुछ दोष उसी प्रकार अग्राह्य नहीं बना सकते जैसे कुछ कांजी के छींटे अथाह जल-राशि को खट्टा नहीं कर सकते।

प्रयाग
गुरुपूर्णिमा
२०३५ वि०

तारिणीश झा

॥ श्रीः ॥

नलचम्पूः

प्रथम उच्छ्वास

मंगलाचरण--

जयति गिरिसुतायाः कामसन्तापवाहि-
न्युरसि रसनिषेकश्चान्दनश्चन्द्रमौलिः ।
तदनु च विजयन्ते कीर्तिभाजां कवीना-
मसकृदमृतबिन्दुस्यन्दिनो वाग्विलासाः ॥१॥

अन्वय—गिरिसुतायाः कामसन्तापवाहिनि उरसि चान्दनः रसनिषेकः चन्द्रमौलिः जयति । तदनु च कीर्तिभाजां कवीनाम् असकृत् अमृतबिन्दुस्यन्दिनः वाग्विलासाः विजयन्ते ॥१॥

संस्कृत-व्याख्या--गिरिसुतायाः--पर्वतपुत्र्याः पार्वत्याः, कामसन्तापवाहिनि--कन्दर्पपीडाधारिणि, उरसि—वक्षसि, चान्दनः--मलयजसम्बन्धी, रसनिषेकः--द्रवाभिषेकः, चन्द्रमौलिः—इन्दुशेखरः, जयति--सर्वोत्कृष्टो भवति । तदनु च--तत्पश्चात् च, कीर्तिभाजां--यशः शालिनां, कवीनां--काव्यकाराणाम्, असकृत्--वारं वारम्, अमृतबिन्दुस्यन्दिनः--अमृतबिन्दून् पीयूषलवान् स्यन्दयन्ति वर्षन्तीति तादृशाः, वाग्विलासाः--वाणीविभ्रमाः, विजयन्ते—महिमान्विता भवन्ति ॥१॥

हिन्दी अनुवाद--पार्वती के काम-सन्तप्त वक्षःस्थल पर चन्दन-रस के सेचन रूप चन्द्रशेखर (शिव) सर्वोत्कृष्ट हैं। उसके पश्चात् यशस्वी कवियों के बार-बार अमृतबिन्दु टपकाने वाले वाणी के विलास उत्कृष्ट हैं ॥१॥

टिप्पणी--(१) गिरिसुतायाः--पार्वती के। गिरेः हिमालयस्य सुता गिरिसुता, तस्याः। किन्तु गिरि का अर्थ राजा भीम भी है। 'गिरिर्भीमनृपे सूर्ये स्वभावे पर्वते जले' इति कोषः । अतएव इससे कथा की ओर संकेत मिलता है,

क्योंकि इसमें नल-दमयन्ती की कथा वर्णित है और दमयन्ती के पिता राजा भीम ही थे। (२) कामसन्तापवाहिनि—कामजन्य सन्ताप का वहन करने वाले। कामस्य सन्तापः तं वोढुं शीलमस्य इति कामसन्तापवाहि कामसन्ताप√वह्+णिनि, तस्मिन्। (३) उरसि—छाती पर। (४) चान्दनः—चन्दन-सम्बन्धी। चन्दनस्य अयम् चान्दनः चन्दन+अण्। (५) रसनिषेकः—रस या जल का छिड़कन। नि√सिच्+घञ्=निषेकः, रसस्य निषेकः। (६) चन्द्रमौलिः—शिव। चन्द्रः मौलौ यस्य सः। भगवान् शंकर सकल मंगलों के मूल तथा समस्त रसों के निकेतन हैं, इसलिए कवि ने मंगलाचरण में पहले उन्हीं की जय कही है। शंकर की प्रथम वन्दना करने का यह भी रहस्य है कि 'ज्ञानं महेश्वरादिच्छेद्धनमिच्छेद्धनञ्जयात्' इति अभियुक्तोक्ति के अनुसार सुकाव्य रचने के लिए ज्ञान शंकर से ही प्राप्त किया जा सकता है। 'चन्द्रमौलि' पद से यह भी सूचित किया गया है कि चन्द्रमा के अमृतांशु या शीतांशु होने के कारण उसकी शीतलता से पार्वती का सन्ताप मिटेगा और चन्द्र के प्रकाश से जैसे अन्धकार का नाश होता है उसी तरह इस ग्रन्थ के प्रकाश से पाठक का अज्ञानान्धकार दूर होगा। (७) तदनु—उसके बाद अर्थात् रसाधार शंकर के बाद रस की अभिव्यक्ति के कारणभूत व्यास, वाल्मीकि आदि कवियों की। (८) कीर्तिभाजाम्—कीर्तिशाली। कीर्तिं भजन्ते इति कीर्तिभाजः कीर्ति√भज्+ण्वि, तेषाम् (९) असकृत्—बार-बार या निरन्तर। (१०) अमृतबिन्दुस्यन्दिनः—अमृत की बूँदें बहाने वाले। अमृतबिन्दु√स्यन्द्+णिनि। (११) वाग्विलासाः—वाणी के विलास। वाचां विलासाः वाग्विलासाः।

जैसा कि ऊपर संकेत किया जा चुका है, इस श्लोक में नलदमयन्ती की कथा की ओर संकेत है। तदनुसार अर्थ होगा—राजा भीम की पुत्री दमयन्ती की काम-सन्तप्त छाती पर नल चन्दननिषेक सदृश होगा, जो नल चन्द्रवंशियों के मौलिमुकुट है। इस श्लोक में रूपक अलंकार है और मालिनी छन्द है। इसका लक्षण—'ननमयययुतेयं मालिनी भोगिलोकैः' ॥१॥

कामदेव और कामिनी-कटाक्ष का वर्णन—

जयति मधुसहायः सर्वसंसारवल्ली-
जननजरठकन्दः कोऽपि कन्दर्पदेवः।

तदनु पुनरपाङ्गोत्सङ्गसञ्चारितानां
जयति तरुणयोषिल्लोचनानां विलासः ॥२॥

अन्वय—मधुसहायः सर्वसंसारवल्लीजननजरठकन्दः कोऽपि कन्दर्पदेवः जयति। तदनु पुनः अपाङ्गोत्सङ्गसञ्चारितानां तरुणयोषिल्लोचनानां विलासः जयति ॥२॥

संस्कृत-व्याख्या—मधुसहायः—वसन्तसखः, सर्वसंसारवल्लीजननजरठकन्दः —सर्वः सकलः संसारः जगत् एव वल्ली लता तस्याः जनने समुत्पादने जरठकन्दः कठोरबीजवद्विद्यमानः समस्तसंसारोत्पत्तिहेतुरित्यर्थः, कोऽपि—अनिर्वचनीयः, कन्दर्पदेवः—कामदेवः, जयति—सर्वोत्कर्षेण वर्तते । तदनु—तत्पश्चात्, पुनः—भूयः, अपाङ्गोत्सङ्गसञ्चारितानाम्—अपाङ्गोत्सङ्गे नेत्रप्रान्तक्रोडे सञ्चारितानां प्रवर्तितानां, तरुणयोषिल्लोचनानां—तरुणयोषितां युवतीनां यानि लोचनानि नेत्राणि तेषाम्, विलासः—कटाक्षादिविभ्रमः, जयति—सर्वोत्कर्षेण वर्तते ॥२॥

हिन्दी अनुवाद—वसन्त रूपी मित्र वाला तथा समस्त संसार रूपी लता को उत्पन्न करने में कठोर बीज रूप अनिर्वचनीय कामदेव उत्कृष्ट हैं। तत्पश्चात् पुनः आँखों की कोर की गोद में चलाया गया युवतियों का नेत्रविलास उत्कृष्ट है ॥२॥

टिप्पणी—(१) **मधुसहायः**—वसन्त जिसका मित्र हो। मधुः सहायो यस्य सः । (२) **सर्वसंसारवल्लीजननजरठकन्दः**—सम्पूर्ण संसार रूपी लता को उत्पन्न करने में कठोर या परिपक्व कन्द या बीज । जैसे वीज लता को उत्पन्न करता है वैसे कामदेव संसार को उत्पन्न करता है। (३) **अपाङ्गोत्सङ्गसञ्चारितानाम्**—नेत्र-प्रान्त की गोद में संचारित । कामिनियों की तिरछी चितवन को कटाक्ष कहते हैं और कटाक्ष आँखों की कोर की गोद में चलाया जाता है । सर्वः संसारः (कर्म० स०), स एव वल्ली (मयूरव्यंसकादित्वात्) (रूपकरूप-समासः), तस्याः जननम् (ष० त०), तस्मिन् जरठकन्दः (सुप्सुपास०) ॥ जरठः कन्दः (कर्म० स०) । (४) **तरुणयोषिल्लोचनानाम्**—युवतियों के नेत्रों का । तरुण्यः योषितः (कर्म० स०), तासां लोचनानि (ष० त०) ।

इस श्लोक में कन्दर्प में कन्दत्व के आरोप के प्रति संसार में वल्लीत्व का आरोप कारण है, इसलिए परम्परितरूपक अलंकार है और मालिनी छन्द है ॥२॥

सारस्वत स्रोत का वर्णन--

अगाधान्तः परिस्पन्दं विबुधानन्दमन्दिरम् ।
वन्दे रसान्तरप्रौढं स्रोतः सारस्वतं वहत् ॥३॥

अन्वय--अगाधान्तः परिस्पन्दं रसान्तरप्रौढ विबुधानन्दमन्दिरं वहत् सारस्वतं स्रोतः वन्दे ॥३॥

संस्कृत-व्याख्या—अगाधान्तः परिस्पन्दं—(वाणी-पक्षे) अगाधः अपरिमितः अन्तः मनसि परिस्पन्दः चमत्कारः येन तादृशम् (नदीपक्षे) अगाधा गम्भीरा अन्तः मध्ये परिस्पन्दा आवर्ता यस्य तादृशम्, रसान्तरप्रौढं—(वाणीपक्षे) रसानां शृङ्गारादीनाम् अन्तरेण वैशिष्ट्येन प्रौढं संसारं (नदीपक्षे) रसाया भूम्या अन्तरे अभ्यन्तरे प्रौढं कृतप्रवाहं, विबुधानन्दमन्दिरं--(वाणीपक्षे) विबुधानां देवानां पण्डितानां वा आनन्दमन्दिरं हर्षहेतुकं (नदी-पक्षे) विषु पक्षिषु बुधाः श्रेष्ठाः राजहंसाः तेषाम् आनन्दमन्दिरं हर्षस्थानं, वहत्--(वाणीपक्षे) प्रवहत् (नदीपक्षे) प्रसरत्, सारस्वतं--सरस्वत्याः वाण्याः सम्बन्धि (नदीपक्षे) सरस्वत्याः सरस्वतीति नाम्न्याः नद्याः, स्रोतः--प्रवाहं, वन्दे—नमस्करोमि स्तौमि वा ॥३॥

हिन्दी अनुवाद--वाणी पक्ष में—हृदय में अपरिमित चमत्कार उत्पन्न करने वाले, (शृंगार आदि नौ) रसों की विशेषता से प्रौढ़, विद्वानों के हर्षस्थान और विकसनशील वाणी के प्रवाह की वन्दना करता हूँ ।

नदी पक्ष में--मध्य में गंभीर भँवर वाले, पृथ्वी के भीतर प्रौढ (अर्थात् प्रगल्भता से बहने वाले), देवताओं या पक्षिश्रेष्ठों (राजहंसों) के आनन्द-धाम तथा बहते हुए सरस्वती नदी के प्रवाह की स्तुति करता हूँ ॥३॥

टिप्पणी--(१) **अगाधान्तः परिस्पन्दम्**--(१) अन्तः करण में विशिष्ट चमत्कार उत्पन्न करने वाले, (२) अथाह गहराई के बीच तरंगित होने वाले । (२) **रसान्तरप्रौढम्**—(१) रसों के वैशिष्ट्य से प्रगल्भ, (२) पृथ्वी के भीतर प्रौढ(प्रकर्षता से बहने वाली)। 'रसा विश्वम्भरा स्थिरा' इत्यमरः। 'अन्तरमवकाशावधिपरिधाना-

न्तर्धिभेदतादर्थ्ये" इति चामरः। (३) विबुधानन्दमन्दिरम्--(१) विद्वानों के आनन्द के मन्दिर, देवताओं या श्रेष्ठ पक्षियों के आनन्द-निकेतन ।(४) वहत्--बहते हुए। √वह्+लट्—शतृ। (५) सारस्वतम्--सरस्वती देवी तथा सरस्वती नदी के। (६) स्रोतः--प्रवाह को।

इस श्लोक में शब्दशक्तिमूलक ध्वनि से सरस्वतीनदीपरक अर्थ सूचित होता है, जो वाणी और नदी के उपमानोपमेय भाव सम्बन्ध को व्यक्त करता है। इसमें अनुष्टुप् छन्द है ॥३॥

वाणी की वर्णना—

प्रसन्नाःकान्तिहारिण्यो नानाश्लेषविचक्षणाः ।
भवन्ति कस्यचित्पुण्यैर्मुखे वाचो गृहे स्त्रियः ॥४॥

अन्वय--पुण्यैः (एव) कस्यचित् मुखे प्रसन्नाः कान्तिहारिण्यः नानाश्लेषविचक्षणाः वाचः (तथा कस्यचित्) गृहे (प्रसन्नाः.....) स्त्रियः भवन्ति ॥४॥

संस्कृत-व्याख्या--पुण्यैः—सुकृतैः, (एव) कस्यचित्—कस्यचन जनस्य, मुखे--आनने, प्रसन्नाः--प्रसादगुणयुक्ताः, कान्तिहारिण्यः—कान्तिः औज्ज्वल्यरूपः शब्दगुणः दीप्तरसत्वरूपः अर्थगुणश्च तेन हारिण्यः मनोहराः, नानाश्लेषविचक्षणाः—नाना बहुविधं शब्दगुणार्थालंकारशब्दालंकाररूपं चतुर्विधं श्लेषं श्लेषालंकारं विशेषेण चक्षते प्रकथयन्ति इति तादृश्यः, वाचः--सूक्तयः, (तथा कस्यचित्) गृहे--भवने, (प्रसन्नाः—प्रसन्नचित्ताः, कान्तिहारिण्यः--कान्त्या शरीरसौन्दर्येण हारिण्यः मनोज्ञाः, नानाश्लेषविचक्षणाः--नाना बहुविधः यः आश्लेषः आलिङ्गनं तत्र विचक्षणाः निपुणाः, स्त्रियः—रमण्यः, भवन्ति--जायन्ते ॥४॥

हिन्दी-अनुवाद--(वाणी-पक्ष में) पुण्यों से (ही) किसी के मुख में प्रसादगुणयुक्त, औज्ज्वल्यरूप कान्तिगुण के कारण मनोहर तथा अनेक प्रकार के श्लेषालंकारों को प्रकट करने वाली वाणियाँ आती हैं। (स्त्री-पक्ष में) पुण्यों से (ही) किसी के घर में (सदा) प्रसन्न (रहने वाली) कान्ति (सौन्दर्य) से मनोहर तथा अनेक प्रकार के आलिंगन करने में निपुण रमणियाँ आती हैं ॥४॥

टिप्पणी--(१) **प्रसन्नाः**--(१) प्रसादगुणयुक्त, (२) प्रसन्नता से युक्त। प्र√ सद्+ क्त। प्रसाद शब्दगुण, अर्थगुण होता है। आचार्य वामन के अनुसार जहाँ बन्ध की गाढता के कारण शिथिलता भी विद्यमान रहती है वहाँ प्रसाद शब्दगुण होता है। गाढता और शिथिलता दोनों ही विरुद्ध धर्म हैं। दोनों का एक जगह अवस्थान प्रतिकूल प्रतीत होता है। किन्तु जैसे करुण रस के नाटकों में सुख और दुःख का सम्मिश्रण होता है उसी तरह प्रसाद गुण में भी ओज गुण का मिश्रण रहता है--'करुणप्रेक्षणीयेषु सम्प्लवः सुखदुःखयोः। यथाऽनुभवतः सिद्धस्तथैवोजः प्रसादयोः॥' (का० सू० वृ० ३, १, ६)। और प्रसाद अर्थगुण वहाँ होता जहाँ श्रवण मात्र से शब्दों के अर्थ की प्रतीति हो जाती है। (२) **कान्तिहारिण्यः**--कान्तिगुण के कारण मनोहर, कान्ति से विभूषित। कान्ति√ हृ+णिनि+ङीप् (ई)। कान्ति शब्दगुण वहाँ होता है जहाँ रचना में उज्ज्वलता (नवीनता) होती है। और कान्ति अर्थ गुण वहाँ होता है जहाँ रस की दीप्ति लक्षित होती है। (४) **नानाश्लेषविचक्षणाः**--(१) विभिन्न श्लेषालंकारों को बताने वाली (२) विविध आलिंगनों में दक्ष। श्लेष--श्लेषालंकार चार प्रकार का होता है--शब्दगुण, अर्थगुण, शब्दालंकार और अर्थालंकार। आचार्य चण्डपाल के अनुसार श्लेष=आलिंगन बारह प्रकार का होता है--स्पृष्टक, विद्धक, उद्घृष्ट, पीडन, लतावेष्टक, वृक्षाधिरूढ, तिलतण्डुल, क्षीरनीर, अरूपगूढ, जघनोपश्लेष, स्तनालिंगन और लालाटिक।

इस श्लोक में श्लेष अलंकार है। यहाँ 'वाचः स्त्रिय इव' तथा 'स्त्रियः वाच इव' में परस्पर उपमान उपमेय भाव भी है। इसमें अनुष्टुप् छन्द है॥४॥

काव्य और बाण को मर्मस्पर्शी होना चाहिए--

किं कवेस्तेन काव्येन किं काण्डेन धनुष्मतः।
परस्य हृदये लग्नं न घूर्णयति यच्छिरः॥५॥

अन्वय--कवेः तेन काव्येन किम्? धनुष्मतः तेन काण्डेन च किम्? यत् परस्य हृदये लग्नं सत् शिरः न घूर्णयति॥५॥

संस्कृत व्याख्या--कवेः--काव्यकर्तुः, तेन--तथाविधेन, काव्येन--रसात्मकवाक्येन, किं--किम्प्रयोजनं न किमपि प्रयोजनमित्यर्थः, धनुष्मतः--धनुर्धारिणः,

तेन, काण्डेन--बाणेन, च, किम् ? यत्--काव्यं काण्डं च, परस्य--अन्यस्य श्रोतुः शत्रोश्च, हृदये--मनसि वक्षसि च, लग्नं--संसक्तं, सत्, शिरः--मस्तकं, न घूर्णयति--न चालयति (अर्थात् काव्यपक्षे अद्भुतचमत्कारेण न चमत्करोति तथा शत्रुपक्षे दुःसहपीडया न कम्पयति) ।।५।।

हिन्दी अनुवाद--कवि के उस काव्य से क्या (लाभ) ? और धनुर्धारी के उस बाण से क्या (लाभ) ? जो दूसरे के हृदय में लगकर (उसके) सिर को न हिला दे (अर्थात् काव्यपक्ष में अद्भुत चमत्कार से सिर को न झुमा दे तथा बाण पक्ष में पीडा से सिर को न भन्ना दे) ।।५।।

टिप्पणी--(१) कवेः--कवते सर्वं जानाति श्लोकान् ग्रथते वर्णयति वा इति कविः√कु+इ, तस्य। (२) काव्येन--कवेः इदं कर्म वा इति काव्यम् कवि+ष्यञ्, तेन । (३) धनुष्मतः--धनुष धारण करने वाले के । धनुः अस्ति अस्य इति धनुष्मान् धनुष्+मतुप्, तस्य । (४) काण्डेन--बाण से । 'काण्डः स्तम्भे तरुस्कन्धे वाणेऽवसरनीरयोः' इति मेदिनी। (५) परस्य--दूसरे के, शत्रु के । (६) न घूर्णयति--संचालित न कर दे ।

इस श्लोक में भी श्लेष अलंकार तथा अनुष्टुप् छन्द है ।।५।।

कुकवि की वाणी अग्राह्य होती है--

अप्रगल्भाः पदन्यासे जननीरागहेतवः ।
सन्त्येके बहुलालापाः कवयो बालका इव ।।६।।

अन्वय--एके कवयः पदन्यासे अप्रगल्भाः जननीरागहेतवः बहुलालापाः बालकाः इव सन्ति ।।६।।

संस्कृत-व्याख्या--एके--केचन, कवयः--काव्यरचयितारः पदन्यासे--पदानां सुप्तिङन्तरूपाणां न्यासे नैयत्यप्रयोगे, अप्रगल्भाः अनिपुणाः, जननीराग-हेतवः--जनानां विद्वज्जनानां नीरागे रागाभावे हेतवः कारणम्, बहुलालापाः--बहुलः प्रचुरः आलापो निःसारोक्तिविन्यासो येषां तथाविधाः (सन्तः) बालकाः, इव, सन्ति । (बालकपक्षे व्याख्या--) पदन्यासे--चरणक्षेपे, अप्रगल्भाः--अनिपुणाः, जननीरागहेतवः--जनन्याः मातुः रागः अनुरागः तस्य हेतवः

कारणम्, बहुलालापाः--बह्वीः प्रचुराः लालाः सृणिकाः पिबन्तीति तादृशाः अथवा बह्व्यः लालाः अप्स्वरूपाः येषु तादृशाः) ॥६॥

हिन्दी अनुवाद--कुछ कवि (सुप्तिङन्त रूप) पदों के रखने में (बालक-पक्ष में पैर रखने में) अनिपुण (अनाड़ी) लोगों में (कविता के प्रति) अरुचि उत्पन्न कर देने वाले (बालक-पक्ष में माता के अनुराग को बढ़ाने वाले तथा बहुत-सी व्यर्थ बातों को कहने वाले) (बालक-पक्ष में बहुत लार पीने वाले) बालकों के समान होते हैं ॥६॥

टिप्पणी--(१) **पदन्यसे**--काव्यार्थ के अनुकूल शब्दों के प्रयोग में, पैरों के रखने में। नि√अस्+घञ्=न्यासः, पदानां न्यासः पदन्यासः (ष० त०)। तस्मिन्। (२) **अप्रगल्भाः**--जो प्रगल्भ (ढीठ या निपुण) न हो, अनाड़ी। (३) **जननीरागहेतवः**--(कविपक्ष में) लोगों में (कविता के प्रति) वैराग्य के हेतु अर्थात् विरक्ति या अरुचि उत्पन्न करने वाले। निकृष्टो रागः नीरागः (प्रादिसमास), जनानां नीरागः, तस्य हेतवः (ष० त०)। (बालक-पक्ष में) माता के अनुरागों के उत्पादक। जनन्याः रागः, तस्य हेतवः (ष० त०)। (४) **बहुलालापाः**—(कवि-पक्ष में) बहुत निरर्थक प्रलाप करने वाले। बहुलः आलापो येषां ते (ब० स०)। (बालक-पक्ष में) बहुत लार पीने वाले। बह्वीः लालाः बहुलालाः (कर्म० स०), पूर्वपदे पुंवद्भावः, ताः पिबन्ति इति बहुलाला √पा+क+ टाप् (आ)=बहुलालापाः। अथवा बह्व्यो लाला अप्स्वरूपा येषु (ब० स०), 'ऋक्पूरब्धूः--इति सूत्रेण समासान्तः अच्प्रत्ययः।

इस श्लोक में श्लिष्टोपमा अलंकार है तथा अनुष्टुप् छन्द है ॥६॥

अकारण द्वेष करने वाले दुष्टों की गोष्ठी से अलग रहना चाहिए--

अक्षमालापवृत्तिज्ञा कुशासनपरिग्रहा।
ब्राह्मीव दौर्जनी संसद्वन्दनीया समेखला ॥७॥

अन्वय--अक्षमालापवृत्तिज्ञा कुशासनपरिग्रहा समेखला दौर्जनी संसद् ब्राह्मी इव वन्दनीया ॥७॥

संस्कृत-व्याख्या--अक्षमालापवृत्तिज्ञा--(दुर्जनगोष्ठीपक्षे) अक्षमया असहन-शीलतया क्रोधेनेत्यर्थः य आलापः संभाषणं तस्य वृत्तिं व्यवहारं जानातीति

तथाविधा (विप्रगोष्ठीपक्षे) अक्षाणां रुद्राक्षाणां माला स्रक् तस्याः अपवृत्तिः भ्रमणं जपार्थं करे संचालनमिति यावत् तां जानातीति तथाविधा, कुशासनपरिग्रहा—(दुर्जनगोष्ठी-पक्षे) कुशासनस्य कुत्सितशिक्षणस्य परिग्रहः स्वीकारः यस्याः तादृशी (विप्रगोष्ठीपक्षे) कुशानां दर्भाणाम् आसनानि पीठानि तेषां परिग्रहः स्वीकारो यस्याः तादृशी, समेखला—(दुर्जनगोष्ठीपक्षे) समे साधौ खला दुष्टा प्रतिपक्षभूतेति यावत् (विप्रगोष्ठीपक्षे) मेखलया काञ्च्या सहिता युक्ता, दौर्जनी—दुर्जनसम्बन्धिनी, संसद्—सभा, ब्राह्मी—विप्रसम्बन्धिनी (संसद्), इव—यथा, वन्दनीया—नमस्करणीया दूरतः परिहरणीयेति यावत् ।।७।।

हिन्दी-अनुवाद—असहनशीलतापूर्वक बात करने का व्यवहार जानने वाली (विप्रसभा-पक्ष में—रुद्राक्षमाला फेरने का ज्ञान रखने वाली), कुशिक्षा स्वीकार करने वाली (विप्रसभा-पक्ष में—कुशों का आसन स्वीकार करने वाली) तथा सज्जन के प्रति दुष्टता करने वाली (विप्रसभा-पक्षमें—मूँज की बनी मेखला (करधनी) से युक्त) दुर्जनों की सभा विप्रों की सभा की तरह वन्दनीय है (अर्थात् दूर से ही परिहरणीय है ।।७।।

टिप्पणी—(१) **अक्षमालापवृत्तिज्ञा**—(१) अक्षमा या असहनशीलता पूर्वक बात करने की शैली को जानने वाली (दुर्जनसभा)। न क्षमा अक्षमा (न० त०), तया आलापः (सुप्सुपा स०), तस्य वृत्तिः (ष० त०), तां जानातीति अक्षमालापवृत्ति√ज्ञा+क कर्तरि+टाप् (आ) । (२) रुद्राक्षमाला फेरने का ढंग जानने वाली (विप्रसभा) । अक्षाणां माला, तस्याः अपवृत्तिः (ष० त०) तां जानातीतिपूर्ववत् । (२) **कुशासनपरिग्रहा**—(१) कुत्सित शिक्षा ग्रहण करने वाली (दुर्जनसभा) । कुत्सितं शासनं कुशासनम् (प्रादिसमास), कुशासनस्य परिग्रहः यस्याः सा (व्यधिकरण ब० स०) । (२) कुशों का आसन स्वीकार करने वाली (विप्रसभा) । कुशनिर्मितानि आसनानि (मध्य० स०), कुशासनानां परिग्रहः यस्याः सा । (३) **समेखला**—(१) सज्जन के प्रति दुष्टता से युक्त (दुर्जनसभा) । समे खला (व्यस्त पद) अथवा अलुक् समास । (२) मेखला (मूँज की बनी करधनी) से युक्त (विप्रसभा) । मेखलया सहिता समेखला (तेन सहेति ब० स० 'वोपसर्जनस्य' इति सहस्य सादेशः) । (४) **दौर्जनी**—दुर्जनों की । दुर्जनस्य इयं दौर्जनी । दुर्जन+अण्+

ङीप् । (५) संसद्—सभा । संसीदन्ति अस्याम् इति संसद् सम्√सद्+क्विप् । (६) ब्राह्मी--ब्राह्मणों की (सभा) । ब्रह्मण: इयं ब्राह्मी ब्रह्मन्+अण्+ङीप् ।

इस श्लोक में भी श्लिष्टोपमा अलंकार है और अनुष्टुप् छन्द है ।।७।।

विद्वानों की वन्दना—

रोहणं सूक्तरत्नानां वृन्दं वन्दे विपश्चिताम् ।
यन्मध्यपतितो नीचः काचोऽप्युच्चैर्मणीयते ।।८।।

अन्वय--सूक्तरत्नानां रोहणं विपश्चितां वृन्दम् (अहं) वन्दे, यन्मध्यपतितः नीचः अपि काचः उच्चैः मणीयते ।।८।।

संस्कृत-व्याख्या--सूक्तरत्नानां--सूक्तानि सुभाषितानि एव रत्नानि मणयः तेषां, रोहणम्--उत्पत्तिस्थानं, विपश्चितां—विदुषां, वृन्दं--समूहम् (अहं) वन्दे--प्रणमामि, यन्मध्यपतितः—येषां विपश्चितां मध्यम् अन्तरालं पतितः, नीचः--क्षुद्रः, अपि काचः--प्रबन्धः काव्यमित्यर्थः, उच्चैः—उत्कृष्टः, मणीयते --मणिवदाचरति (अर्थाद्विदुषां समालोचनया उत्कर्षं प्राप्नोति) पक्षान्तरे सूक्तरत्नानां—सुप्रशस्तमणीनां, रोहणं रोहणाद्रिं, वन्दे—प्रशंसामि, यन्मध्यगतः --यदभ्यन्तरगतः नीचः--क्षुद्रः, काचः--क्षारमृद्विकारः, उच्चैर्मणीयते-- उत्कृष्टमणितां प्राप्नोति ।।८।।

हिन्दी अनुवाद--सुभाषित रूपी रत्नों के उत्पत्तिस्थान उन विद्वानों के समूह को मैं नमस्कार करता हूँ, जिनके मध्य में गया हुआ क्षुद्र प्रबन्ध (काव्य) भी उच्च कोटि के मणि की तरह प्रतीत होता है । पक्षान्तर में अच्छे रत्नों को उत्पन्न करने वाले रोहण पर्वत की प्रशंसा करता हूँ जिसके मध्य में पड़ा हुआ तुच्छ काँच भी उत्कृष्ट मणि के समान प्रतीत होता है ।।८।।

टिप्पणी--(१) **सूक्तरत्नानाम्**--(१) सुभाषित रूपी रत्न, (२) उत्तम रत्न । (२) **रोहणम्**—(१) जन्मस्थान, (२) विदूरपर्वत । रोहति अस्मिन् इति रोहणम्√रुह्+ल्युट्—अन अधिकरणे । (३) **विपश्चितां वृन्दम्**--विद्वानों के समूह को । 'विद्वान् विपश्चिद्दोषज्ञः सन् सुधीः कोविदो बुधः' इत्यमरः । (४) **काच**--(१) प्रबन्धकाव्य, (२) काँच, शीशा । कच्यन्ते अर्थाः अनेन अस्मिन् वा इति काचः √कच् (बन्धने)+घञ् । (५) **मणीयते**—मणि के

समान प्रतीत होता है या निखर उठता है। अर्थात् विद्वानों की आलोचनाप्रवण प्रतिभा के योग से सुन्दर व्याख्या से सम्पन्न होकर उल्लसित हो उठता है। मणिरिवाचरति इति मणीयते मणि+क्यङ, दीर्घ+लट्—ते।

इस श्लोक में विद्वान् और रोहण पर्वत में उपमान एवं उपमेय भाव व्यञ्जित होता है ॥८॥

सज्जन और दुर्जन में बहुत अन्तर होता है—

अत्रिजातस्य या मूर्तिः शशिनः सज्जनस्य च ।
क्व सा वैरात्रिजातस्य तमसो दुर्जनस्य च ॥९॥

अन्वय—अत्रिजातस्य शशिनः सज्जनस्य च या मूर्तिः (भवति), सा वैरात्रिजातस्य तमसः दुर्जनस्य च क्व ? ॥९॥

संस्कृत व्याख्या—अत्रिजातस्य—अत्रिमुनिसमुत्पन्नस्य, (सज्जनपक्षे न त्रिभिर्जातस्य परमेकेनैव पित्रोत्पन्नस्य) शशिनः—चन्द्रस्य, सज्जनस्य—साधुपुरुषस्य, च, या, मूर्तिः —शरीरं (भवति), सा, मूर्तिः, वै—निश्चयेन, रात्रिजातस्य—निशायामुत्पन्नस्य (दुर्जनपक्षे वैरा—वैरप्रधाना, त्रिजातस्य—त्रिभिर्जातस्य अनिश्चितजनकस्येत्यर्थः) तमसः—अन्धकारस्य, दुर्जनस्य—असाधुपुरुषस्य च, क्व—कुत्र (भवति न कुत्रापीत्यर्थः) ॥९॥

हिन्दी अनुवाद—अत्रिमुनि से उत्पन्न होने वाले (सज्जन-पक्ष में—तीन से न उत्पन्न होने वाले अर्थात् एक ही पिता से उत्पन्न) चन्द्रमा एवं सत्पुरुष की जो मूर्ति (शरीर) है, वह निश्चित ही रात्रि से उत्पन्न (दुर्जन-पक्ष में—तीन से (अर्थात् जार से) उत्पन्न अंधकार एवं दुर्जन की वैरप्रधान मूर्ति कहाँ (अर्थात् सज्जन और दुर्जन में तेजस्तिमिरवत् महान् अन्तर है) ॥९॥

टिप्पणी—(१) अत्रिजातस्य—(१) अत्रि से उत्पन्न । पुराण के अनुसार चन्द्रमा की उत्पत्ति अत्रि ऋषि के नेत्र से मानी गई है। अत्रेः जातः अत्रिजातः (पं० त०) तस्य। (२) तीन से उत्पन्न नहीं अर्थात् जारज या वर्णसंकर पुत्र नहीं। क्योंकि सज्जन की उत्पत्ति वैध पिता से ही हुई रहती है। त्रिभिः जातः त्रिजातः, न त्रिजातः अत्रिजातः (न० त०), तस्य। (२) शशिनः—चन्द्रमा की। शशः (कलङ्कः) अस्ति अस्य इति शशी शश+इनि तस्य। (३)

सज्जनस्य—साधु पुरुष की । सन् जनः सज्जनः (कर्म० स०), तस्य । (४) **रात्रिजातस्य**—(१) रात में उत्पन्न । रात्रौ जातः (स० त०), तस्य । (२) दुर्जन-पक्ष में यहाँ 'वैरा' और 'त्रिजातस्य' अलग-अलग पद हैं । 'वैरा' का अर्थ है—वैर प्रधान । 'त्रिजातस्य' का अर्थ है—'तीन से उत्पन्न । त्रिभिः जातः (पं० त०), तस्य । वैरम् अस्ति अस्याः इति वैरा वैर+अच्+टाप् 'वैरा' 'मूर्तिः' का विशेषण होगा । 'सा+अवैरा=सावैरा' ऐसी विवक्षा करने पर 'अवैरा' सज्जन की मूर्ति का भी विशेषण होगा । (५) **तमसः**—अंधकार की । 'अन्धकारोऽस्त्रियां ध्वान्तं तमिस्रं तिमिरं तमः' इत्यमरः । (६) **दुर्जनस्य**—दुष्ट पुरुष की । दुष्टो जनः दुर्जनः (प्रादि समास) । 'पिशुनो दुर्जनः खलः' इत्यमरः ।

इस श्लोक में अनुष्टुप् छन्द है और सज्जन-दुर्जन में परस्पर उपमान-उपमेय-भाव व्यञ्जित होता है ॥६॥

जो सरस काव्य काव्य का अभिनन्दन नहीं करता, वह मद्यप की भाँति उपेक्षणीय है—

निश्चितं ससुरः कोऽपि न कुलीनः समेऽमतिः ।
सर्वथासुरसम्बद्धं काव्यं यो नाभिनन्दति ॥१०॥

अन्वय—यः सर्वथासुरसम्बद्धं काव्यं न अभिनन्दति (सः) निश्चितमेव कोऽपि ससुरः, न कुलीनः समे अमतिः (अस्ति) ॥१०॥

संस्कृत-व्याख्या—यः—जनः, सर्वथा—सर्वप्रकारेण, सुरसं—शोभना रसाः शृङ्गारादयः यत्र तादृशं, बद्धं—रचितं, काव्यं—कविवाक्यं, न अभिनन्दति—न प्रशंसति, (सः) निश्चितमेव—नियतमेव, कोऽपि—कश्चन, ससुरः—सुरया मद्येन सहितः मद्यप इत्यर्थः, न कुलीनः—न सत्कुलोत्पन्नः, समे—साधौ, अमतिः—बुद्धिशून्यः विरुद्धमतिरिति यावत् (अस्ति) । पक्षान्तरे—यः, सर्वथा—सर्वप्रकारेण, असुरसम्बद्धम्—असुरैः दैत्यैः सम्बद्धं मिलितं, काव्यं—कविपुत्रं शुक्राचार्यमिति यावत्, न अभिनन्दति—न प्रशंसति, सः, निश्चितमेव, कोऽपि, सुरः—देवः, न—नहि, कुलीनः—कौ पृथिव्यां लीनः कृतनिवासः, समेमतिः—मा लक्ष्मीः इः कामः ताभ्यां सहितः समः=विष्णुः तस्मिन् नमतिः बुद्धिः यस्य तादृशः (अस्ति) ॥१०॥

हिन्दी अनुवाद—जो सर्वथा सुन्दर (शृंगार आदि) रसों से युक्त काव्य-बन्ध (काव्य-रचना) का अभिनन्दन नहीं करता है, वह निश्चित ही कोई मद्यप (शराबी), अकुलीन तथा साधुपुरुष के प्रति विरुद्ध विचार रखने वाला है। (पक्षान्तर में—जो सर्वथा दैत्यों से सम्बन्धित शुक्राचार्य का अभिनन्दन नहीं करता है, वह निश्चित ही कोई देवता, पृथ्वी में लीन रहने वाला नहीं अर्थात् स्वर्गस्थ तथा लक्ष्मी और प्रद्युम्न सहित विष्णु में बुद्धि लगाने वाला है)॥१०॥

टिप्पणी—(१) **सर्वथासुरसम्बद्धम्**—(काव्य-पक्ष में) सर्वथा+सुरसम् +बद्धम्=सब प्रकार से सुन्दर रसों वाले काव्यबन्ध (कवि-रचना) का। सुष्ठु शोभनाः रसाः यस्मिन् तत् (ब० स०)। (शुक्राचार्यपक्ष में) सब प्रकार से असुरों से सम्बन्ध रखने वाले। (२) **काव्यम्**—(१) कवि की रचना। कवेर्भावः कर्म वा काव्यम् कवि+ष्यञ्। (२) कवेः अपत्यं काव्यः कवि+घञ् (स्वार्थे)। 'शुक्रो दैत्यगुरुः काव्य उशना भार्गवः कविः' इत्यमरः। (३) **न अभिनन्दति**—अभिनन्दन या प्रशंसा नहीं करता है। (४) **ससुरः**—(१) मद्य (पीने) वाला। सुरया सहितः ससुरः ('तेन सहेति'—ब० स०), सहस्य सादेशः। (२) स+सुरः=देवः। (५) **न कुलीनः**—(१) अच्छे कुल का नहीं। कुलस्यापत्यं वा कुले भवः कुलीनः कुल+ख—ईन। (२) पृथ्वी के आश्रित नहीं अर्थात् स्वर्गनिवासी। कौ लीनः कुलीनः (सुप्सुपास०) (५) **समेऽमतिः**—(१) सज्जनों के प्रति अनुकूल मति न रखने वाला। न मतिर्यस्य स अमतिः (न० ब० स०)। (२) लक्ष्मी तथा काम सहित विष्णु में मति (ध्यान) लगाने वाला। मासहितः इः इति समेः (मध्य० स०) अथवा मा च इश्च इति मयौ (द्व० स०), ताभ्यां सहितः समेः ('तेन सहेति'—ब० स०), तस्मिन् मतिः यस्य स समेमतिः (ब० स०)।

इस श्लोक में भी अनुष्टुप् छन्द है ॥१०॥

आद्य कवि वाल्मीकि की स्तुति—

सदूषणापि निर्दोषा सखरापि सुकोमला।
नमस्तस्मै कृता येन रम्या रामायणी कथा ॥११॥

अन्वय:—येन सदूषणापि निर्दोषा, सखरा अपि सुकोमला, रम्या रामायणी कथा कृता तस्मै नमः ।।११।।

संस्कृत-व्याख्या—येन—आदिकविना, सदूषणापि—दोषसहितापि, निर्दोषा—दोषरहिता (इति विरोधः सदूषणापि—दूषणेन रावणभ्रात्रा राक्षसेन सहिता अपि इति तत्परिहारः), सखरा अपि—खरेण कठोरतागुणेन सहिता अपि, सुकोमला—सुमृद्वी (इति विरोधः सखरा अपि—खरेण खरनामकराक्षसेन सहिता अपि इति तत्प रिहारः), रम्या—रमणीया, रामायणी कथा—रामचरितसम्बन्धिनी प्रबन्धरचना, कृता—विरचिता, तस्मै नमः—तं नमस्करोमि ।।११।।

हिन्दी अनुवाद—जिसने दूषणयुक्त होने पर भी निर्दोष तथा खरयुक्त होने पर भी अत्यन्त कोमल रमणीय रामायण-कथा विरचित की, उस (आदि-कवि) को नमस्कार है ।।११।।

टिप्पणी—(१) सदूषणापि—(२) दोषसहित, दूषण नामक राक्षस सहित। प्रथम अर्थ में यहाँ विरोध उपस्थित होता है, क्योंकि जो दोषसहित है वह निर्दोष कैसे हो सकता है, इसका परिहार दूसरे अर्थ से हो जाता है। दूषण रावण का भाई और सेनापति था। (२) सखरा—कठोरता (कठिन अर्थ) से युक्त, (२) खर नामक राक्षस सहित। यहाँ भी प्रथम अर्थ में विरोध उपस्थित होता है और दूसरे अर्थ से उसका परिहार हो जाता है। खर राक्षस जन-स्थान का रक्षक सेनापति था।

इस श्लोक में विरोधाभास अलंकार है और अनुष्टुप् छन्द है ।।११।।

भगवान् वेदव्यास की स्तुति—

व्यासः क्षमाभृतां श्रेष्ठो वन्द्यः स हिमवानिव ।
सृष्टा गौरीदृशी येन भवे विस्तारिभारता ।।१२।।

अन्वय—हिमवान् इव क्षमाभृतां श्रेष्ठः स व्यासः वन्द्यः, येन भवे ईदृशी विस्तारिभारता गौः सृष्टा ।।१२।।

संस्कृत-व्याख्या—हिमवान् इव—हिमालय इव, क्षमाभृतां—क्षमाशालिनां (हिमालयपक्षे पर्वतानां), श्रेष्ठः—उत्तमः, सः—प्रसिद्धः, व्यासः—सत्यवती-

सुतः, वन्द्यः—वन्दनीयः, येन—व्यासेन हिमवता च, भवे—संसारे शंकरे च, ईदृशी—लोकोत्तरा विलक्षणा च, विस्तारिभारता (गौरीपक्षे) विस्तारिणी विस्तरणशीला भा कान्तिः यस्याः तादृशी, रता शिवेऽनुरक्ता च, (वाणीपक्षे) विस्तारि प्रसरणशीलं भारतं महाभारतनामकग्रन्थः यस्याः तादृशी, गौः—वाणी गौरी पार्वती च, सृष्टा—रचिता उत्पादिता च ॥१२॥

हिन्दी-अनुवाद—हिमालय के समान क्षमाशील व्यक्तियों में (हिमालय-पक्ष में पर्वतों मे) श्रेष्ठ वे व्यास जी वन्दनीय हैं, जिन्होंने संसार में (गौरी-पक्ष में—शंकार में) ऐसी विशाल महाभारत रूपी वाणी (गौरी-पक्ष में विस्तृत कान्ति वाली एवं (शिव में) अनुरक्त गौरी=पार्वती) की सृष्टि की ॥१२॥

टिप्पणी—(१) हिमवान्—हिमालय। हिमम् अस्यास्तीति हिमवान् हिम+मतुप्, वत्व। (२) क्षमाभृताम्—क्षमाशीलों, (२) पर्वतों, में। क्षमणं क्षमा√क्षम्+अङ+टाप्। अथवा क्षमते इति क्षमा√क्षम्+अच्+टाप्। क्षमां बिभ्रति ये ते क्षमाभृतः क्षमा√भृ+ क्विप्, तुक् (त्) आगम=क्षमाभृतः, तेषाम्। 'सहनं क्षमा' इति कोषः। (३) व्यासः—अष्टादशपुराणप्रणेता व्यास। 'व्यासः सत्यवतीसुतः' इति कोषः। (४) भवे—संसार में, (२) शिव में। 'भवः क्षेमेश-संसारे सत्तायां प्राप्तिजन्मनोः' इति कोषः। (५) विस्तारिभारता—(१) विसरणशील या विशाल महाभारत की रचना वाली, (२) विसरणशील कान्ति वाली तथा (शिव में) अनुरक्त। वि√स्तृ+णिनि=विस्तारि। विस्तारि भारतं यस्याः सा (ब० स०)। 'गौः' (वाणी) का विशेषण। विस्तारिणो भा यस्याः सा 'विस्तारिभा' (ब० स०) तथा 'रता' ये दोनों व्यस्त पद हैं तथा 'गौः' (गौरी) के विशेषण हैं। (६) गौः—(१) वाणी, (२) गौरी=पार्वती। (७) सृष्टा—रचना की, (२) उत्पन्न की अर्थात् व्यासने महाभारतकथा लिखी और हिमालय ने पार्वती को उत्पन्न किया।

इस श्लोक में श्लिष्टोपमा अलंकार और अनुष्टुप् छन्द है ॥१२॥

महाभारत की कथा सबको आनन्द देती है—

कर्णान्तविभ्रमभ्रान्तकृष्णार्जुनविलोचना।
करोति कस्य नाह्लादं कथा कान्तेव भारती ॥१३॥

अन्वय--कर्णान्तविभ्रमभ्रान्तकृष्णार्जुनविलोचना कान्ता इव भारती कथा कस्य आह्लादं न करोति ॥१३॥

संस्कृत-व्याख्या--कर्णान्तविभ्रम०--(कान्तापक्षे) कर्णान्तयोः श्रोत्रप्रान्तयोः विभ्रमेण विलासेन भ्रान्ते चञ्चले कृष्णार्जुने नीलधवले विलोचने नयने यस्याः तथाभूता (भारती-कथापक्षे) कर्णस्य राधेयस्य अन्ते विनाशे (सति) विभ्रमेण विस्मयेन वेः गरुडस्य भ्रमेण वेगेन वा भ्रान्ताः कृष्णार्जुनविलोचनाः कृष्णः वासुदेवः अर्जुनः पार्थः विलोचनः धृतराष्ट्रः यस्यां तथाभूता, कान्ता इव --सुन्दरीव, भारती कथा--महाभारतकथा, कस्य--जनस्य, आह्लादं--हर्षातिरेकं, न करोति--न विदधाति ? अपितु सर्वस्य आह्लादं करोतीत्यर्थः ॥१३॥

हिन्दी-अनुवाद--कानों के अन्त तक विलासपूर्वक घुमाये गये नीले और श्वेत नेत्रों वाली (अर्थात् विलासपूर्वक तिरछी चितवन डालने वाली) ललना के समान कर्ण का विनाश हो जाने पर आश्चर्य से चंचल कृष्ण, अर्जुन तथा धृतराष्ट्र वाली महाभारत की कथा किसको आनन्दित नहीं करती ? ॥१३॥

टिप्पणी--(१) कर्णान्तविभ्रम०--(ललना-पक्ष में) कर्णप्रान्तपर्यन्त विलासपूर्वक अपनी नीली एवं उजली आँखों को घुमाने वाली। (महाभारतीय-कथा पक्ष में) कर्ण के मारे जाने पर आश्चर्य से या गरुड के वेग से घूम जाने वाले कृष्ण, अर्जुन तथा धृतराष्ट्र के वर्णन से युक्त। (२) भारती—महाभारतसम्बन्धी। भारतस्य इयं भारती भारत+अण्+ङीप्। (३) आह्लादम्--आनन्द। आ√ह्लाद्+घञ्।

इस श्लोक में श्लिष्ट उपमा अलंकार है और अनुष्टुप् छन्द है ॥१३॥

बाणभट्ट तथा गुणाढ्य कवि की प्रशंसा--

शश्वद्बाणद्वितीयेन नमदाकारधारिणा।
धनुषेव गुणाढ्येन निःशेषो रञ्जितो जनः ॥१४॥

अन्वय—धनुषा इव शश्वत् बाणद्वितीयेन नमदाकारधारिणा गुणाढ्येन निःशेषः जनः रञ्जितः ॥१४॥

संस्कृत-व्याख्या--धनुषा--चापेन, इव--यथा, शश्वत्--निरन्तरं सर्वदा इत्यर्थः, बाणद्वितीयेन—महाकविबाणभट्टसहितेन, नमदाकारधारिणा—न

मदाकारं गर्विताकृतिं धरतीत्येवंशीलेन, गुणाढ्येन--बृहत्कथाकारेण गुणाढ्यनामककविना, निःशेषः जनः--समस्तो लोकः, रञ्जितः--प्रमोदं प्रापितः। (धनुः पक्षे--बाणद्वितीयेन--बाणः शरः द्वितीयः सहायकः यस्य तादृशेन, नमदाकारधारिणा--नमत् वक्रम् आकारम् आकृतिं धरतीत्येवंशीलेन, गुणाढ्येन--गुणेन मौर्व्या आढ्येन सम्पन्नेन, निःशेषः--अखिलः, जनः--लोकः शत्रुवर्ग इत्यर्थः, अरम्--अत्यर्थं, जितः--पराभूतः) ॥१४॥

हिन्दी-अनुवाद--धनुष के समान निरन्तर बाणकविसहित (धनुष पक्ष में तीर सहित), विनम्र या गर्वशून्य आकृति वाले (धनुष-पक्ष में झुके हुए आकार वाले) गुणाढ्य (नामक कवि) ने (धनुष पक्ष में प्रत्यञ्चा से युक्त) सभी लोगों का अनुरंजन किया (धनुष-पक्ष में--सब लोगों को पूर्णरूप से जीत लिया) ॥१४॥

टिप्पणी--(१) शश्वत्--निरन्तर। 'शश्वदभीक्ष्णमसकृत्समाः' इत्यमरः। (२) बाणद्वितीयेन--(१) बाणभट्ट सहित अथवा जिसके सम्मुख बाणभट्ट जैसा यशस्वी कवि भी द्वितीय स्थान प्राप्त करता है। (२) तीर सहित अथवा जिसका सहायक बाण है। (३) नमदाकारधारिणा--(१) गर्वित आकार न धारण करने वाले अर्थात् विनम्र। (२) झुकी हुई या टेढ़ी आकृति धारण करने वाले। मदयुक्तः आकारः (मध्य० स०), मदाकारं धरति इति मदाकार √धृ+णिनि। न मदाकारधारिणा। नमन् आकारः (कर्म० स०), नमदाकार√धृ+णिनि=नमदाकारधारि (धनुः), तेन। (४) गुणाढ्येन--(१) गुणाढ्य नामक कवि ने। (२) गुण (प्रत्यंचा) से युक्त। गुणेन आढ्यम् (धनुः), तेन। (५) जनः रञ्जितः--(१) लोगों का अनुरंजन किया। (२) लोगों को अत्यन्त जीत लिया। जनः+अरम्+जितः=जनोऽरञ्जितः।

इस श्लोक में भी श्लिष्टोपमा अलंकार है और अनुष्टुप् छन्द है ॥१४॥

इत्थं काव्यकथाकथानकरसैरेषां कवीनाममी
विद्वांसः परिपूर्णकर्णहृदयाः कुम्भाः पयोभिर्यथा।
वाचो वाच्यविवेकविक्लवधियामीदृग्विधा मादृशां
लप्स्यन्ते क्व किलावकाशमथवा सर्वंसहाः सूरयः ॥१५॥

अन्वय--इत्थम् अमी विद्वांसः पयोभिः कुम्भा यथा एषां कवीनां काव्यकथाकथानकरसैः परिपूर्णकर्णहृदयाः (सन्ति), (अतः) मादृशां वाच्यविवेकविक्लवधियाम् ईदृग्विधाः वाचः क्व किल अवकाशं लप्स्यन्ते, अथवा सूरयः सर्वंसहाः (भवन्ति) ।।१५।।

संस्कृत-व्याख्या--इत्थम्--अमुना प्रकारेण, अमी—एते आधुनिकाः, विद्वांसः--सुधयः, पयोभिः--दुग्धैः, कुम्भाः--कलशाः, यथा—इव, एषां—पूर्वोक्तानां, कवीनां--काव्यकर्तॄणां, काव्यकथाकथानकरसैः—काव्यानि नाटकादीनि कथाः कादम्बर्यादयः कथानकानि आख्यानकानि तेषां रसैः, परिपूर्णकर्णहृदयाः--परिपूर्णानि आपूरितानि कर्णौ श्रोत्रे हृदयं चित्तं च येषां तादृशाः (सन्ति) (कुम्भपक्षे--परिपूर्णे आपूरिते कर्णं ऊर्ध्वभागो हृदयं मध्यभागश्च येषां तादृशाः) (अतः) मादृशां--मद्विधानां, वाच्यविवेकविक्लवधियां--वाच्यस्य अभिधेयस्य विवेके अवधारणे विक्लवा अकुशला धीः बुद्धिर्येषां तेषाम् ईदृग्विधाः--एवम्प्रकाराः, वाचः--गिरः, क्व--कुत्र, किल—खलु, अवकाशं—स्थानं, लप्स्यन्ते--प्राप्स्यन्ति, अथवा—आहोस्वित्, सूरयः--विद्वांसः, सर्वंसहाः--सर्वं शिवमशिवं वा सहन्ते--मर्षयन्तीति तादृशाः (भवन्ति) ।।१५।।

हिन्दी-अनुवाद--इस प्रकार ये (आधुनिक) विद्वान् दूध से (भरे) घड़े के समान इन कवियों (वाल्मीकि आदि) के काव्य, कथा तथा आख्यानकों के रसों से भरे कान तथा हृदय वाले हैं। (इसलिए) वाच्यार्थ के विवेक में कुण्ठित बुद्धि वाले मुझ जैसों की इस प्रकार की वाणियाँ भला कहाँ स्थान पायेंगी? अथवा विद्वान् लोग सब सहन करने वाले होते हैं ।।१५।।

टिप्पणी--(१) पयोभिः—दूध से। 'पयः क्षीरे च नीरे च' इति हैमः। (२) कुम्भाः—कलश। कुम् भुवम् उम्भतीति कु√उम्भ्+अच्, शकन्ध्वादित्वात् पररूप। (३) काव्यकथाकथानकरसैः--काव्यों, कथाओं और आख्यानकों के रसों से। काव्यानि च कथाश्च आख्यानकानि च (द्व० स०), तेषां रसाः (ष० त०), तैः। (४) परिपूर्णकर्णहृदयाः--जिनके कान और हृदय भर गये हैं। कर्णाश्च हृदयानि च (द्व० स०), परिपूर्णानि कर्णहृदयानि येषां ते (ब० स०)। (५) वाच्यविवेकविक्लवधियाम्--अभिधेयार्थ का निश्चय करने में कुंठित बुद्धि वाले। वाच्यस्य विवेकः (ष० त०), तस्मिन् विक्लवा

धीः येषां ते (ब० स०), तेषाम् । (६) ईदृग्विधाः—इस प्रकार की । ईदृशी विधा यासां ताः (ब० स०) । (७) सर्वंसहाः—सब कुछ सहने वाले अर्थात् सबका आदर करने वाले । इसलिए मेरे काव्य को भी वे पढ़ेंगे तथा सुनेंगे । सर्वं सहन्ते इति सर्वंसहाः सर्व√सह्+खच्, मुमागम ।

इस श्लोक में उपमा अलंकार है तथा शार्दूलविक्रीडित छन्द है, जिसका लक्षण है—'सूर्याश्वैर्यदि मः सजो सततगाः शार्दूलविक्रीडितम्' ॥१५॥

समंगश्लेष की विशेषता—

वाचः काठिन्यमायान्ति भङ्गश्लेषविशेषतः ।
नोद्वेगस्तत्र कर्तव्यो यस्मान्नैको रसः कवेः ॥१६॥

अन्वय—वाचः भङ्गश्लेषविशेषतः काठिन्यम् आयान्ति तत्र उद्वेगः न कर्तव्यः, यस्मात् कवेः एकः रसः न (भवति) ॥१६॥

संस्कृत-व्याख्या—वाचः—काव्य-वाण्यः, भङ्गश्लेषविशेषतः—भङ्गश्लेषस्य सभङ्गश्लेषालङ्कारस्य विशेषतः वैशिष्ट्यात्, काठिन्यं—दुर्बोधत्वम्, आयान्ति—प्राप्नुवन्ति, तत्र—तस्मिन्, उद्वेगः—चित्तवैक्लव्यं, न कर्तव्यः—न विधेयः, यस्मात्—यतः, कवेः—काव्यकर्तुः, एकः—एकप्रकारः, रसः—रुचिः न—नहि (भवति) ॥१६॥

हिन्दी अनुवाद—(काव्य की) वाणियाँ सभंगश्लेष की विशेषता से कठिन हो जाती हैं। पर उससे घबराना नहीं चाहिए। क्योंकि कवि के लिए एक ही रस नहीं है ।।१६।।

टिप्पणी—(१) **भङ्गश्लेषविशेषतः**—सभंगश्लेष की विशेषता से अर्थात् श्लेषालंकार की छटा से । भज्यन्ते शब्दाः अस्मिन् इति भङ्गः√भञ्ज्+घञ् । भङ्गश्चासौ श्लेषः भङ्गश्लेषः (कर्म० स०), भङ्गश्लेषस्य विशेषः (ष० त०), तस्मात् इति भङ्गश्लेषविशेषतः भङ्गश्लेषविशेष+तस् । (२) **काठिन्यम्**—कठिनता। कठिनस्य भावः काठिन्यम् कठिन+ष्यञ् । (३) **उद्वेगः**—घबराहट। उद्√विज्+घञ्। (४) **नैको रसः**—एक ही रस नहीं अर्थात् एक ही प्रकार की रुचि नहीं होती है; क्योंकि कवि अपने काव्य में कहीं कठिनता और कहीं मृदुता सृष्ट करता है, जिससे रसास्वाद दुष्कर नहीं होता है।

इस श्लोक में अनुष्टुप् छन्द है ॥१६॥

काव्य की आम्रफल से उपमा दी जा रही है--

काव्यस्याम्रफलस्येव कोमलस्येतरस्य च ।
बन्धच्छायाविशेषेण रसोऽप्यन्यादृशो भवेत् ॥१७॥

अन्वय--आम्रफलस्य इव कोमलस्य इतरस्य च काव्यस्य बन्धच्छाया-विशेषेण रसः अपि अन्यादृशः भवेत् ॥१७॥

संस्कृत-व्याख्या--आम्रफलस्य इव--रसालफलस्य इव, कोमलस्य--सुकुमारस्य प्रसादगुणयुक्तस्येत्यर्थः (आम्रपक्षे परिपक्वस्य) इतरस्य च--तद्भिन्नस्य कठिनस्य श्लिष्टस्येत्यर्थः (आम्रपक्षे अपक्वस्य), काव्यस्य--काव्य-ग्रन्थस्य, बन्धच्छायाविशेषेण--बन्धस्य पदरचनानैपुण्यस्य छायायाः व्यंग्यार्थस्य च विशषः वैशिष्ट्यं तेन (आम्रफलपक्षे--बन्धः अवयवसंघटनं छाया रक्तपीता-दिकान्तिश्च तयोः विशेषेण भेदेन) रसोऽपि--शृङ्गारादिरसोऽपि (आम्रपक्षे रसपदार्थोऽपि), अन्यादृशः--भिन्नरूपः (आम्रपक्षे मधुराम्लतिक्तादिरूपः), भवेत् ॥१७॥

हिन्दी अनुवाद--आम के फल की तरह कोमल (आम्र-पक्ष में परिपक्व तथा काव्य-पक्ष में प्रसादगुणसम्पन्न) और कठोर (आम्र-पक्ष में अपरिपक्व तथा तथा काव्य-पक्ष में श्लिष्ट) काव्य का भी पद-रचना एवं व्यंग्यार्थ की विशेषता से (आम्रफल-पक्ष में अवयव-संघटन तथा रक्त-पीतादि छाया) से रसास्वाद भिन्न-भिन्न प्रकार का हो जाता है ॥१७॥

टिप्पणी--(१) बन्धच्छायाविशेषेण--बन्ध (आम्र-पक्ष में अवयव-सघटन (काव्य-पक्ष में) पद-संघटन या पद-रचनानैपुण्य) और छाया (आम्रपक्ष में हरी-पीली-लाल आदि । (काव्य-पक्ष में व्यंग्यार्थ) की विशेषता के कारण । (२) रसः--(१) शृंगार आदि, (२) फल-रस । रस्यते इति रसः√रस्+अच् वा घ । (३) अन्यादृशः--भिन्न-भिन्न प्रकार का । अर्थात् काव्य-पक्ष में शृंगार-वीर आदि प्रकार का और आम्र-पक्ष में मधुर-अम्ल आदि प्रकार का ।

इस श्लोक में श्लिष्ट उपमा अलंकार है और अनुष्टुप् छन्द है ॥१७॥

कविवंशादिवर्णनम्

अस्ति समस्तमुनिमनुजवृन्दवृन्दारकवन्दनीयपादारविन्दस्य भगवतः विधेर्विश्वव्यापिव्यापारपारवश्यादवतीर्णस्य संसारचक्रे क्रतुक्रियाकाण्डशौण्डस्य शाण्डिल्यनाम्नो महर्षेर्वंशः ।

संस्कृत-व्याख्या—समस्तमुनिमनुज०—समस्ताः सकलाः मुनयः ऋषयः मनुजवृन्दं मानवसमूहः वृन्दारकाः देवाः तैः वन्दनीये पूज्ये पादारविन्दे चरणकमले यस्य तादृशस्य, भगवतः—ऐश्वर्यसम्पन्नस्य, विधेः—ब्रह्मणः, विश्वव्यापिव्यापारपारवश्यात्—विश्वव्यापी सम्पूर्णलोकव्यापी यो व्यापारः क्रिया तस्य पारवश्यात् पारतन्त्र्यात्, संसारचक्रे—भुवनमण्डले, अवतीर्णस्य—गृहीतजन्मनः, क्रतुक्रियाकाण्डशौण्डस्य—क्रतोः यज्ञस्य क्रियाकाण्डे कर्मपद्धतौ शौण्डस्य प्रवीणस्य, शाण्डिल्यनाम्नः—शाण्डिल्याख्यस्य, महर्षेः—महामुनेः, वंशः—कुलम्, अस्ति—विद्यते ।

हिन्दी अनुवाद—समस्त मुनियों, मानव-समूह एवं देवताओं से वन्दना के योग्य चरण-कमल वाले भगवान् ब्रह्मा के विश्वव्यापी व्यापार (सृष्टि-रचना) की परतंत्रता के कारण संसार-चक्र में जन्म ग्रहण किये हुए और यज्ञीय कर्मकाण्ड में दक्ष शाण्डिल्य नामक महर्षि का वंश है ।

टिप्पणी—वृन्दारक—देवता । 'वृन्दारका दैवतानि पुंसि वा देवता स्त्रियाम्' इत्यमरः । भगवतः—ऐश्वर्यशाली । 'भगं श्रीकाममाहात्म्यवीर्ययत्नार्ककीर्तिषु' इत्यमरः । विश्वव्यापी—संसार भर में फैला हुआ । विश्वं व्याप्नोति तच्छीलः इति विश्व—वि√आप्+णिनि कर्तरि ताच्छील्ये । संसारचक्रे—भवचक्र या भुवनमण्डल में । संसरतीति संसारः सम्√सृ+घञ् । संसारः चक्रमिव इति संसारचक्रम् (उपमितस०), तस्मिन् ।

श्रूयन्ते च यत्र श्रवणोचिताश्चन्दनपल्लवा इव केचिदनूचानाः शुचयः सत्यवाचो विरञ्चिवर्चसोऽर्चनीयाचारा ब्रह्मविदो ब्राह्मणाः । पुण्यजनाश्च न च ये लङ्कापुरुषाः, ससूत्राश्च न च ये लम्पटाः, प्रसिद्धाश्च न च ये लम्पाकाः, कामवर्षाश्च न च ये लङ्घनाः सन्मार्गस्य, नव-

वयसोऽपि न च ये लम्बालकाः, महाभारतिकाश्च न च ये रङ्गोपजीविनः, सेविताप्सरसोऽपि न च ये रम्भयान्विताः ।

संस्कृत-व्याख्या—यत्र—यस्मिन् शाण्डिल्यवंशे, श्रवणोचिताः—आकर्णनयोग्याः, चन्दनपल्लवा इव—मलयजकिशलया इव, केचित्—केचन, अनूचानाः—साङ्गवेदपाठिनः, शुचयः—पवित्राः, सत्यवाचः—सत्या वाक् वचनं येषां तादृशाः, विरञ्चिवर्चसः—विरञ्चेः ब्रह्मणः वर्च तेजः इव वर्चः येषां तादृशाः, अर्चनीयाचाराः—अर्चनीयः पूजनीयः आचारः आचरणं येषां ते तथाभूताः, ब्रह्मविदः—ब्रह्म वेदम् आत्मानं च विदन्ति जानन्ति इति ब्रह्मविदः ब्रह्मज्ञातारः, ब्राह्मणाः—विप्राः, श्रूयन्ते—आकर्ण्यन्ते । ये—ब्राह्मणाः, पुण्यजनाः—पवित्रपुरुषाः, न च, अलम्—अत्यर्थं, कापुरुषाः कुत्सितपुरुषाः (अनेन अर्थेन अत्र पुण्यजनाः=राक्षसाः, न च, लङ्कापुरुषाः लङ्कावासिनो राक्षसाः इति प्रतीयमानस्य विरोधस्य परिहारो भवति), ये, ससूत्राः—यज्ञोपवीतधारिणः न च, लम्पटाः—धूर्ताः (अनेन अर्थेन ससूत्राः—तन्तुभिः सहिताः, न च, अलम्—अत्यर्थम् पटाः—वस्त्राणि, इति विरोधस्य परिहारः), ये, प्रसिद्धाः—विख्याताः, न च, लम्पाकाः—लम्पटाः (अनेन अर्थेन प्रसिद्धाः—प्रकर्षेण सिद्धाः अग्निना संस्कृताः, न च, अलम्—अत्यर्थं, पाकाः—पक्वाः इति विरोधस्य परिहारः), ये, कामवर्षाः—कामं यथेष्टं वर्षन्तीति कामवर्षाः अभिलषितप्रदातारः, न च, लङ्घनाः—अतिक्रमणशीलाः सन्मार्गस्यसत्यपथस्य, (अनेन अर्थेन कामवर्षाः—यथेष्टं वर्षणशीलाः न च, अलम् —अत्यर्थं, घनाः मेघाः इति विरोधस्य परिहारः), ये, नववयसोऽपि—नवं नूतनं वयः अवस्था येषां तादृशाः अपि, न च, लम्बालकाःलम्बाः—दीर्घाः अलकाः केशाः येषां तादृशाः अग्निहोत्रित्वात् (अनेन नववयसोऽपि, न च, अलम् बालकाः—शिशवः इति विरोधस्य परिहारः), ये, महाभारतिकाश्च—महाभारतेन जीवन्ति इति महाभारतिकाः महाभारतकथावाचका इत्यर्थः न च, रङ्गोपजीविनः—अरम्—अत्यर्थम्, गां पृथिवीं पातीति गोपः तस्मात् गोपात् भूमिपालात् जीवन्ति इति गोपजीविनः राजप्रदत्तान्नादिकं न गृह्णन्ति इति यावत् (अनेन महाभारतिकाः—महान्तो नटाः, न च, रङ्गोपजीविनः—अभिनयवृत्तयः इति विरोधपरिहारः), ये, सेविताप्सरसः अपि—सेवितानि अपां जलानां सरांसि तड़ागाः यैः तादृशाः अपि, न च, अरम्—अत्यर्थम्, भयान्विताः—त्रास-

युक्ताः (अनेन सेविताप्सरसोऽपि—सेविताः उपभुक्ताः अप्सरसः देवांगनाः यैः तादृशाः अपि, न च, रम्भया एतदाख्याप्सरोभिः अन्विता युवतेति विरोधपरिहारः) ।

हिन्दी अनुवाद––जहाँ (शाण्डिल्य-वंश में) चन्दन के पल्लवों के समान कानों में धारण करने योग्य (अर्थात् प्रिय लगने वाले या उपदेश श्रवण योग्य), सांग वेदों के अध्येता, पवित्र, सत्यवक्ता, ब्रह्मा के समान तेजस्वी, वन्दनीय आचरण वाले तथा ब्रह्म को जानने वाले कुछ ब्राह्मण सुने जाते हैं । [इसके आगे इस गद्यखण्ड में समङ्गश्लेष होने के कारण एक अर्थ से विरोध होता है और दूसरे अर्थ से उसका परिहार हो जाता है ।] (विरोध––) जो पुण्यजन=राक्षस हैं किन्तु लङ्कापुरुष=राक्षस नहीं हैं । (परिहार––) जो पुण्यजन=पुण्यात्मा हैं किन्तु अलम्=अत्यन्त कापुरुष=कायर पुरुष नहीं है । (विरोध––) जो सूत्र (धागे) सहित हैं किन्तु बिलकुल ही वस्त्र नहीं हैं । (परिहार––) जो सूत्र (यज्ञोपवीत तथा कटिसूत्र) सहित हैं किन्तु लम्पट (धूर्त) नहीं हैं । (विरोध––) जो पूर्ण रूप से सिद्ध (पक गये हुए) हैं किन्तु बिलकुल पके नहीं हैं । (परिहार––) जो विख्यात हैं किन्तु लम्पट (लफंगे) नहीं हैं । (विरोध––) जो यथेष्ट वर्षा करने वाले हैं किन्तु पर्याप्त बादल नहीं है । (परिहार––) जो कामनाओं के वर्षक (देने वाले) हैं किन्तु सन्मार्ग का लंघन करने वाले नहीं हैं । (विरोध––) जो नई अवस्था वाले हैं किन्तु निरा बालक नहीं हैं। (परिहार––) जो नवीन अवस्था वाले हैं किन्तु (अग्नि-होत्री होने के नाते) लंबे बाल वाले नहीं हैं। (विरोध––)जो महान् नट (अभिनयोपजीवी) हैं किन्तु रंगमंच से जीविका चलाने वाले नहीं हैं । (परिहार––) जो महाभारत की कथा बांचने वाले हैं किन्तु राजोपजीवी बिलकुल नहीं हैं । (विरोध––) जो अप्सराओं का सेवन करने वाले हैं किन्तु रम्भा से युक्त नहीं हैं । (परिहार––) जो जल के सरोवर का सेवन करते हैं किन्तु भय से युक्त बिलकुलनहीं है ।

टिप्पणी––अनूचानाः––सांगोपांग वेद पढ़े हुए विद्वान् । अनु√वच्+कान नि० । विरञ्चि––ब्रह्मा । 'विरञ्चिः कमलासनः' इत्यमरः । पुण्यजन––(१) राक्षस । 'यातुधानः पुण्यजनो नैर्ऋतो यातुरक्षसी' इत्यमरः । (२) पवित्रात्मा । लङ्कापुरुषाः––(१) लंका के पुरुष अर्थात् राक्षस । (२) अलं कापुरुषाः

=बिलकुल कायर पुरुष । लम्पटा:--(१) धूर्त । (२) अलम्पटा:=बिलकुल वस्त्र । प्रसिद्धा:--(१) विख्यात ।(२) प्रकर्षेण सिद्धा:=पर्याप्त रूप से सिद्ध (रँधे हुए) । लम्पाका:--(१) लम्पट । (२) अलम्पाका:=बिलकुल पके हुए । कामवर्षा:--यथेष्ट बरसने वाले । लङ्घना:--(१) लांघने वाले । (२) अलङ्घना:=बिलकुल मेघ । लम्बालका:--(१) लंबे बालों वाले । (२) अलम्बालका:=बिलकुल बालक । महाभारतिका:--(१) महानट । भरतस्य मुनेः गोत्रापत्यम् भारतिका: भरत+ठञ्--इक । महान्तो भारतिका: महाभारतिका: (कर्म० स०) । (२) महाभारत की कथा बाँचकर जीविका चलाने वाले भरतान् भरतवंशीयान् अधिकृत्य कृतो ग्रन्थः भारतम् अथवा भारम् चतुर्वेदादिशास्त्रेभ्योऽपि सारं तनोतीति भारतम् । भारतेन जीवन्ति इति भारतिका: भारत+ठञ्--इक । महान्तो भारतिका: (कर्म० स०) । रङ्गोपजीविनः--(१) रंगशाला से जीविका चलाने वाले । (२) अरम्+गोपजीविनः=अत्यन्त राजोपजीवी । गां पातीति गोपः,=राजा, तस्मात् जीवन्ति इति गोपजोविनः गोप√जीव्+णिनि । सेविताप्सरस:--(१) अप्सरा का सेवन करने वाले । (२) जल के सरोवर का सेवन करने वाले ।

इस गद्य में श्लेषानुप्राणित विरोधाभास अलंकार है ।

किं बहुना

> जानन्ति हि गुणान्वक्तुं तद्विधा एव तादृशाम् ।
> वेत्ति विश्वम्भरा भारं गिरीणां गरिमाश्रयम् ॥१८॥

अन्वय—तद्विधा एव तादृशां गुणान् वक्तुं जानन्ति । हि गिरीणां गरिमाश्रयं भारं विश्वम्भरा वेत्ति ॥१८॥

संस्कृत-व्याख्या--तद्विधा एव--तादृशा एव शाण्डिल्यवंशोत्पन्नविप्रतुल्या एवेति यावत्, तादृशां--तथाविधानां सकलगुणगणमण्डितानामित्यर्थः, गुणान्--दयादाक्षिण्यादीन्, वक्तुं--कथयितुं, जानन्ति--विदन्ति । हि--यतः, गिरीणां पर्वतानां, गरिमाश्रयं--गुरुताधीनं, भारं--भरं, विश्वम्भरा--पृथ्वी, एव वेत्ति--जानाति ॥१८॥

हिन्दी अनुवाद——अधिक क्या (कहें)। उस प्रकार के लोग ही वैसे (गुणशालियों) के गुणों का वर्णन करना जानते हैं; क्योंकि पहाड़ों के गुरुता-मूलक भार को पृथ्वी ही जानती है ॥१८॥

टिप्पणी——(१) तद्विधाः——उस प्रकार के अर्थात् जैसे शाण्डिल्यकुलोद्भव ब्राह्मण थे वैसे। तेषां विधा इव विधा येषां ते तद्विधाः (ब० स०)। (२) गरिमाश्रयम्——गुरुता के आश्रित अर्थात् गुरु गंभीरता का। गुरोर्भावः गरिमा गुरु+इमनिच्, गरिम्णःआश्रयः (ष० त०) तम्। (३) विश्वम्भरा——पृथ्वी। विश्वम् बिभर्ति इति विश्वम्भरा विश्व √भृ+खच्, मुमागम+टाप्।

इस श्लोक में प्रतिवस्तूपमा अलंकार है और अनुष्टुप् छन्द है।।१८।।

तेषां वंशे विशदयशसां श्रीधरस्यात्मजोऽभूद्,
देवादित्यः स्वमतिविकसद्वेदविद्याविवेकः।
उत्कल्लोलां दिशि दिशि जनाः कीर्तिपीयूषसिन्धुं,
यस्याद्यापि श्रवणपुटकैः कूणिताक्षाः पिबन्ति ॥१९॥

अन्वय—विशदयशसां तेषां वंशे श्रीधरस्य आत्मजः देवादित्यः स्वमति-विकसद्वेदविद्याविवेकः अभूत्, यस्य दिशि दिशि उत्कल्लोलां कीर्तिपीयूषसिन्धुम् अद्यापि जनाः कूणिताक्षाः श्रवणपुटकैः पिबन्ति ॥१९॥

संस्कृत-व्याख्या——विशदयशसां——निर्मलकीर्तीनां, तेषां——शाण्डिल्यगोत्रोत्पन्नानां विप्राणां, वंशे——कुले, श्रीधरस्य——श्रीधरनाम्नो विप्रस्य, आत्मजः—पुत्रः, देवादित्यः——देवादित्यनामा विद्वान्, स्वमतिविकसद्वेदविद्याविवेकः——स्वस्य निजस्य मतिः बुद्धिः तस्यां विकसन् प्रस्फुटन् वेदविद्यया——श्रुतिज्ञानेन विवेकः सदसद्वस्तुज्ञानं यस्य तादृशः, अभूत्——जातः, यस्य——देवादित्यस्य, दिशि दिशि प्रतिदिशम्, उत्कल्लोलाम्——उत्तरङ्गिताम्, कीर्तिपीयूषसिन्धुं——यशोऽमृत-नदीम्, अद्यापि——अधुनापि, जनाः——लोकाः, कूणिताक्षाः——सुखात् किञ्चिन्नि-मीलिताक्षाः, श्रवणपुटकैः——श्रोत्रपुटैः, पिबन्ति——आस्वादयन्ति ॥१९॥

हिन्दी अनुवाद——निर्मल यश वाले उन ब्राह्मणों के वंश में श्रीधर के पुत्र देवादित्य अपनी बुद्धि से प्रकाशमान वेदविद्या के विवेकी हुए, जिनकी प्रत्येक दिशा में उत्तरंगित कीर्ति रूपी सुधा की नदी को लोग आज भी आनन्द से आँखें मींचकर कर्णपुटों से पी रहे हैं ॥१९॥

टिप्पणी--(१)**विशदयशसाम्**--धवल कीर्ति वाले । विशदं यशः येषां ते (ब० स०), तेषाम् (२) **स्वमति०**--अपनी बुद्धि में प्रकाशित होती हुई वेद-विद्या जन्य विवेक से सम्पन्न अर्थात् वेदविद्या के विशेषज्ञ। (३) **उत्कल्लोलाम्**--जिसमें तरंगे उठ रही हैं ऐसी, उमड़ती हुई । उद्गताः कल्लोलाः यस्यां सा, ताम् (ब० स०) 'अथोर्मिषु । महत्सूल्लोलकल्लोलौ' ।इत्यमरः । (४) **कीर्तिपीयूषसिन्धुम्**--यश रूपी अमृत की नदी या सागर को । (५) **कूणिताक्षाः**--कुछ-कुछ मुंदी हुई आंख वाले । कूणिते अक्षिणी येषां ते (ब० स०), समासान्तषच्प्रत्ययः । (६) **श्रवणपुटकैः**--कानरूपी चषकों या प्यालों से ।

इस श्लोक में रूपक अलंकार है और मन्दाक्रान्ता छन्द है ।।१६।।

देवादित्य के पुत्र त्रिविक्रम हुए--

तैस्तैरात्मगुणैर्येन त्रिलोक्यास्तिलकायितम् ।
तस्मादस्मि सुतो जातो जाड्यपात्रं त्रिविक्रमः ।।२०।।

अन्वय--येन तैः तैः आत्मगुणैः त्रिलोक्याः तिलकायितम् । तस्मात् जाड्यपात्रम् (अहं) त्रिविक्रमः सुतः जातः अस्मि ।।२०।।

संस्कृत-व्याख्या--येन--देवादित्येन, तैः तैः--सुप्रसिद्धैः, आत्मगुणैः--स्वगुणैः वैदुष्यादिभिः, त्रिलोक्याः--त्रिभुवनस्य, तिलकायितम्--तिलकवदाचरितम्, तस्मात्--देवादित्यात्, जाड्यपात्रम्--मन्दधीः (अहं), त्रिविक्रमः--त्रिविक्रमनामा, सुतः--पुत्रः, जातः--उत्पन्नः, अस्मि--विद्ये ।।२०।।

हिन्दी-अनुवाद--जो अपने उन-उन गुणों से तीनों लोक के तिलक सदृश थे । उनसे जड़ता का पात्र (मन्दबुद्धि) मैं त्रिविक्रम नाम का पुत्रउत्पन्न हुआ हूँ ।।२०।।

टिप्पणी--(१) **त्रिलोक्याः**--तीनों लोक के । त्रयाणां लोकानां समाहारः त्रिलोकी (द्विगु स०) ङीष् (ई), तस्याः । (२) **तिलकायितम्**--तिलक के समान आचरण किया । तिलकवत् आचरितम् इति तिलक+क्यङ (नामधातु) +क्त ।

इस श्लोक में धर्मलुप्तोपमा अलंकार है और अनुष्टुप् छन्द है ।।२०।।

कवि अपने अहंकार का निराकरण करता है--

सोऽहं हंसायितुं मोहाद् बकः पङ्गुर्यथेच्छति ।
मन्दधीस्तद्वदिच्छामि कविवृन्दारकायितुम् ॥२१॥

अन्वय--सः अहम् मन्दधीः यथा पङ्गुः बकः हंसायितुम् इच्छति, तद्वत् कविवृन्दारकायितुम् इच्छामि ॥२१॥

संस्कृत-व्याख्या--सः--जाड्यत्वेन प्रसिद्धः, अहं, मन्दधीः--मन्दबुद्धिः, यथा--यद्वत्, पङ्गुः--गमनासमर्थः, बकः--कह्वःबकपक्षीति यावत्, हंसायितुं--हंस इवाचरितुम्, इच्छति, तद्वत्--तथैव, कविवृन्दारकायितुं--कविवृन्दारक इव कविश्रेष्ठ इव आचरितुम्, इच्छामि--वाञ्छामि ॥२१॥

हिन्दी अनुवाद--सो मन्दबुद्धि मैं जैसे लंगड़ा बगुला हंस के समान आचरण करना चाहता है, उसी प्रकार कविवरों के समान आचरण करना चाहता हूँ ॥२१॥

टिप्पणी--(१) मन्दधीः--जड बुद्धि वाला। मन्दा धीः यस्य सः (ब० स०)। (२) कविवृन्दारकायितुम्--श्रेष्ठ कवि के समान आचरण करने के लिए। कविषु वृन्दारकः (स० त०), कविवृन्दारक इव आचरितुम् इति कविवृन्दारक+क्यङ दीर्घ (नामधातु) +तुमुन्।

इस श्लोक में उपमा अलंकार है और अनुष्टुप् छन्द है ॥२१॥

सभंगश्लेषमय काव्य का निर्माण करना कठिन होता है--

भङ्गश्लेषकथाबन्धं दुष्करं कुर्वता मया ।
दुर्गस्तरीतुमारब्धो बाहुभ्याम्भसां पतिः ॥२२॥

अन्वय--दुष्करं भङ्गश्लेषकथाबन्धं कुर्वता मया दुर्गः अम्भसां पतिः बाहुभ्यां तरीतुम् आरब्धः ॥२२॥

संस्कृत-व्याख्या--दुष्करं--कठिनं, भङ्गश्लेषकथाबन्धं--भङ्गश्लेषेण सभङ्गश्लेषेण कथाबन्धं कथारचनं, कुर्वता--विदधता, दुर्गः--दुर्गमः, अम्भसां पतिः--समुद्रः, बाहुभ्यां--भुजाभ्यां, तरीतुं--सन्तर्तुम्, आरब्धः--उपक्रान्तः ॥२२॥

हिन्दी अनुवाद--कठिन सभङ्गश्लेषमय कथाकाव्य की रचना करते हुए मैंने (मानों) दुर्गम समुद्र को भुजाओं से तैरना आरंभ किया है ॥२२॥

टिप्पणी—(१) दुष्करम्--कठिन, क्लेशसाध्य। दुस्√कृ+खल्। (२) भङ्गश्लेषकथाबन्धम्--भंगश्लेष से युक्त कथा की रचना। भज्यते इति भङ्गः √भञ्ज्+घञ्। श्लिष्यन्ति भिन्नं स्वरूपमपह्नुवते, एकस्वरूपतया भाषन्ते शब्दा यत्र स श्लेषः√श्लिष्+घञ्। भङ्गश्चासौ श्लेषः भङ्गश्लेषः (कर्म० स०) भङ्गश्लेषेण कथाबन्धः भङ्गश्लेषकथाबन्धः (सुप्सुपास०), तम्।

इस श्लोक में निदर्शना अलंकार है और अनुष्टुप् छन्द है ॥२२॥

कवि ही कवि के श्रम को जानता है—

उत्फुल्लगल्लैरालापाः क्रियन्ते दुर्मुखैः सुखम्।
जानाति हि पुनः सम्यक् कविरेव कवेः श्रमम् ॥२३॥

अन्वय--दुर्मुखैः उत्फुल्लगल्लैः सुखम् आलापाः क्रियन्ते पुनः हि कवेः श्रमं कविः एव सम्यक् जानाति ॥२३॥

संस्कृत-व्याख्या--दुर्मुखैः--दुष्टवदनैः दुर्जनैरित्यर्थः, उत्फुल्लगल्लैः—उत्फुल्लाः विस्तारिताः गल्लाः कण्ठदेशाः येषां तादृशैः (सद्भिः) सुखम्--अनायासम्, आलापाः—निन्दात्मिका आलोचनाः, क्रियन्ते--विधीयन्ते, पुनः—किन्तु, हि—निश्चयेन, कविः एव--काव्यनिर्माता एव, कवेः—काव्यनिर्मातुः, श्रमं—प्रयासं, सम्यक्--यथार्थतया, जानाति—वेत्ति ॥२३॥

हिन्दी अनुवाद—दुर्मुख लोग गला फाड़कर सुख से आलोचना करते हैं, किन्तु कवि के परिश्रम को तो कवि ही अच्छी तरह जान पाता है ॥२३॥

टिप्पणी—(१) दुर्मुखैः--दुष्ट मुख वाले, निन्दक। दुष्टानि मुखानि येषां ते दुर्मुखाः (ब० स०), तैः। (२) उत्फुल्लगल्लैः--जिनके गले विकसित हो गये हैं ऐसे। अर्थात् गला फाड़कर काव्य का दोष कहने वाले या व्यंग्य करने वाले। (२) आलापाः—निन्दात्मक कथन या आलोचना। आ√लप्+घञ्। यहाँ भी अनुष्टुप् छन्द है ॥२३॥

विद्वान् लोग इस कथा का आलोकन करें--

संगता सुरसार्थेन रम्या मे रुचिराश्रया ।
नन्दनोद्यानमालेव स्वस्थैरालोक्यतां कथा ॥२४॥

अन्वय––सुरसार्थेन संगता रम्या रुचिराश्रया मे कथा नन्दनोद्यानमाला इव स्वस्थैः आलोक्यताम् ॥२४॥

संस्कृत-व्याख्या––सुरसार्थेन––शोभनः रसः शृंगारादिः तेन युक्तः यः अर्थः तेन, (नन्दन-वनपक्षे––सुरसार्थेन––देवसमूहेन) संगता––युक्ता रम्या––रमणीया, रुचिराश्रया––रुचिरः मनोहरः आश्रयः नलोपाख्यानरूपः आधारः यस्याः तादृशी, (नन्दनवक्षपक्षे––मेरुचिराश्रया––मेरौ देवगिरौ चिरात् बहु-कालात् आश्रयो निवासो यस्याः तादृशी) मे––मम, कथा––नलदमयन्तीकथा, नन्दनोद्यानमाला इव––नन्दनवनपंक्तिरिव, स्वस्थैः––स्वस्थचित्तैः जनैः, (नन्दनवनपक्षे––स्वः स्थैः––स्वर्गस्थैः सुरैः) आलोक्यतां––दृश्यतां विचार्यता-मिति यावत् ॥२४॥

हिन्दी अनुवाद––सुन्दर रस वाले अर्थ से (नन्दनवन पक्ष में देव-समूह से) युक्त, रमणीय एवं सुन्दर आधार वाली (नन्दनवन-पक्ष में सुमेरुपर्वत पर चिर-काल से आश्रित) मेरी इस कथा को नन्दनवन की पंक्ति के समान स्वस्थ (सावधान, नन्दनवनपक्ष में स्वर्गस्थित देवता) लोग अवलोकन करें ॥२४॥

टिप्पणी––(१) **सुरसार्थेन**––(१) सुन्दर रस पूर्ण अर्थ से, (२) देव-वृन्द से। (२) **रुचिराश्रया**––सुन्दर आधार वाली, (२) मेरुचिराश्रया––सुमेरुपर्वत पर बहुत समय से स्थित। (३) **स्वस्थैः**––(१) अच्छी तरह स्थित, सावधान। (२) स्वर्ग में अवस्थित।

इस श्लोक में श्लिष्ट उपमा अलंकार है और अनुष्टुप् छन्द है ॥२४॥

चम्पू काव्य और हारलता को सब चाहते हैं––

उदात्तनायकोपेता गुणवद्वृत्तमुक्तका ।
चम्पूश्च हारयष्टिश्च केन न क्रियते हृदि ॥२५॥

अन्वय––उदात्तनायकोपेता गुणवद्वृत्तमुक्तका चम्पूः च हारयष्टिः च केन हृदि न क्रियते ॥२५॥

संस्कृत-व्याख्या——उदात्तनायकोपेता——उदात्तेन धीरोदात्तेन नायकेन नेत्रा उपेता युक्ता (हारलतापक्षे उदात्तेन महार्घेण नायकेन मध्यमणिना उपेता युक्ता), गुणवद्वृत्तमुक्तका——गुणाः प्रसादादयः सन्ति येषु तानि गुणवन्ति वृत्तानि पद्यानि मुक्तकानि गद्यानि च यस्यां तादृशी (हारलतापक्षे गुणवत्यः सूत्रप्रोता वृत्ता वर्तुला मुक्तका मुक्ताफलानि यस्यां तादृशी) चम्पूः——गद्यपद्यमयं काव्यं, च, हारयष्टिः—हारलता, च, केन——जनेन, हृदि—हृदये वक्षःस्थले च, न क्रियते——न धार्यते सर्वैर्धार्यत इति भावः ।।२५।।

हिन्दी अनुवाद——धीरोदात्त नायक से युक्त (हारलतापक्ष में बहुमूल्यक मध्यमणि (लाकिट) से युक्त तथा गुणों वाले पद्यों एवं गद्यों से युक्त) (हारलतापक्ष में सूत्र में पिरोई हुई गोलमटोल मोतियों से युक्त) चम्पू और हारलता को कौन हृदय में (हारलतापक्ष में वक्षःस्थल पर) धारण नहीं करता ?

टिप्पणी——(१) उदात्तनायकोपेता——(१) धीरोदात्त नायक से युक्त, (२) उत्कृष्ट मध्यमणि से युक्त । 'नायको नेतरि श्रेष्ठे हारमध्यमणावपि' इति विश्वः । उत् उच्चैः आदीयते उच्चार्यते इति उदात्तः । उदात्तश्चासौ नायकः उदात्तनायकः (कर्म० स०), तेन उपेता (तृ० त०) । (२) गुणवद्वृत्तमुक्तका——(१) प्रसाद आदि गुणों वाले पद्यों तथा गद्यों से युक्त, (२) तन्तु में पिरोई हुई वृत्ताकार मोतियों वाली । 'वृत्तगन्धोज्झितं गद्यं मुक्तकं वृत्तगन्धि च' इति कोषः । (३) चम्पूः——गद्यपद्यात्मक काव्य । 'गद्यपद्यमयी वाणी चम्पूरित्यभिधीयते ।' 'चम्पू' शब्द की सिद्धि पृषोदरादित्वात् होती है ।

इस श्लोक में दीपक अलंकार है और अनुष्टुप् छन्द है ।।२५।।

आर्यावर्तवर्णनम्

अस्ति समस्तविश्वम्भराभोगभास्वल्ललामलीलायमानः, समानः सेव्यतया नाकलोकस्य, ग्राम्यकविकथाबन्ध इव नीरसस्य मनोहरः, भीम इव भारतालङ्कारभूतः, कान्ताकुचमण्डलस्पर्श इवाग्रणीः सर्वविषयाणाम्, अनधीतव्याकरण इवादृष्टप्रकृतिनिपातोपसर्गलोपसवर्णविकारः, पशुपतिजटाबन्ध इव विकसितकनककमलकुवलयोच्छलितरजःपुञ्जपिञ्जरितहंसावतंसया प्रचुरचलच्चकोरचक्रवाककारण्डवमण्डली-

मण्डिततीरया भगीरथभूपालकीर्तिपताकया स्वर्गगमनसोपानवीथीयमानरिङ्गत्तरङ्गया गङ्गया पुण्यसलिलः प्लावितश्चन्द्रभागालंकृतैकदेशश्च, सारः सकलसंसारचक्रस्य, शरण्यः पुण्यकारिणाम् आरामो रामणीयककदलीवनस्य, धाम धर्मस्य, आस्पदं सम्पदाम्, आश्रयः श्रेयसाम्, आकरः साधुव्यवहाररत्नानाम्, आचार्यभवनमार्यमर्यादोपदेशानामार्यावर्तो नाम देशः ।

संस्कृत-व्याख्या—समस्तविश्वम्भराभोग०—समस्तायाः निखिलायाः विश्वम्भरायाः धरित्र्याः आभोगे शरीरे भास्वत् दीप्यमानं यत् ललामं तिलकं तस्य लीलां विलासम् आचरतीति तथाभूतः, सेव्यतया—भोग्यत्वेन, नाकलोकस्य —स्वर्गलोकस्य, समानः—सदृशः, ग्राम्यकविकथाबन्ध इव—ग्राम्यस्य ग्रामीणस्य कवेः काव्यरचयितुः कथाबन्ध इव कथाप्रबन्ध इव, नीरसस्यमनोहरः—नीरेण जलेन सस्येन धान्येन च मनोहरः सुन्दरः (पक्षे नीरसस्य—असहृदयस्य, मनोहरः) भीम इव—वृकोदर इव, भारतालङ्कारभूतः—भारतस्य भारतवर्षस्य अलङ्कारभूतः भूषणभूतः (पक्षे भारतस्य महाभारतस्य अलङ्कारभूतः), कान्ताकुचमण्डलस्पर्श इव—कान्तायाः रमण्याः कुचमण्डलं स्तनमण्डलं तस्य स्पर्शः आमर्शनम् इव, सर्वविषयाणां—निखिलदेशानाम्, अग्रणीः—प्रधानभूतः (पक्षे सकलकामोपभोगानां प्रधानभूतः), अनधीतव्याकरण इव—अपठितव्याकरणशास्त्र इव, अदृष्टप्रकृतिनिपातोपसर्गलोपवर्णविकारः—अदृष्टः अनवलोकितः प्रकृतीनां प्रजानां निपातः अधः पतनम् उपसर्गः उत्पातः उपद्रव इति यावत् लोपः चौर्यं वर्णविकारः वर्णेषु ब्राह्मणादिचातुर्वर्ण्येषु विकारः मर्यादाभंगः यत्र तादृशः (पक्षे अदृष्टाः न दृष्टाः प्रकृतयः धात्वादयः निपाताः चादयः उपसर्गाः प्रादयः लोपाः वर्णविनाशाः वर्णविकाराः अक्षरविकृतयः येन तादृशः), पशुपतिजटाबन्ध इव—शिवजटाजूट इव, विकसितकनककमलकुवलयोच्छलितरजःपुञ्जपिञ्जरितहंसावतंसया—विकसितानि प्रफुल्लानि यानि कनककमलानि स्वर्णपद्मानि कुवलयानि नीलोत्पलानि च तेभ्यः उच्छलितेन निर्गतेन रजः पुञ्जेन परागपटलेन पिञ्जरिताः पिङ्गलवर्णतां नीताः हंसाः मरालाः एव अवतंसाः कर्णाभूषणानि यस्याः तादृश्या, प्रचुरचलच्चकोर०—प्रचुरं भृशं चलन्तः इतस्ततो भ्रमन्तः ये चकोराः चन्द्रिकापायिनः पक्षिणःचक्रवाकाः चक्रांगाः कारण्डवाः हंसविशेषाः तेषां मण्डल्या चक्रेण मण्डितं शोभितं तीरं तटं यस्याः तादृश्या, भगीरथभूपालकीर्तिपताकया—

भगीरथाख्यभूपयशोवैजयन्त्या, स्वर्गगमनसोपानवीथीयमानरिङ्गत्तरङ्गया—स्वर्गे स्वर्गलोके गमनम् आरोहणम् तस्मै सोपानानि तेषां वीथी पदवी इव आचरन्तः रिङ्गन्तः चञ्चलाः तरङ्गाः ऊर्मयः यस्याः तादृश्या, गङ्गया—जाह्नव्या, पुण्यसलिलैः—पवित्रजलैः, प्लावितः—सिक्तः, चन्द्रभागालङ्कृतैकदेशश्च—चन्द्रभागया नद्या अलङ्कृतः विभूषितः एकदेशः एकभागः यस्य तादृशः (पक्षे चन्द्रभागेन हिमांशुकलया अलङ्कृतः एकदेशः एकभागो यस्य तादृशः), सकलसंसारचक्रस्य—सम्पूर्णजगन्मण्डलस्य, सारः—तत्त्वम् । पुण्यकारिणां—धर्माचरणशीलानां, शरण्यः—रक्षकः, रामणीयककदलीवनस्य—रामणीयकं सौन्दर्यम् एव कदलीवनं रम्भासमूहः तस्य, आरामः—उद्यानम्, धर्मस्य—पुण्यस्य, धाम—निवासस्थानम्, सम्पदां—सम्पत्तीनाम्, आस्पदं—पात्रम्, श्रेयसां—कल्याणानाम्, आश्रयः—आधारः, साधुव्यवहाररत्नानां—सद्व्यवहारमणीनाम्, आकरः—खनिः, आर्यमर्यादोपदेशानाम्—आर्याणां साधुपुरुषाणां मर्यादा धारणास्थितिरिति यावत् तस्याः उपदेशाः शिक्षाः तेषाम्, आचार्यभवनं—गुरुकुलमित्यर्थः, आर्यावर्तो नाम—आर्यावर्ताख्यः, देशः—राष्ट्रम्, अस्ति—विद्यते ।

हिन्दी अनुवाद—सम्पूर्ण पृथ्वी के शरीर पर चमकते हुए तिलक के विलास के समान, सेवनीयता के कारण स्वर्गलोक के समान, अरसिक जनों के लिए ग्राम्य कवियों की कथा-रचना के समान जल और धान्य से मनोहर, महाभारत के अलंकार-स्वरूप भीम के समान भारतवर्ष के अलंकार, रमणी के कुच-मण्डल के स्पर्श के समान सभी (भोग्य) विषयों में अग्रणी, व्याकरण का अध्ययन न करने वाले के समान प्रकृति-निपात(व्याकरण-पक्ष में धातु आदि तथा निपात संज्ञक वर्ण च आदि और आर्यावर्तपक्ष में प्रजा का पतन) उपसर्ग (व्या० पक्ष में प्र आदि और आर्या० पक्ष में उपद्रव), लोप (व्या० पक्ष में वर्णविनाश और आर्या० पक्ष में चोरी या वेदविहित कर्मों के अभाव) तथा वर्णविकार (व्या० पक्ष में अक्षरों की विकृति और आर्या० पक्ष में ब्राह्मण आदि चारों वर्णों में मर्यादाभंग) के दर्शन से रहित, शंकर के जटाजूट के समान गंगा के पवित्र जल से, जिसमें खिले हुए स्वर्णकमलों तथा नीलकमलों से झरते हुए परागपुञ्ज (पुष्पधूलि) से पिञ्जरित (लाल-पीले वर्ण वाले) हंस कर्णाभूषण हैं, जिसके तट अनेक चंचल चकोर, चक्रवाक तथा कारण्डवों (बत्तखों) की मंडलियों से मण्डित हैं, जो राजा भगीरथ की कीर्ति-पताका है और जिसकी चंचल तरंगें

स्वर्ग-गमन की सोपान-पंक्ति के समान प्रतीत होती हैं, नहलाया हुआ तथा एक भाग (दक्षिण) में चन्द्रभागा नदी (जटाजूट-पक्ष में चन्द्रखण्ड) से अलंकृत, सम्पूर्ण भू-मण्डल का तत्त्व, पवित्र कार्य करने वालों का रक्षक, सौन्दर्यरूपी कदलीवन का बगीचा, धर्म का स्थान, सम्पत्तियों का घर, मंगलों का आश्रय, सद्व्यवहार रूपी रत्नों की खान और आर्यों की मर्यादाओं की शिक्षाओं का गुरुकुल आर्यावर्त नाम का देश है।

टिप्पणी—आर्यावर्त—आर्यों की निवास-भूमि (मध्य और उत्तर भारत) जो पूर्व और पश्चिम में समुद्रों द्वारा और उत्तर तथा दक्षिण में हिमालय और विन्ध्यगिरि द्वारा सीमाबद्ध है—'आ समुद्रात्तु वै पूर्वादा समुद्राच्च पश्चिमात्। तयोरेवान्तरं गिर्योरार्यावर्तं विदुर्बुधाः ॥' (मनुस्मृति। आराद् यातः इति आर्यः अर्थात् 'आराद् दूरसमीपयोः' इत्यनेन आराद् असभ्यतादुराचारादिदोषेभ्यो दूरं गतश्च शिक्षासभ्यताविद्यादिभिः देवास्पदत्वं प्राप्तः इति आर्यः पृषोदरादित्वात् साधुत्वम्।' अर्थात् जो व्यक्ति असभ्यता, दुराचार आदि दोषों से अलग रहे और शिक्षा, सभ्यता, विद्या आदि गुणों से देव-तुल्य हो जाये, वह 'आर्य' है। अर्यन्ते गम्यन्ते आचारपूतत्वादाश्रीयन्ते इति आर्याः√ऋ+ण्यत् कर्मणि। आ समन्तात् आर्याः वर्तन्ते यत्र स आर्यावर्तः। आचार्यभवनम्—गुरुगृह अर्थात् गुरुकुल। आचार्य का लक्षण यह है—'आचिनोति हि शास्त्रार्थमाचारे स्थापयत्यपि। स्वयमाचरते यस्मादाचार्यस्तेन कथ्यते ॥' यहाँ के गद्य में 'ललामलीलायमानः' अंश में ललाम और आर्यावर्त के उपमान और उपमेयभाव का वर्णन होने से व्यङ्गता उपमा है। 'समानः सेव्यतया' में पूर्णोपमा है। 'ग्राम्यकवि'—यहाँ से लेकर 'चन्द्रभागालंकृतैकदेशश्च' तक में श्लेषानुप्राणित उपमाओं की संसृष्टि है। 'सारः सकल'—में रूपक है। 'आरामो रामणीयक' में, 'आकरः साधु'—में तथा 'आचार्यभवनम् आर्य'—में परम्परितरूपक है। फिर 'सारः सकल'—इत्यादि में रूपक तथा उल्लेख अलंकारों का संकर भी है।

यस्मिन्ननवरतधर्मकर्मोपदेशशान्तसमस्तव्याधिव्यतिकराः पुरुषायुषजीविन्यः सकलसंसारसुखभाजः प्रजाः। तथा हि, कुष्ठयोगो गान्धिकापणेषु, स्फोटप्रवादो वैयाकरणेषु, सन्निपातस्तालेषु, ग्रहसंक्रान्तिर्ज्योतिः शास्त्रेषु, भूतविकारवादः सांख्येषु, क्षयस्तिथिषु,

गुल्मवृद्धिर्वनभूमिषु, गलग्रहो मत्स्येषु, गण्डकोत्थानं पर्वतवनभूमिषु, शूलसम्बन्धश्चण्डिकायतनेषु दृश्यते न प्रजासु ।

हिन्दी अनुवाद—लोगों को आनन्द देने वाले जिस राजा (नल) के (द्वारा) पृथ्वी को आनन्दित करने पर गीतों में जातिसंकर (जातियों के मिश्रण) पाये जाते थे न कि प्रजाओं में वर्णसंकर होते थे। तालों में अनेक प्रकार के लय-भंग (स्वरों के उतार-चढ़ाव) होतें थे न कि प्रजाओं में अनेक गृहों के विनाश होते थे। नृत्यों में विषम करणों (टेढ़े किये गये हाथ-पैर आदि अंगों अथवा नृत्यशास्त्रप्रसिद्ध तल, पुष्प, पट आदि १०८ करणों) के प्रयोग होते थे, न कि प्रजाओं में भयंकर युद्ध के प्रयोग होते थे। वाद्यों में डंडों तथा हाथों से प्रहार किये जाते थे न कि प्रजाओं में दण्ड तथा कर (लगान) द्वारा उत्पीडन होते थे। प्रबन्ध पुण्यकार्यों के आरंभों में ही होते थे (अर्थात् यज्ञादि कार्य आरंभ करने पर ही प्रबन्ध (इन्तजाम) किये जाते थे) न कि प्रजाओं में कड़े

बन्धन (बेड़ी, शूली आदि के प्रयोग) होते थे। पासों के प्रयोग द्यूतक्रीडाओं में ही होते थे न कि प्रजाओं में फाँसी के प्रयोग होते थे। हस्त (शाखा) के छेदन खिले हुए केवड़ों में ही होते थे न कि प्रजाओं में हाथों के छेदन होते थे (अर्थात् प्रजाओं के हाथ नहीं काटे जाते थे)। पादों (मूलों) के प्रादुर्भाव वटवृक्षों में ही होते थे न कि प्रजाओं में पैरों के छेदन होते थे। नेत्र नामक रेशमी वस्त्र के कर्तन या नेत्राकार काज कञ्चुकों (चोली, अंगरखे आदि) के सजाने में होते थे न कि प्रजाओं में नेत्रों के कर्तन होते थे (आंखें नहीं फोड़ी जाती थीं।)

टिप्पणी--सारि--पासा। हस्त--(१) शाखा, (२) हाथ। न्यग्रोध--वटवृक्ष। पाद--(१) जड़, (२) पैर। कल्पना--(१) रचना, (२) काटना। नेत्र--(१) रेशमीवस्त्र या नेत्राकार छिद्ररचना (काज), २ आंख। यहाँ सब जगह श्लेषानुप्राणित शाब्द परिसंख्या अलंकार है।

यश्च कोऽप्यन्यादृश एव लोकपालः। तथाहि, अपूर्वो विबुधपतिः, अदण्डकरो धर्मराजः, अजघन्यः प्रचेताः, अनुत्तरो धनदः।

संस्कृत-व्याख्या--यश्च--राजा नलः, कोऽपि अन्यादृश एव--कश्चन विलक्षण एव, लोकपालः--जगत्पालकः (पक्षे प्रजापालकः)। तथा हि, अपूर्वो विबुधपतिः--पूर्वस्यां दिशि न स्थितोऽपि विबुधानां देवानां पतिः इन्द्रः (इति विलक्षणत्वम् इन्द्रस्य पूर्वदिक्स्थितत्वात्, पक्षे अपूर्वः--विलक्षणः, विबुधपतिः--विबुधानां विदुषां पतिः), अदण्डकरः धर्मराजः--न विद्यते दण्डः यष्टिः करे हस्ते यस्य तादृशोऽपि धर्मराजः यमराजः (इति विलक्षणत्वं यमस्य दण्डपाणित्वात्, पक्षे अदण्डकरः--नास्ति दण्डः वधादिः करः राजग्राह्योंऽशः यस्य तादृशः, धर्मराजः--धर्मप्रधानो राजा), अजघन्यः प्रचेताः--अजघन्योऽपश्चिमोऽपि प्रचेताः वरुणः (इति विलक्षणत्वं वरुणस्य पश्चिमदिगधीशत्वात्, पक्षे अजघन्यः--अकुत्सितः, प्रचेताः--प्रकृष्टं चेतो यस्य तादृशः महामना इति यावत्), अनुत्तरो धनदः--उत्तरस्यां दिशि न स्थितोऽपि धनदः कुबेरः (इति विलक्षणत्वं कुबेरस्य उत्तरदिग्वर्तित्वात् पक्षे अनुत्तरः--नास्ति उत्तरः उत्कृष्टतरः यस्मात् तादृशः, धनदः--धनप्रदाता)।

हिन्दी अनुवाद--जो (राजा नल) कोई भिन्न प्रकार का (विलक्षण ही) लोकपाल (जगत्पालक) था। क्योंकि--पूर्व दिशा में न रहते हुए भी इन्द्र था (वस्तुतः--लोकोत्तर विद्वत्पति था)। दण्डहस्त न होते हुए भी यम था (वस्तुतः--दण्ड (वध आदि का दण्ड) तथा (अन्य राजा को) कर न देने वाला धर्मप्रधान राजा था)। पश्चिम दिशा में न रहते हुए भी वरुण था (वस्तुतः--अकुत्सित एवं प्रकृष्ट चित्त वाला था)। उत्तर दिशा में न रहते हुए भी कुबेर था (वस्तुतः--उत्कृष्ट धनदाता था)।

टिप्पणी--अन्यादृश एव--विलक्षण ही। नल में विलक्षणता यह थी कि पूर्व आदि दिशाओं में न रहते हुए भी वह इन्द्र आदि था तथा हाथ में दण्ड न रखते हुए धर्मराज था। इन्द्र आदि पूर्व आदि दिशाओं के अधिपति माने जाते हैं, इसलिए उनका वहाँ रहना आवश्यक है, इसी तरह यमराज का दण्डपाणित्व पुराण आदि में प्रसिद्ध हैं। यहाँ नल में इन्द्र आदि का आरोप होने से रूपक अलंकार है। किन्तु कुवलयानन्द के मत से सर्वत्र न्यूनाभेद रूपक है, क्योंकि नल का पूर्व आदि दिशाओं में निवासाभाव प्रतिपादित हुआ हैं। श्लेष तो स्पष्ट ही है।

येन प्रचण्डदोर्दण्डमण्डलीविश्रान्तविजयश्रिया लवणोत्पलदलायमानमानिनीमानलुण्टाकलोचनेन पृथ्वी प्रिया च कामरूपधारिणी सातेन भुक्ता। यस्याः सकलजनमनोहारिविशेषकं पृथुललाटमण्डलम्, अभिलषणीयकान्तयः कुन्तलाः, श्लाघनीयो नासिक्यभागः, बहुलवलीकः सरोमालिकालंकारश्च मध्यदेशः, प्रकटितकामकोटिविलासः काञ्चीप्रदेशः। किं बहुना, यस्याः कृष्णागुरुचन्दनामोदबहुलकुचाभोगभूषणा नृत्यतीवाङ्गरङ्गे रमणीयतया निरुपमा नवा यौवनश्रीः।

संस्कृत-व्याख्या---प्रचण्डदोर्दण्डमण्डलीविश्रान्तविजयश्रिया---प्रचण्डायां तीव्रायां दोर्दण्डमण्डल्यां दोष्णी भुजो एव दण्डौ तयोः मण्डली समूहः तस्यां विश्रान्ता कृतविश्रामा विजयश्रीः जयलक्ष्मीः यस्य तादृशेन, श्रवणोत्पलदलायमान०---श्रवणयोः नेत्रयोः उत्पलं कमलं तस्य दलं पत्रमिव आचरतः इति तथाविधे मानिनीनां मानवतीनां मानस्य कोपस्य लुण्टाके अपहारके लोचने नेत्रे यस्य तथाविधेन, येन--नलेन, कामरूपधारिणी--कामरूपप्रदेशयुक्ता, पृथ्वी--

भूमि:, कामरूपधारिणी--मनोज्ञरूपयुक्ता, प्रिया च--कान्ता च, सातेन—सुखेन, मुक्ता--कृतोपभोगा। यस्या:—पृथिव्या: प्रियायाश्च, सकलजनमनोहारिविशेषकं—सकलजनानां समस्तप्रजानां मनोहारी चित्ताकर्षक: विशेषक: पुण्ड्रकदेशो यत्र तादृशम् (प्रियापक्षे—) सकलजनानां मनोहारी विशेषक: तिलक: यत्र तादृशम्), पृथुललाटमण्डलम्--पृथुलं विशालं लाटमण्डलं लाटाख्यो जनपद: (अस्ति) (प्रिया-पक्षे--)पृथु ललाटमण्डलं मस्तकचक्रवालम् (अस्ति), अभिलषणीयकान्तय:—अभिलषणीया स्पृहणीया कान्ति: शोभा येषां तथाविधा:, कुन्तला: कुन्तलाख्यदेशा: (सन्ति), (प्रियापक्षे–) अभिलषणीयकान्तय:, कुन्तला:--केशा: (सन्ति), श्लाघनीय:—प्रशंसनीय:, नासिक्यभाग:--नासिक्यप्रदेश: (अस्ति) (प्रियापक्षे--) नासिकाभवप्रदेश: (अस्ति), बहुलवलीक:--बह्व्य: बहुला: लवल्य: सुगन्धमूला: फलवृक्षविशेषा: यत्र तादृश: (प्रियापक्षे—)बहुला: वल्ल्य: उदररेखा: यत्र तादृश:, सरोमालिकालंकारश्च—सरोमालिका तडागपंक्ति: एव अलंकार: भूषणं यत्र तादृशश्च (प्रियापक्षे—) रोमालिका रोमपंक्ति: एव अलंकार: तेन सहितश्च, मध्यदेश।--मध्यप्रदेश: (अस्ति) (प्रियापक्षे—) उदरभाग: (अस्ति), प्रकटितकामकोटिविलास:--प्रकटित: प्रकाशित: कामकोट्या: कामकोटिदेव्या: विलास: विलसनं येन तादृश: (प्रियापक्षे--) प्रकटित: कामकोटिविलास: मदनोत्कर्षविभ्रम: येन तादृश:), काञ्चीप्रदेश:—काञ्चीनामा देशविशेष: (अस्ति) (प्रियापक्षे—) काञ्चीप्रदेश:—श्रोणीतटम् (अस्ति)। किं बहुना—किमधिकेन, यस्या:--पृथिव्या: प्रियायाश्च, कृष्णागुरुचन्दनामोदबहुलकुचाभोगभूषणा--कृष्णा पिप्पली अगुरु: वनद्रुम: चन्दन: मलयजद्रुम: तेषाम् आमोद: सौरभं स च बहूनाम् अनेकेषां लकुचानां लिकुचवृक्षाणाम् आभोग: विस्तारश्च तौ भूषणम् अलङ्कारो यस्या: तादृशी (प्रियापक्षे—) कृष्णागुरो: श्यामागरुद्रव्यस्य चन्दनस्य मलयजस्य चामोदेन सौरभेण बहुलो व्याप्त: कुचाभोग: स्तनविस्तार: एव भूषणम् आभरणं यस्या: तादृशी), वनश्री:--वनानाम् अरण्यानां श्री: [शोभा, निरुपमानवायौ—निरुपमान: उपमारहितश्चासौ वायु: पवन: तस्मिन् (प्रिया-पक्षे—) निरुपमा--अनुपमा, नवा—नूतना, यौवनश्री:—तारुण्यशोभा, रमणीयतया--रम्यतया, अङ्गरङ्गे--अङ्ग: अंगदेश: रङ्ग: रंगस्थलमिव तस्मिन्, (प्रियापक्षे—) अङ्गं शरीरमेव रङ्ग: रङ्गस्थलं तस्मिन् नृत्यति—नृत्यं करोति, इव।

हिन्दी-अनुवाद—प्रचण्ड भुजदण्ड-मण्डल पर विश्राम करती हुई विजय-लक्ष्मी वाले तथा कानों पर धारण किये गये कमलपत्र के समान एवं मानिनियों के मान को लूटने वाले नेत्रों से युक्त जिस (राजा नल) ने कामरूपदेश (आसाम के पश्चिमी भाग) को (अपने अन्दर) धारण करने वाली पृथ्वी का तथा सौन्दर्यातिशय धारण करने वाली कान्ता का उपभोग किया। (पृथ्वी-पक्ष में—) जिसका सभी लोगों के मन को हरने वाले पुण्ड्रक देश से युक्त विशाल लाट नामक जनपद था, अभिलषणीय शोभा वाला कुन्तल देश था, प्रशंसनीय नासिक्य प्रदेश था, बहुत-सी लवली लताओं से युक्त तथा सरोवर-मालाओं से अलंकृत मध्यप्रदेश था और कामकोटि देवी के विलास को प्रकट करने वाला काञ्चीप्रदेश था। अधिक क्या (कहें), अगर तथा चन्दन की सुगंध से एवं बहुत-से लकुच (बड़हर) वृक्षों के विस्तार से अलंकृत जिसकी वनश्री मानों अनुपम पवन में अंगदेश रूपी रंगमंच पर सुन्दरतापूर्वक नाचती थी।

(प्रिया-पक्ष में—) जिसका सभी लोगों के मन को हरने वाले तिलक से युक्त विशाल ललाट-मण्डल था, अभिलषणीय शोभा वाले केश थे, प्रशंसनीय नासिका-भाग था, बहुत-सी उदर-रेखाओं से युक्त एवं रोमावलि से अलंकृत मध्य भाग था और करोड़ों कामदेवों के विलास को प्रकट करने वाला जघन-भाग था। बहुत क्या (कहें), अगर तथा चन्दन के सौरभ और विशाल कुचों के विस्तार से अलंकृत अनुपम तथा नवीन यौवन-शोभा जिसके अंगरूपी रंगमंच पर मानो नाच रही थी।

टिप्पणी—प्रचण्डदोर्दण्ड······श्रिया—इसमें एकदेशविवर्तिरूपक अलंकार है। श्रवणोत्पलदलायमान—में व्यङ्गता उपमा है। पृथ्वी प्रिया च·· ·भुक्ता में तुल्ययोगिता अलंकार है। सातेन—सुख से। 'शर्मसात सुखानि च' इत्यमरः। विशेषक—(१) पुण्ड्रक देश, (२) तिलक। 'विशेषकस्तु पुण्ड्रके विशेषाधायकेऽपि वा' इत्यनेकार्थसंग्रहः। 'विशेषकः स्यात् तिलके' इति विश्वः। यहाँ 'सकलजन' से लेकर सर्वत्र श्लेषालंकार है, 'अङ्गरङ्ग' में रूपक तथा 'नृत्यतीव' में उत्प्रेक्षा अलंकार हैं।

किं चान्यत्। अन्य एव नवावतारः स कोऽपि पुरुषोत्तमो यो न मीनरूपदूषितः, नाङ्गीकृतविश्वविश्वम्भराभारोऽपि कूर्मीकृतात्मा, न

वराहवपुषा क्लेशेन पृथ्वीं बभार, न च नरसिंहः समुत्सन्नहिरण्यकशपुः, न बलिराजबन्धनविधौ वामनो दैन्यमकरोत्, नापि रामो लङ्केश्वरश्रियमपाहरत्, नापि बुद्धः कल्किकुलावतारी ।

संस्कृत-व्याख्या--किं चान्यत्--अपरं किम्। सः--नलः, अन्य एव--अपर एव विलक्षण एवेति यावत्, कोऽपि--अनिर्वचनीयः, नवावतारः--नूतनावतारः, पुरुषोत्तमः--विष्णुः, यः, न, मीनरूपदूषितः--मीनरूपेण मत्स्याकारेण दूषितः विकृतः, (इति विलक्षणत्वं विष्णोर्मीनरूपदूषितत्वात्। नल-पक्षे--पुरुषोत्तमः--नरश्रेष्ठः, यः--राजा नलः, अनमी--अरोगी, न रूपदूषितः--न रूपे आकृतौ दूषितः विकृतः), अङ्गीकृतविश्वविश्वम्भराभारोऽपि--अङ्गीकृतः स्वीकृतः विश्वविश्वम्भरायाः समग्रपृथिव्याः भारः भरः येन तादृशोऽपि, न, कूर्मीकृतात्मा--कूर्मीकृतः कच्छपीकृतः आत्मा देहः येन तादृशः (इति विलक्षणत्वं विष्णोर्भूभारधारणार्थं गृहीतकूर्मावतारत्वात्। नल-पक्षे--स्वीकृतराज्यपालनभारः अपि, न कूर्मीकृतात्मा--कूर्मीकृतः पीडयाऽऽकुञ्चितः आत्मा देहो येन तादृशः न, अर्थात् अनायासेनैव राज्यभारमुवाह), न वराहवपुषा--न धृतसूकररूपेण, अक्लेशेन--अनायासेन, पृथ्वीं--भुवम्, बभार--दध्रे (इति वैलक्षण्यम् विष्णोः पृथिवीरक्षणार्थं धृतसूकररूपत्वात्। नलपक्षे--वरं श्रेष्ठम् आहवं युद्धं पुष्णातीति तेन वराहवपुषा न क्लेशेन--न कष्टेन अपितु सुखेनैव राज्यं पालयामास), न च, नरसिंहः--नृसिंहावतारधरः, सन्नपि, समुत्सन्नहिरण्यकशिपुः--समुत्सन्नः उच्छिन्नः नाशित इत्यर्थः हिरण्यकशिपुः प्रह्लादपिता येन तादृशः (इति वैलक्षण्यं नरसिंहावतारे विष्णुना तथा कृतत्वात्। नलपक्षे--नरसिंहः--पुरुषश्रेष्ठः सन्नपि, न समुत्सन्नहिरण्यकशिपुः--न समुत्सन्नं समुच्छिन्नं हिरण्यं सुवर्णं कशिपु भोजनाच्छादनादि च येन तादृशः अर्थात् राज्ञा नलेन कस्यापि सुवर्णभोजनाच्छादनादिकं न विनाशितमित्यर्थः), न--नापि, वामनः--वामनावतारः सन्, बलिराजबन्धनविधौ--दैत्यराजस्य बलेः निगडनकर्मणि, दैन्यमकरोत्--दीनतां स्वीचकार (इति विलक्षणत्वं विष्णुना तथा कृतत्वात्। नलपक्षे--न वा, बलिनां शूरवीराणां राज्ञां नृपतीनां बन्धनविधौ संयमनकर्मणि, मनोदैन्यं--मानसिकदीनताम्, अकरोत्)। नापि, रामः--राघवेन्द्रः, लङ्केश्वरश्रियं--रावणलक्ष्मीम्, अपाहरत्--आच्छिन्नवान् (इति विलक्षणत्वं विष्णुना

तथा कृतत्वात् । नलपक्षे--अलम् अत्यर्थं कस्य ब्रह्मणः ईश्वरस्य शिवस्य च श्रियं लक्ष्मीं, न अपाहरत्--न आदत्तवान् देवस्वापहारी नासीदित्यर्थः), नापि, बुद्धः--सुगतः, कल्किकुलावतारी च--गृहीतकल्क्यवतारश्च (इति विलक्षणत्वं विष्णुः सन्नपि बुद्धावतारं कल्क्यवतारं च न गृहीतवान् इति विलक्षणत्वम् । नलपक्षे--बुद्धः--विद्वान् आसीत् परं कल्किकुलावतारी--कल्किनां पापिनां कुले अवतारी उत्पन्नः न आसीत्) ।

हिन्दी-अनुवाद--और क्या (कहें) । वह (राजा) कोई दूसरा ही विलक्षण) नवीन अवतार था, जो पुरुषोत्तम (विष्णु) होते हुए भी मत्स्य रूप (मत्स्यावतार) से दूषित नहीं था (द्वितीय अर्थ--जो (राजा) पुरुषों में श्रेष्ठ होते हुए भी नीरोग, अथवा शत्रुओं को नवाने वाला तथा रूप में दूषित नहीं था) । जिसने सम्पूर्ण पृथ्वी का भार स्वीकार कर लिया था फिर भी अपने को कच्छप नहीं बनाया था (द्वितीय अर्थ--जिस (राजा) ने समस्त पृथ्वी का राज्यभार स्वीकार करने पर भी अपने को पीडा से सकुचाया नहीं था) । शूकर का शरीर धारण करके (अर्थात् मत्स्यावतार लेकर भी अनायास पृथ्वी का धारण नहीं किया था (द्वितीय अर्थ--जो (राजा) बड़े-बड़े युद्धों को जन्म देने वाले क्लेश से पृथ्वी का धारण नहीं करता था अपितु अनायास धारण करता था) । जिसने नरसिंह (नृसिंहावतार) होकर भी हिरण्यकशिपु का विनाश नहीं किया था (द्वितीय अर्थ--जो (राजा) नरों में श्रेष्ठ होते हुए भी किसी के सुवर्ण एवं अन्न-वस्त्रादि को नष्ट नहीं करता था (अर्थात् नहीं छिनता था) । जिसने राजा बलि को बांधने के व्यापार में वामनरूप धारण करते हुए भी दीनता (याचना) नहीं प्रकट की थी (द्वितीय अर्थ--जो (राजा) बलवान् राजाओं के बन्धन-कार्य में मानसिक दीनता नहीं प्रकट करता था) । जिसने राम होते हुए भी रावण की श्री का अपहरण नहीं किया था (जिस (राजा) ने सुन्दर होते हुए भी ब्रह्मा और शिव की श्री का बिलकुल ही अपहरण नहीं किया था) । जो (विष्णु होते हुए भी) वुद्ध तथा कल्किकुल में अवतीर्ण नहीं था (द्वितीय अर्थ--जो विद्वान् था और पापी के कुल में उत्पन्न नहीं हुआ था) ।

टिप्पणी--कल्किकुलावतारी--(१) कल्की अवतार, (२) पापी कुल में उत्पन्न । इस अनुच्छेद में दशो अवतारों का वर्णन किया गया है और राजा नल

को समी अवतार से विलक्षण बताया गया है। यहाँ कुवलयानन्द के मत से नल में पुरुषोत्तमत्व का आरोप होने पर भी मीनरूपदूषितत्व आदि का वर्णन होने से न्यूनाभेदरूपक है अथवा विरोधाभास है। इन दोनों में अन्यतर साधक-बाधक का अभाव होने से सन्देहसंकर हो जाता है।

किं बहुना

> धन्यास्ते दिवसाः स येषु समभूद् भूपालचूडामणि-
> र्लोकालोकगिरीन्द्रमुद्रितमहीविश्रान्तकीर्तिर्नलः।
> लोकास्तेऽपि चिरन्तनाः सुकृतिनस्तद्वक्त्रपङ्केरुहे
> यैर्विस्तारितनेत्रपत्रपुटकैर्लावण्यमास्वादितम् ॥३४॥

अन्वय—ते दिवसाः धन्याः येषु सः भूपालचूडामणिः लोकालोकगिरीन्द्र-मुद्रितमहीविश्रान्तकीर्तिः नलः समभूत्। ते चिरन्तनाः सुकृतिनः लोकाः अपि (धन्याः आसन्) यैः विस्फारितनेत्रपत्रपुटकैः तद्वक्त्रपङ्केरुहे लावण्यम् आस्वा-दितम् ॥३४॥

संस्कृत-व्याख्या—ते—प्रसिद्धाः, दिवसाः—दिनानि, धन्याः—पुण्याः, येषु—दिवसेषु, सः—प्रसिद्धः, भूपालचूडामणिः—नृपमूर्धन्यः, लोकालोकगिरीन्द्र० लोकालोकगिरीन्द्राभ्यां लोकालोकपर्वतराजाभ्यां मुद्रिता समाच्छन्ना या मही पृथ्वी तस्यां विश्रान्ता स्थिता कीर्तिर्यशो यस्य तादृशः, नलः—नैषधः, समभूत्—समुत्पन्नः। ते—प्रसिद्धाः, चिरन्तनाः—पुरातनाः, सुकृतिनः—पुण्यात्मानः, लोकाः—जनाः, अपि (धन्याः आसन्), यैः, विस्फारितनेत्रपत्रपुटकैः—विस्फा-रितानि नेत्राणि नयनानि एव पत्रपुटकानि चषकाणि तैः, तद्वक्त्रपङ्केरुहे—तस्य नलस्य वक्त्रपङ्केरुहे मुखारविन्दे, लावण्यं—सौन्दर्यम्, आस्वादितम्—पीतम्॥

हिन्दी अनुवाद—बहुत क्या (कहें), वे दिन धन्य थे, जिनमें वे राजाओं के शिरोरत्न एवं लोका-लोक नामक पर्वतराजों से अंकित भूमि पर विश्रान्त (व्याप्त) कीर्ति वाले नल उत्पन्न हुए। वे पुराने पुण्यात्मा लोग भी धन्य थे, जिन्होंने अपने खिले हुए नेत्र रूपी पत्र-पुटों के द्वारा उनके मुखारविन्द के सौन्दर्य का पान किया था ॥३४॥

टिप्पणी—(१) धन्याः—धनं लब्धारः इति धन्याः धन+यत्। (२) भूपालचूडामणिः—राजाओं के सिरमौर। 'चूडामणिः शिरोरत्नम्' इत्यमरः। (३) लोकालोक—लोक और अलोक नामक पर्वत, सातों समुद्रों को परि-वेष्टित करने वाली पौराणिक पर्वतश्रेणी, चक्रवाल (बौद्ध)। लोक्यते असौ इति लोकः। न लोक्यते असौ इति अलोकः। लोकश्च अलोकश्च इति लोका-लोकौ (द्व० स०)।

इस श्लोक में नलोत्पत्ति के वर्णन द्वारा तत्सम्बन्धी दिवसों का माहा-त्म्य-कथन होने से उदात्त अलंकार है, 'भूपालचूडामणिरिव' में लुप्तोपमा है, 'वक्त्रमेव पङ्केरुहम्' में रूपक है, नेत्रों में पत्रपुटकत्व का आरोप शाब्द है और लावण्य में मधुरत्व का आरोप आर्थ है, अतः एकदेश-विवर्तिसांगरूपक अलंकार हुआ। इसमें शार्दूलविक्रीडित छन्द है। उसका लक्षण—'सूर्याश्वैर्यदि मः सजौ सततगाः शार्दूलविक्रीडितम्' ॥३४॥

अपि च।

ये कुन्दद्युतयः समस्तभुवनैः कर्णावतंसीकृता
यैः सर्वत्र शलाकयेव लिखितैर्दिग्भित्तयश्चित्रिताः।
यैर्वक्तुं हृदि कल्पितैरपि वयं हर्षेण रोमाञ्चिता-
स्तेषां पार्थिवपुंगवः स महतामेको गुणानां निधिः ॥३५॥

अन्वय—कुन्दद्युतयः ये समस्तभुवनैः कर्णावतंसीकृताः, यैः सर्वत्र शलाकया इव लिखितैः दिग्भित्तयः चित्रिताः, वक्तुं हृदि कल्पितैः अपि हर्षेण वयं रोमा-ञ्चिताः, तेषां महतां गुणानां सः पार्थिवपुंगवः एकः निधिः ॥३५॥

संस्कृत-व्याख्या—कुन्दद्युतयः—माघ्यपुष्पवद्धवलकान्तयः, ये—गुणाः, सम-स्तभुवनैः—अखिललोकैः, कर्णावतंसीकृताः—श्रोत्रभूषणीभूताः, यैः—गुणैः, सर्वत्र—सर्वेषु स्थानेषु, शलाकयेव—लोहलेखन्येव, लिखितैः—अंकितैः, दिग्भि-त्तयः—दिगन्तकुड्यानि, चित्रिताः—शोभिताः, यैः—गुणैः, वक्तुं—कथयितुं, हृदि—हृदये, कल्पितैः अपि—चिन्तितैः अपि, हर्षेण—आनन्देन, वयं—श्रोतारः, रोमाञ्चिताः—पुलकिताः, (भवामः), तेषां, महतां—विशालानां, गुणानां—दयादाक्षिण्यादीनां, सः—प्रसिद्धः, पार्थिवपुंगवः—नृपवरः, एकः—अद्वितीयः, निधिः—शेवधिः (आसीत्) ॥३५॥

हिन्दी अनुवाद—और भी, कुन्दपुष्प के समान (धवल) कान्ति वाले जिन गुणों को सभी लोकों ने अपने कानों के आभूषण बना डाले, जिन (गुणों) से मानो शलाका द्वारा लिखी गईं दिशा रूपी दीवारें चित्रित हो उठीं और जिनको कहने के लिए मन में विचार आते ही हम हर्ष से रोमांचित हो जाते हैं, उन महान् गुणों का वह नृपवर अद्वितीय खजाना था ॥३५॥

टिप्पणी—(१) कर्णावतंसीकृताः—कर्णभूषण या कर्णपूर बनाया। न कर्णावतंसाः अकर्णावतंसाः (न० त०), अकर्णावतंसाः कर्णावतंसाः सम्पद्यमानाः कृताः इति कर्णावतंसीकृताः कर्णावतंस+च्वि, ईत्व√कृ+क्त।

इस श्लोक में 'कुन्दद्युतयः' में समासगा लुप्तोपमा है, 'कर्णावतंसीकृताः' में रूपक है, 'दिग्भित्तयः' में भी रूपक है, 'शलाकयेव लिखितैः' में उत्प्रेक्षा और 'वक्तुं कल्पितैरपि' में कैमुतिकन्याय से अर्थसंसिद्धिरूप अर्थापत्ति अलंकार हैं। इसमें भी शार्दूलविक्रीडित छन्द है ॥३५॥

यस्य च युधिष्ठिरस्येव न क्वचिदपार्थो वचनक्रमः मरुमण्डलमिवापापं मानसम्, महानसमिव सूपकारसारं कर्म, कार्मुकमिव सत्कोटिगुणं दानम्, दानवकुलमिव दृष्टवृषपर्वोत्सवं राज्यम्, राजीवमिव भ्रमरहितं सर्वदा हृदयम्। यश्च परमहेलाभिरतोऽप्यपारदारिकः। शान्तनुतनयोऽपि न कुरूपयुक्तः।

संस्कृत व्याख्या—यस्य—नलस्य, च, वचनक्रमः—वचनस्य वचसः क्रमः परिपाटी, युधिष्ठिरस्येव—धर्मराजस्येव, क्वचित्—कुत्रापि, अपार्थः—अपगतः अर्थः सारः यस्मात् तादृशः निरर्थक इति यावत् (युधिष्ठिर-पक्षे—अपार्थः—पार्थोक्तिविरुद्धः युधिष्ठिरस्य पृथायाः कुन्त्याः अपत्यत्वात्), न—नासीदित्यर्थः। मानसं—मनः, मरुमण्डलमिव—मरुस्थलमिव, अपापं—पापरहितम् (मरु-पक्षे—अपापम्—अपगता आपो जलानि यस्मात् तादृशम्) आसीत्। कर्म—क्रियाकलापः, महानसमिव—पाकालय इव, सूपकारसारं—सुष्ठु उपकारः परार्थसाधनमेव सारो यत्र तादृशम् (महानसपक्षे—सूपकारसारं—सूपकाराः ओदनिकाः साराः श्रेष्ठांशाः यत्र तादृशम्) आसीत्। दानं—त्यागः, कार्मुकमिव—धनुरिव, सत्कोटिगुणं—सन्तः विद्यमानाः कोटिगुणाः कोटिसंख्यका लाभा यत्र तादृशम् (धनुः पक्षे—सत्कोटिगुणं—कोटी धनुषः अग्रभागौ गुणः मौर्वी च

इति सन्तः विद्यमानाः कोटिगुणाः यत्र तादृशम्) आसीत् । राज्यम्—आधिपत्यं शासितभूभाग इति यावत्, दानवकुलमिव—दैत्यवंश इव, दृष्टवृषपर्वोत्सवं—दृष्टः अवलोकितः वृषः धर्मः पर्व पौर्णमास्यादि उत्सवः पुत्रजन्मविवाहादिश्च यत्र तादृशम् (दानवकुलपक्षे—दृष्टः वृषपर्वणः उत्सवः आनन्दं यत्र तादृशम्) आसीत् । हृदयं—चेतः, राजीवमिव—कमलमिव, सर्वदा—सदा, भ्रमरहितं—भ्रमेण भ्रान्त्या रहितं शून्यं (राजीवपक्षे—भ्रमरहितं—भ्रमराणां मधुपानां हितं हितकरम्) आसीत् । यः—नलः, च, परमहेलाभिरतोऽपि—परेषाम् अन्येषां महेलाः नार्यः तासु अभिरतः आसक्तः अपि, अपारदारिकः—परेषां दारेषु नारीषु अनासक्तः (इति विरोधः, परिहारस्तु—परमा या हेला विलासक्रीड़ास्तासु अभिरतः संलग्नः) । शान्तनुतनयोऽपि—शान्तनोः तनय पुत्रः भीष्मः अपि, न कुरूपयुक्तः—कुरूणां धार्तराष्ट्राणाम् उपयुक्तः उपयोगी न (इति विरोधः, परिहारस्तु—शान्तः शान्तियुक्तः नुतः स्तुतः नयः नीतिः यस्य तादृशोऽपि, न कुरूपयुक्तः—कुत्सितेन रूपेण न युक्तः अपितु सर्वाङ्गसुन्दर एव) ।

हिन्दी अनुवाद—जिस (नल) का वचन-क्रम युधिष्ठिर की तरह कहीं निरर्थक (पक्ष में पार्थभिन्न=कुन्ती-पुत्र से भिन्न) नहीं होता था, मन मरुस्थल की भाँति पापरहित (पक्ष में जलरहित) था, क्रियाकलाप पाकालय के समान सुन्दर उपकार रूप सार से युक्त (पक्ष में रसोइये रूप सार से युक्त) था, दान धनुष के समान कोटिसंख्यक लाभ से युक्त (पक्ष में कोटियों (धनुष के अग्रभागों) तथा प्रत्यंचा से युक्त) था, राज्य दानववंश के समान धर्म, पर्व तथा उत्सव से युक्त (पक्ष में वृषपर्वा के उत्सव से युक्त था और हृदय कमल की भाँति सदा भ्रमरहित (पक्ष में भ्रमरों के लिए हितकर) था । जो (राजा नल) दूसरों की स्त्रियों में निरत रहने पर भी परस्त्री में अनुरक्त नहीं था (यह विरोध है, इसका परिहार—परम क्रीडा में संलग्न रहने पर भी परस्त्री में में आसक्त नहीं था) । शान्तनु का पुत्र भीष्म होते हुए भी कौरवों के लिए उपयुक्त नहीं था (यह विरोध है, इसका परिहार—जिसकी नीति शान्त एवं प्रशंसित थी और जिसका रूप भद्दा नहीं था) ।

टिप्पणी—अपारदारिकः—(१) दूसरे की स्त्रियों में अनासक्त, (२) अनन्त कन्याओं से युक्त—अपाराः दारिकाः यस्य सः (ब० स०) । इसके

अनुसार 'परमहेलाभिरत:' का अर्थ होगा--परम उत्सव वाली इला=पृथिवी में अनुरक्त है प्रजापालक है, (अत: इसकी अनन्त कन्यायें हैं अर्थात् सारी प्रजा नल की पुत्र-पुत्री हैं रक्षक होने से)। पर: उत्कृष्ट: मह: उत्सव: यस्यां सा चासौ इला पृथिवी तस्याम् अभिरत:। यस्य च...... ...हृदयम्--में श्लिष्टोपमा अलंकार है। यश्च परमहेला.........कुलपयुक्त:--में श्लेषानुप्राणित विरोधाभास अलंकार है।

किं बहुना ।
सदाहंसाकुलं बिभ्रन्मानसं प्रचलज्जलम्
भूभृन्नाथोऽपि नो याति यस्य साम्यं हिमाचल: ॥३६॥

अन्वय--सदा हंसाकुलं प्रचलज्जलम् मानसं बिभ्रत् भूभृन्नाथ: अपि हिमाचल: यस्य साम्यं नो याति ॥३६॥

संस्कृत-व्याख्या--सदा—सर्वदा, हंसाकुलं--हंसै: मरालै: आकुलं व्याप्तम्, प्रचलज्जलं--प्रचलत् तरङ्गितं जलं पानीयं यत्र तादृशं, मानसं--मानसाख्य-सरोवरं, बिभ्रत्—धारयन्, भूभृन्नाथ:--पर्वतराज:, अपि, हिमाचल:--हिमालय:, सदाहं--दाहेन सन्तापेन सहितं, साकुलं—व्याकुलं, प्रचलज्जलं--प्रचलत् भिया कम्पमानं, जलं--जडं, मानसं—चित्तं, बिभ्रत् इव, यस्य--नलस्य, साम्यं--समतां, नो याति--न प्राप्नोति ॥३६॥

हिन्दी अनुवाद--अधिक क्या (कहें), सदा हंसों से व्याप्त तथा तरंगित जल वाले मानसरोवर को धारण करता हुआ पर्वतराज हिमालय मानो सन्तापयुक्त:, व्याकुल, चंचल तथा जड़ मन को धारण करते हुए की तरह, जिस (नल) की समानता को प्राप्त नहीं कर पाता था (क्योंकि नल सन्तापयुक्त, व्याकुल, चंचल तथा जड़ मन को धारण नहीं करता था)।

टिप्पणी--भूभृन्नाथ:—(१) पर्वतों का स्वामी, (२) राजाओं का स्वामी। भुवं बिभर्ति इति भूभृत्, भूभृतां नाथ: भूभृन्नाथ:। यद्यपि भूभृन्नाथत्व नल और हिमाचल में समान है तो भी हिमालय नल की समता नहीं कर सकता है, क्योंकि नल में सदाह, साकुल, जड एवं चंचल मानस नहीं है।

इस श्लोक में नल का आधिक्य वर्णन होने से व्यतिरेक अलंकार है और 'बिभ्रदिव' में श्लेषमूला प्रतीयमाना उत्प्रेक्षा है अतएव इन दोनों का संकर है। इसमें अनुष्टुप् छन्द है ।।३६।।

अपि च ।

नक्षत्रभूः क्षत्रकुलप्रसूतेर्युक्तो नभोगैः खलु भोगभाजः ।
सुजातरूपोऽपि न याति यस्य समानतां कांचन काञ्चनाद्रिः ।।३७।।

अन्वय––सुजातरूपः अपि नक्षत्रभूः न भोगैर्युक्तः काञ्चनाद्रिः क्षत्रकुलप्रसूतेः भोगभाजः यस्य कांचन समानतां न याति ।।३७।।

संस्कृत-व्याख्या––सुजातरूपः अपि––शोभनं जातरूपं सुवर्णं यत्र तादृशः अपि (नलपक्षे––सुष्ठु जातम् उत्पन्नं रूपं सौन्दर्यं यस्य तादृशः), न क्षत्रभूः––न क्षत्रियोत्पन्नः अपि तु नक्षत्रभूः––नक्षत्राणां तारकाणां भूः स्थानं, न भोगैर्युक्तः अपि तु नभोगैः––देवैः युक्तः, काञ्चनाद्रिः––सुमेरुपर्वतः, क्षत्रकुल-प्रसूतेः––क्षत्रियवंशसमुत्पन्नस्य, भोगभाजः––भोगैर्युक्तस्य, यस्य––नलस्य, कांचन ––किमपि, समानतां––साम्यं, न याति––न प्राप्नोति ।।३७।।

हिन्दी अनुवाद––और भी, उत्तम सुवर्ण से युक्त होने पर भी (नलपक्ष में ––सुन्दर रूप से सम्पन्न) क्षत्रियोत्पन्न नहीं अपितु नक्षत्रों का विचरण-स्थान तथा भोगों से युक्त नहीं अपि तु देवों से युक्त सुमेरुपर्वत क्षत्रियकुल में उत्पन्न तथा भोगयुक्त जिस (नल) की कुछ भी समानता को प्राप्त नहीं करता था ।।३७।।

टिप्पणी––इस श्लोक में नक्षत्रभूः, नभोगैः, सुजातरूपः––ये शब्द श्लिष्ट हैं। काञ्चनाद्रि के सुजातरूप विशेषण का साभिप्राय होने से परिकर अलंकार है। फिर काव्यलिंग तथा व्यतिरेक का संकर भी है। इसमें उपजाति छन्द है। उपजाति का लक्षण––इन्द्रवज्रा और उपेन्द्रवज्रा के मेल से उपजाति छन्द होता है––अनन्तरोदीरितलक्ष्मभाजो पादौ यदीयावुपजातयस्ताः' ।।३७।।

महामन्त्रि-वर्णनम्

तस्य च महामहीपतेरस्ति स्म प्रशस्तिस्तम्भः सकलश्रुतिशास्त्रशासनाक्षरमालिकानाम्, न्यग्रोधपादपः पुण्यकर्मप्ररोहाणाम्, आकरः साधुव्यवहाररत्नानाम्, इन्दुःपार्थिवनीतिज्योत्स्नायाः, कन्दः सकलकलाङ्कुरकलापस्य, सागरः समस्तपुरुषगुणमणीनाम्, आलानस्तम्भश्चपलराज्यलक्ष्मीकरेणुकायाः, सकलभुवनव्यापारपारावारनौकर्णधारः, सुधाम्भोनिधिडिण्डीरपिण्डपाण्डुरयशः कुशेशयखण्डमण्डितसकलसंसारसराः, सरागीकृतसमस्तपार्थिवानुजीवी, जीवितसमः, प्राणसमः, हृदयसमः, शरीरमात्रभिन्नो द्वितीय इवात्मा, कुलक्रमागतः संक्रान्तिदर्पणः सुखदुःखयोः, स्वभावानुरक्तः, शुचिः, सत्यपूतवाक् कृतज्ञो ब्राह्मणः सालङ्कायनस्य सूनुः श्रुतशीलो नाम महामन्त्री ।

संस्कृत-व्याख्या—तस्य—प्रसिद्धस्य, च, महामहीपतेः—महाराजस्य, सकलश्रुतिशास्त्रशासनाक्षरमालिकानां—सकलानां निखिलानां श्रुतीनां वेदानां शास्त्राणां स्मृत्यादिग्रन्थानां च यानि शासनानि आदेशवाक्यानि तेषु या अक्षरमालिकाः वर्णपंक्तयस्तासां, प्रशस्तिस्तम्भः—प्रशस्तेः कीर्तेः स्तम्भः स्तूपविशेषः, पुण्यकर्मप्ररोहाणां—पुण्यकर्माणि धर्मकार्याणि एव प्ररोहाः मूलानि तेषां, न्यग्रोधपादपः—वटवृक्षः, साधुव्यवहाररत्नानां—साधवः शोभनाः च व्यवहाराः शिष्टाचाराः एव रत्नानि हीरकादयस्तेषाम्, आकरः—खनिः, पार्थिवनीतिज्योत्स्नायाः—पार्थिवनीतिः राजनीतिः एव ज्योत्स्ना चन्द्रिका तस्याः, इन्दुः—चन्द्रः, सकलकलाङ्कुरकलापस्य—सकलाः समस्ताः कलाः विद्याः एव अङ्कुरा प्ररोहाः तेषां कलापस्य समूहस्य, कन्दः—अङ्कुरमूलम्, समस्तपुरुषगुणमणीनां—समस्ताः निखिलाः ये पुरुषाणां मनुष्याणां गुणाः दयादाक्षिण्यादयः त एव मणयः रत्नानि तेषां, सागरः—समुद्रः, चपलराज्यलक्ष्मीकरेणुकायाः—चपला चञ्चला राज्यलक्ष्मीः राज्यश्रीः एव करेणुका हस्तिनी तस्याः, आलानस्तम्भः—बन्धनस्थूणा, सकलभुवन०—सकलानि निखिलानि भुवनानि लोकाः तेषां व्यापारः कार्यम् स एव पारावारः समुद्रः तस्मिन् या नौः नौका तस्याः कर्णधारः नाविकः, सुधाम्भोनिधिडिण्डीर०—सुधायाः अमृतस्य अम्भोनिधिः समुद्रः तस्य डिण्डीराः फेनाः, तेषां पिण्डानि पटलानि तद्वत् पाण्डुराः धवलाः ये यशःकुशेशयखण्डाः कीर्ति-

कमलसमूहा: तै: मण्डितं शोभितं सकलसंसार एव सम्पूर्णजगदेव सर: कासार: येन तादृश:, सरागीकृतसमस्तपार्थिवानुजीवी––सरागीकृता: अनुरागवन्तो विहिता: समस्ता: सकला: पार्थिवानुजीविनो राजाश्रिता जना येन तादृश:, जीवितसम:–– ––जीवितेन जीवनेन सम: तुल्य:, प्राणसम:––प्राणै: असुभि: सम: सदृक्ष:, हृदयसम:––हृदयेन चेतसा सम: समान:, शरीरमात्रभिन्न:––शरीरमात्रेण देहमात्रेण भिन्न: पृथग्भूत:, द्वितीय:––अपर:, इव––यथा, आत्मा––जीवात्मा, कुलक्रमागत:––वंशपरम्परया सम्प्राप्त:, सुखदु:खयो:––हर्षविषादयो:, संक्रान्ति-दर्पण:––संक्रमणादर्श:, स्वभावानुरक्त:––स्वभावेन प्रकृत्यैव अनुरक्त: अनुराग-वान्, शुचि:––पवित्र:, सत्यपूतवाक्––सत्येन सत्यभाषणेन पूता पवित्रा वाक् वाणी यस्य तादृश:, कृतज्ञ:––कृतमुपकारं बहु मन्यमान:, ब्राह्मण:––विप्र:, सालङ्कायनस्य सूनु:––सालङ्कायनपुत्र:, श्रुतशीलो नाम—श्रुतशीलाख्य:, महामन्त्री ––महासचिव:, अस्ति स्म––आसीत् ।

हिन्दी अनुवाद––उस महाराज (नल) का, समस्त वेदों तथा शास्त्रों के आदेशों की अक्षरमाला का कीर्ति-स्तम्भ, पुण्य कर्म रूपी जटा-प्ररोहों का वट-वृक्ष, सद्व्यवहार रूपी रत्नों की खान, राजनीति रूपी चाँदनी का चन्द्र, सम्पूर्ण (चौंसठ) कला रूपी अंकुरों के समूह का कन्द, मनुष्यों के सारे गुण रूपी रत्नों का समुद्र, चचल राज्यलक्ष्मी रूपी हथिनी के बांधने का खूँटा, सारे संसार के व्यापार रूपी समुद्र की नौका का नाविक, अमृत-सागर के फेन-पिण्डों के समान धवल यश रूपी कमलों के समूह से सम्पूर्ण संसार रूपी सरोवर को अलंकृत करने वाला, समस्त राजा के अनुगामी (भृत्य, सामन्त आदि) जनों को (अपने प्रति) अनुरक्त रखने वाला, (राजा नल के) जीवन के समान, प्राणों के समान, हृदय के समान, शरीर मात्र से भिन्न दूसरे आत्मा के समान, वंश-परम्परा से प्राप्त, (राजा के) सुख-दुःख का संक्रमण-दर्पण (अर्थात् ऐसा दर्पण जिसमें राजा का सुख-दुःख स्पष्ट दीखता था), स्वभाव से अनुरक्त, शुद्ध, सत्य से पवित्र वाणी वाला, कृतज्ञ, सालङ्कायन का पुत्र, श्रुतशील नामक ब्राह्मण महामन्त्री था ।

टिप्पणी––न्यग्रोधपादप:—वटवृक्ष । न्यक् रुणद्धि इति न्यग्रोध: । पादै: पिबति इति पादप: । न्यग्रोधश्चासौ पादप: न्यग्रोधपादप: (कर्म० स०) ।

कर्णधारः—नाविक, खिवैया। 'कर्णधारस्तु नाविकः' इत्यमरः। हिण्डीर—फेन। 'हिण्डीरः डिण्डीरोऽब्धिकफः फेनः' इत्यमरः। यहाँ के गद्य-खण्ड में परम्परितरूपक और उल्लेख अलंकारों का संकर है। 'द्वितीय इवात्मा' में उत्प्रेक्षा अलंकार है।

मित्रं च मन्त्री च सुहृत्प्रियश्च विद्यावयः शीलगुणैः समानः।
बभूव भूपस्य स तस्य विप्रो विश्वम्भराभारसहः सहायः ॥३८॥

अन्वय—विद्यावयःशीलगुणैः समानः सः विप्रः तस्य भूपस्य मित्रं च मन्त्री च सुहृत् प्रियः च विश्वम्भराभारसहः सहायः बभूव ॥३८॥

संस्कृत-व्याख्या—विद्यावयः शीलगुणैः—विद्या ज्ञानं वयः आयुः शीलं सदाचारः गुणाः दयादाक्षिण्यादयः तैः समानः तुल्यः, सः—पूर्वोक्तः, विप्रः—ब्राह्मणः, तस्य, प्रसिद्धस्य, भूपस्य—राज्ञः नलस्य, मित्रं—सखा, च, मन्त्री—अमात्यः, च, सुहृत्—बन्धुः, प्रियः—स्निग्धः, च, विश्वम्भराभारसहः—राज्य-भारवहनसमर्थः, सहायः—सहायकः बभूव—जातः ॥३८॥

हिन्दी अनुवाद—विद्या, अवस्था, स्वभाव तथा गुणों में समान वह ब्राह्मण (श्रुतशील) उस राजा (नल) का मित्र, मंत्री, सुहृद्, प्रिय एवं राज्यभार वहन करने में समर्थ सहायक था ॥३८॥

टिप्पणी—इस श्लोक में विद्या, वय आदि की समानता तथा विश्वम्भ-राभारसहत्व को राजा की मित्रता एवं बन्धुता की निष्पत्ति में हेतु बताया गया है, अतः काव्यलिंग अलंकार है। एक का अनेकधा उल्लेख होने से उल्लेख अलंकार भी है। फिर इन दोनों का संकर है। इसमें भी उपजाति छन्द है ॥३८॥

ब्रह्मण्योऽपि ब्रह्मवित्तापहारी स्त्रीयुक्तोऽपि प्रायशो विप्रयुक्तः।
सद्वेषोऽपि द्वेषनिर्मुक्तचेताः को वा तादृग्दृश्यते श्रूयते वा ॥३९॥

अन्वय—ब्रह्मण्यः अपि ब्रह्मवित्तापहारी स्त्रीयुक्तः अपि प्रायशः विप्रयुक्तः सद्वेषः अपि द्वेषनिर्मुक्तचेताः तादृक् कः वा दृश्यते श्रूयते वा ॥३९॥

संस्कृत-व्याख्या--ब्रह्मण्यः अपि--ब्राह्मणेभ्यो हितोऽपि, ब्रह्मवित्तापहारी--ब्रह्मणां ब्राह्मणानां वित्तं धनम् अपहरति आच्छिनत्ति इति तादृशः (इति विरोधः परिहारस्तु--ब्रह्मवित् ब्रह्मज्ञः तापहारी सन्तापहारकश्च), स्त्रीयुक्तः अपि--स्त्रिया पत्न्या युक्तः अपि समन्वितः अपि, प्रायशः--बाहुल्येन, विप्रयुक्तः--विश्लिष्टः (इति विरोधः, परिहारस्तु--विप्रैः ब्राह्मणैः युक्तः समन्वितः), सद्वेषः अपि--द्वेषेण विरोधेन सहितः अपि, द्वेषनिर्मुक्तचेताः--द्वेषेण विरोधेन निर्मुक्तं रहितं चेतः चित्तं यस्य तादृशः (इति विरोधः, परिहारस्तु--सन् शोभनः वेषः परिधानं यस्य तादृशः), तादृक्--तथाविधः, को वा--कोऽन्यः, दृश्यते--अवलोक्यते, श्रूयते--आकर्ण्यते वा ॥३९॥

हिन्दी अनुवाद--वह ब्राह्मणों का हितैषी होते हुए भी ब्राह्मण के धन का अपहरण करने वाला था (विरोध, परिहार--ब्रह्मचिन्तक होते हुए भी ब्रह्मवेत्ता तथा प्रजा के सन्ताप को हरने वाला था), स्त्री से युक्त होते हुए भी प्रायः वियोगी था (विरोध, परिहार--स्त्रीयुक्त होते हुए भी ब्राह्मणों से युक्त था) और द्वेष से रहित होते हुए भी द्वेष से मुक्त चित्त वाला था (विरोध, परिहार--सुन्दर वेष से युक्त होते हुए भी द्वेषमुक्तचित्त था)। वैसा अन्य कौन देखा या सुना जाता है ? ॥३९॥

टिप्पणी--इस श्लोक में विरोधाभास अलंकार है और शालिनी छन्द है। शालिनी का लक्षण--'मात्तौ गौ चेच्छालिनी वेदलोकैः' ॥३९॥

नृपविलासवर्णनम्

अथ स पार्थिवस्तस्मिन्नमात्ये परिजनपरिवृढे प्रौढप्रेमणि निगूढमन्त्रे मन्त्रिणि तृणीकृतस्त्रैणविषयरसे सौराज्यरागजनने जननीयमाने जनस्य, सर्वोपधाशुद्धबुद्धौ निधाय राज्यप्राज्यचिन्ताभारमभिनवयौवनारम्भरमणीये रम्यरमणीजननयनहृदयप्रिये प्रियङ्गुभासि जितमदनमहस्यपहसितसुरासुरसौभाग्ययशसि विस्मापितसमस्तजनमनसि लसल्लावण्यपुञ्जपराजितसकलसमुद्राम्भसि कान्तिकटाक्षितचन्द्रमसि वयसि वर्तमानो मानितमानिनीजनयौवनसर्वस्वः स्वयमनवरतं सकलसंसारसुखसन्दोहमन्वभूत् ।

संस्कृत-व्याख्या—अथ—अनन्तरम्, सः—प्रसिद्धः, पार्थिवः—राजा, परिजनपरिवृढे—परिजनेषु परिवृढः समर्थः तस्मिन्, प्रौढ़प्रेमणि—प्रौढम् उत्कटं प्रेम स्नेहो यस्य तादृशे, निगूढमन्त्रे—निगूढः सुगुप्तो मन्त्रो रहस्यं यत्र तादृशे, तृणीकृतस्त्रैणविषयरसे—तृणीकृतः तुच्छीकृतः स्त्रैणविषयरसः स्त्रीजनविलासस्य रसः स्वादो येन तादृशे, सौराज्यरागजनने—सौराज्ये प्रशस्तराजत्वे रागः प्रीतिः तं जनयतीति तादृशे, जनस्य—लोकस्य, जननीयमाने—जननीवाचरति, सर्वोपधाशुद्धबुद्धौ—सर्वाः च ताः उपधाः उत्कोचाः ताभ्यः शुद्धा स्वच्छा कपटरहिता इत्यर्थः बुद्धिः प्रज्ञा यस्य तादृशे, मन्त्रिणि—मन्त्रवति, तस्मिन्—पूर्वोक्ते, अमात्ये—मन्त्रिणि श्रुतशील इति यावत्, राज्यप्राज्यचिन्ताभारम्—राज्यस्य आधिपत्यस्य प्राज्यम् प्रचुरं चिन्तायाः आध्यानस्य भारं भरं, निधाय—संस्थाप्य, अभिनवयौवनारम्भरमणीये—अभिनवेन नूतनेन यौवनारम्भेण तारुण्योदयेन रमणीये मनोहरे, रम्यरमणीजननयनहृदयप्रिये—रम्यः मनोहरः यः रमणीजनः सुन्दरीजनः तस्य नयनानि नेत्राणि हृदयानि चेतांसि च तेषां प्रियः अभीष्टः तादृशे, प्रियङ्गुभासि—प्रियङ्गुवत् श्यामालतावत् भासते इति तादृशे, जितमदनमहसि—जितं परास्तं मदनस्य कन्दर्पस्य महस्तेजो येन तादृशे, अपहसितसुरासुरसौभाग्ययशसि—अपहसितं तिरस्कृतं सुरासुराणां देवदैत्यानां सौभाग्यस्य सौन्दर्यस्य यशः कीर्तिः येन तादृशे, विस्मापितसमस्तजनमनसि—विस्मापितानि चकितीकृतानि समस्तजनानां सकललोकानां मनांसि चेतांसि येन तादृशे, लसल्लावण्यपुञ्ज०—लसन् देदीप्यमानः यः लावण्यस्य सौन्दर्यस्य पुञ्जः समूहः तेन पराजितानि तिरस्कृतानि सकलानां निखिलानां समुद्राणां सागराणाम् अम्भांसि जलानि येन तादृशे (समुद्र-पक्षे—लसन् यो लावण्यस्य क्षारत्वस्य पुञ्जः तेन), कान्तिकटाक्षितचन्द्रमसि—कान्त्या कमनीयतया कटाक्षितः पराजितः चन्द्रमाः चन्द्रः येन तादृशे, वयसि—अवस्थायां, वर्तमानः—विद्यमानः, मानितमानिनीजनयौवनसर्वस्वः—मानितं सत्कृतं मानिनीजनानां मानवतीनां स्त्रीणां यौवनसर्वस्वं तारुण्यधनं येन तादृशः, स्वयम्—आत्मना, अनवरतं—निरन्तरं, सकलसंसारसुखसन्दोहं—सकलस्य सम्पूर्णस्य संसारस्य जगतः सुखसन्दोहम् आनन्दसमूहम्, अन्वभूत्—आस्वादितवान् ।

हिन्दी अनुवाद—अनन्तर वह राजा परिजनों में समर्थ, प्रगाढ़ प्रेम वाले, मंत्रणा को गुप्त रखने वाले, स्त्री-विलास के रस को तुच्छ समझने वाले, उत्तम

राज्य में अनुराग उत्पन्न करने वाले, प्रजा के प्रति माता के समान आचरण करने वाले, सारी उपधाओं--छल-कपट, घूस आदि--से रहित (निर्मल) बुद्धि वाले एवं मन्त्रणाशील उस मंत्री (श्रुतशील) पर राज्य विषयक प्रचुर चिन्ता का भार सौंपकर नूतन यौवन के प्रादुर्भाव से रमणीय, सुन्दर ललनाओं के नयन एवं हृदय को प्रिय, प्रियंगुलता के समान भासमान, कामदेव के सौन्दर्य को जीतने वाली, देवों और दानवों के सौभाग्य-यश को तिरस्कृत करने वाली, सभी लोगों के मन को विस्मित करने वाली, शोभायमान सौन्दर्यपुञ्ज (समुद्रजल-पक्ष में खारेपन) से सकल समुद्रों के जल को पराजित करने वाली और कान्ति से चन्द्रमा पर भी कटाक्ष करने वाली अवस्था में स्थित होकर सुन्दरियों के यौवनघन का सम्मान करता हुआ स्वयं निरन्तर समस्त सांसारिक सुखों के समूह का अनुभव करने लगा।

टिप्पणी--उपधा--छल-प्रपञ्च आदि। लावण्य--(१) सौन्दर्य, (२) खारेपन। लवणस्य भावः लावण्यम् लवण+ष्यञ्।

तथाहि, कदाचिदनुत्पन्नविषमरणो गरुड इवाहितापकारी हरिवाहनविलासमकरोत्। कदाचिच्चन्द्रमौलिरिव मदनबाणासनातिमुक्तशरसंछादितायां पर्वतभुवि विजहार। कदाचिदच्युत इव, शिशिरकमलाकरावगाहनोत्पन्नपुलककोरकिततनुरनन्तभोगभाक् सुखमन्वतिष्ठत्। कदाचिन्नलिनयोनिरिव राजसभावस्थितः प्रजाव्यापारमचिन्तयत्।

संस्कृत-व्याख्या--कदाचित्--कस्मिंश्चित्काले, गरुड इव--वैनतेय इव, अनुपन्नविषमरणः--अनुत्पन्नः न संजातः विषमः भयङ्करः रणः संग्रामः यस्य तादृशः, अहितापकारी--अहितानां शत्रूणाम् अपकारी अपकारपरायणः (सन्), हरिवाहनविलासं--हरेः अश्वस्य वाहनः रथः तेन विलासं विहारानन्दम्, अकरोत्--व्यदधात्। गरुडपक्षे--अनुत्पन्नविषमरणः--अनुत्पन्नं न संजातं विषेण गरलेन मरणं मृत्युः यस्य तादृशः, अहितापकारी--अहीनां सर्पाणां तापं तच्छीलः, हरिवाहनविलासं--हरेः विष्णोः वाहनविलासः यानलीला तम्, अकरोत्। कदाचित्, चन्द्रमौलिरिव--चन्द्रशेखरः शिव इव, मदनबाणासनातिमुक्त०--मदनः धत्तूरः बकुलो वा बाणः पुष्पविशेषः असनः अतिमुक्तः शरः मुञ्जः एतैः संछादितायां परिपूर्णायां पर्वतभुवि शैलभूमौ, विजहार--विहरणं कृतवान्। शिवपक्षे--

—मदनस्य कामस्य बाणासनेन धनुषा अतिमुक्ताः प्रक्षिप्ताः ये शराः बाणाः तैः संछादितायां व्याप्तायां, पर्वतभुवि—पार्वत्यां, विजहार । कदाचित्, अच्युत इव—विष्णुः इव, शिशिरकमलाकरावगाहन०—शिशिरः शीतलो यः कमलाकरः पद्माकरः तत्र अवगाहनेन स्नानेन उत्पन्नाः संजाताः ये पुलकाः रोमाञ्चाः तैः कोरकिता कुड्मलिता तनुः शरीरं यस्य तादृशः, अनन्तभोगभाक्—अनन्तान् असंख्यातान् भोगान् विलासान् भजति प्राप्नोति इति तादृशः, सुखम्—आनन्दम्, अन्वतिष्ठत्—अनुबभूव । अच्युतपक्षे—शिशिरः शीतलः यः कमलायाः लक्ष्म्याः करः पाणिः तस्य अवगाहनेन स्पर्शेन उत्पन्नाः संजाताः ये पुलकाः रोमाञ्चाः तैः कोरकिता कुड्मलिता तनुः शरीरं यस्य तादृशः, अनन्तस्य शेषनागस्य भोगं शरीरं भजतीति तादृशः, सुखम्, अन्वतिष्ठत् । कदाचित्, नलिनयोनिरिव—ब्रह्मा इव, राजसभावस्थितः—राजसभायां नृपसंसदि अवस्थितः विराजितः, प्रजाव्यापारम्—प्रकृतिकार्यम्, अचिन्तयत्—विचारयति स्म । ब्रह्मपक्षे—राजसभावस्थितः—राजसभावे रजोगुणमये भावे स्थितः वर्तमानः, प्रजाव्यापारं—प्रजोत्पत्तिरूपकार्यम्, अचिन्तयत् ।

हिन्दी-अनुवाद—जैसे कि, कभी गरुड की भाँति भयंकर युद्ध उत्पन्न न करने वाला तथा शत्रुओं का अपकार करने वाला वह (राजा) अश्व-रथ का आनन्द लेता था। गरुडपक्ष में—विष से मृत्यु को न प्राप्त करने वाला तथा साँपों को सन्ताप देने वाला गरुड विष्णु के वाहन की लीला को प्राप्त करता है। कभी शंकर की भाँति मदन, बाण, असन, अतिमुक्त तथा शर नामक वृक्षों से आच्छादित पर्वत-भूमि पर वह विहार करता था। शंकर-पक्ष में—कामदेव के धनुष-से छूटे हुए बाणों से पीडित पार्वती में विहार करते थे। कभी विष्णु के समान शीतल तथा कमलों से भरे तालाब में स्नान करने से उत्पन्न रोमाञ्च से कण्टकित शरीर वाला वह अनन्त भोगों का सेवन करता हुआ सुख प्राप्त करता था। विष्णु-पक्ष में—लक्ष्मी के हाथ से स्पर्श से उत्पन्न रोमाञ्च से पुलकित शरीर वाले होकर तथा अनन्त कणों वाले शेषनाग पर विराजमान होकर सुख प्राप्त करते थे। कभी ब्रह्मा के समान राजसभा में अवस्थित होकर वह प्रजा के कार्य का चिन्तन करता था। ब्रह्मा पक्ष में रजोगुण के भाव में स्थित होकर प्रजोत्पत्तिरूप कार्य करते थे।

टिप्पणी—गरुड:—गरुद्भिः पक्षैः डयते आकाशे गच्छति इति गरुडः। मदन—(१) मौलसिरी या धतूरा, (२) कामदेव। बाण—सरपत। असन—पीतसालवृक्ष। अतिमुक्त—माधवी लता या तिनिश वृक्ष या ताल। शर—सरकंडा या खस। यहाँ के गद्य में श्लिष्टोपमा अलंकार है।

कदाचिन्मयूर इव कान्तोन्नमत्पयोधरमण्डलिविलासेन हर्षमभजत्। कदाचिन्नक्षत्रराशिरिवाश्विन्या सेनया समन्वितो मृगानुसारी बहुशष्पवनमार्गं बभ्राम। कदाचिदाञ्जनेय इवाक्षविनोदमन्वतिष्ठत्। कदाचिद्वानरेश्वर इव सुग्रीवो वैदेहीति ब्रुवाणस्यालघुकाकुस्थस्यार्थिनः प्रार्थना क्रियतां सफलेति वानरपुंगवानादिदेश।

संस्कृत-व्याख्या—कदाचित्, मयूर इव—बर्हिण इव, कान्तोन्नमत्पयोधरमण्डलिविलासेन—कान्तायाः कामिन्याः उन्नमन्तौ उद्गच्छन्तौ यौ पयोधरौ कुचौ तत्र मण्डलिविलासः आलिंगनसुखं वक्रक्रीडा वा तेन हर्षम् आनन्दम्, अभजत्—प्राप्नोत्। मयूरपक्षे—कान्ता रम्या उन्नमन्त उद्गच्छन्तः ये पयोधराः मेघाः तैः यः मण्डलिविलासः मण्डलाकारनृत्यं तेन, हर्षम्, अभजत्। कदाचित्, नक्षत्रराशिरिव—नक्षत्राणां ताराणां राशिः समूहः इव, अश्विन्या—अश्वयुक्तया, सेनया—वाहिन्या, समन्वितः—समवेतः, मृगानुसारी—मृगान् पशून् अनुसरतीति तादृशः (सन्), बहुशष्पवनमार्गं—बहु प्रचुरं शष्पं घासः यस्मिन् तादृशं वनमार्गं विपिनपथं, बभ्राम—भ्रमति स्म। नक्षत्रराशिपक्षे—सेनया—इनेन सूर्येण सहिता सेना तया, अश्विन्या—अश्विनीनामकनक्षत्रेण समन्वितः—युक्तः, मृगानुसारी—मृगम्—मृगशीर्षं नक्षत्रम् अनुसरतीति तादृशः, बहुशः—प्रायेण, पवनस्य—वायोः, मार्गं—पथं, बभ्राम—भ्रमति स्म। कदाचित्, आञ्जनेय इव—हनूमान् इव, अक्षविनोदम्—अक्षैः पाशकैः विनोदं क्रीडाम्, अन्वतिष्ठत्—कृतवान्। आञ्जनेयपक्षे—अक्षविनोदम्—अक्षस्य रावणसुतस्य विनोदं वधम्, अन्वतिष्ठत्। कदाचित्, वानरेश्वरः—वानरराजः, सुग्रीव इव—बालिभ्रातेव, नरेश्वरः—नराधिपः, सुग्रीवः—शोभनग्रीवायुक्तः नलः, वै—ननं, देहि—प्रयच्छ, इति, ब्रुवाणस्य—प्रार्थयमानस्य, अलघुकाकुस्थस्य—अलघ्व्यां महत्यां काकौ भिन्नकण्ठध्वनौ तिष्ठतीति तस्य, अर्थिनः—याचकस्य, प्रार्थना—याचना, सफला—परिपूर्णा, क्रियतां—विधीयताम्, इति वा—एवं वा, नरपुंगवान्—

पुरुषश्रेष्ठान् प्रादिदेश--प्राज्ञापयामास। सुग्रीवपक्षे--वैदेही--प्रीता, इति ब्रुवाणस्य--वदतः, अलघुकाकुस्थस्य--अलघोः महतः काकुस्थस्य--रामस्य, अर्थिनः --प्रयोजनवतः, प्रार्थना, सफला, क्रियताम्, इति, वानरपुङ्गवान्--कपिश्रेष्ठान्, प्रादिदेश।

हिन्दी अनुवाद--जैसे मयूर सुन्दर उमड़ते हुए बादलों के समय गोलाकार में (चारों तरफ घूम-घूमकर) नाचता हुआ आनन्द का अनुभव करता है वैसे वह (राजा भी) किसी समय रमणियों के उत्तुंग स्तनों के विलास (आलिंगन, मर्दन आदि) से आनन्दानुभव करता था। जैसे नक्षत्रों का समूह सूर्य के साथ अश्विनी नक्षत्र से समन्वित होते हुए तथा मृगशिरा नक्षत्र का अनुसरण करते हुए बहुधा आकाश में भ्रमण करता है वैसे वह (भी) किसी समय घुड़सवार सेना से युक्त होकर मृगों का पीछा करते हुए अधिक घासों से युक्त वन-मार्ग में भ्रमण करता था। जैसे हनुमान् ने अक्षकुयमार का वध किया वैसे वह किसी समय पासों (द्यूत-क्रीडा) से विनोद करता था। जैसे वानरों के स्वामी सुग्रीव ने वैदेही (सीता) यह प्रलाप करते हुए प्रयोजनवान् राम का प्रयोजन सिद्ध किया जाय--यह आदेश वानर-श्रेष्ठों को दिया था वैसे नरेश्वर एवं सुन्दर गले वाला वह 'अवश्य दीजिए' इस प्रकार अत्यन्त नम्रता पूर्ण ध्वनि से बोलने वाले याचक की प्रार्थना सफल करो--ऐसा आदेश श्रेष्ठ पुरुषों (राजकर्मचारियों) को दिया।

टिप्पणी--सेनया--(१) सेना से, (२) सूर्य सहित। 'इनः सूर्य प्रभौ च' इत्यमरः। बहुशष्पवनमार्गम्--(१) बहुत घास वाले वन-मार्ग में, (२) बहुधा वायुमार्ग (आकाश) में। दूसरे अर्थ में 'बहुशः पवनमार्गम्' पाठ होगा। किन्तु इसमें रूपभेद होने पर भी श्रुति-साम्य के कारण कोई दोष नहीं है, ऐसा कवि-समय या कवि-सिद्धान्त है। जैसा कि चण्डदासकृत चण्डिकाचरित-महाकाव्य में श्लोक आया है--'पुष्पादपामिह सदाधिगमे समृद्ध्या पुष्पादपाः फलभराच्च विनम्रभावम्। पुष्पादपापि दधतो मुनिवत्सुजन्मा पुष्पादपाति मधु साधु मधुव्रतोघाः॥' यहाँ अयुक्पादों में षकार ही है और युक्पादों में विसर्जनीय या उपध्मानीय में से अन्यतर ही है षकार नहीं है परन्तु श्रुतिसाम्य के कारण कोई दोष नहीं है। 'शष्पं बालतृणं घासः' इत्यमरः। 'बहुशष्पवनमार्गम्' में 'अकर्म-

कधातुभिर्योगे देशः कालो भावो गन्तव्योऽऽवाच कर्मसंज्ञक इति वाच्यम्' इस वार्तिक से कर्मसंज्ञा–द्वितीया हुई ।

यहाँ के गद्य-खण्ड में श्लिष्टोपमा अलंकार है ।

कदाचिन्मकरकेतन इव सुमनसो मार्गणान् विधाय स्वगुणं कर्णपूरीचकार । कदाचिदम्भोनिधिरिवोच्चैः स्तननाभिरम्याः, कृतानिमेषनयनविभ्रमाः, सकन्दर्पाः सिषेवे वेलाविलासिनीः । कदाचिद्दशरथ इवायोध्यायां पुरि स्थितः सुमित्रोपेतो रममाणरामभरतप्रेक्षणेन क्षणमाह्लादमन्वभूत् । एवमस्य सकलजीवलोकसुखसन्तानमनुभवतो यान्ति दिनानि ।

संस्कृत-व्याख्या––कदाचित्, मकरकेतन इव––कामदेव इव, मार्गणान्––याचकान्, सुमनसः––मनोरथपूरणेन सौमनस्ययुक्तान्, विधाय––कृत्वा, स्वगुणं––स्वस्य गुणं त्यागरूपं, कर्णपूरीचकार––श्रोत्रावतंसीचकार । मकरकेतन-पक्षे––सुमनसः––पुष्पाणि, मार्गणान्––शरान्, विधाय, स्वगुणं––निजमौर्वीं, कर्णपूरीचकार––कर्णान्तिमाचकर्ष । कदाचित्, अम्भोनिधिरिव––जलधिरिव, उच्चैः स्तननाभिरम्याः––उच्चैः स्तनाभ्यां कुचाभ्यां नाभ्या––प्राण्यंगविशेषेण च रम्याः रमणीयाः, कृतानिमेषनयनविभ्रमाः––कृता विहिता अनिमेषाभ्यां––पक्ष्मपातशून्याभ्यां नयनाभ्यां––नेत्राभ्यां विभ्रमाः विलासाः याभिस्तादृश्यः, सकन्दर्पाः––सकामाः, वेलाविलासिनीः––वारस्त्रीः, सिषेवे––सेवितवान् । अम्भोनिधिपक्षे––उच्चैःस्तननाभिरम्याः––उच्चैः स्तननेन गर्जनेन अभिरम्याः रमणीयाः, कृतानिमेषनयनविभ्रमाः––कृतं विहितम् अनिमेषाणां मत्स्यानां नयनम् इतस्ततः प्रापणं यैः तादृशाः विभ्रमाः विविधाः भ्रमाः आवर्ताः यासु तादृश्यः, सकन्दर्पाः––कंजलं तस्य दर्पेण औद्धत्येन सहिताः, वेलाविलासिनीः––विलसन्त्यभीक्ष्णमिति विलासिन्यः ताः वेलाः अम्भोवृद्धीः, सेवते––सेवितवान् । कदाचित्, दशरथ इव––रामपिता इव, अयोध्यायां योद्धुमशक्यायां, पुरि––नगर्यां, स्थितः––विराजितः, सुमित्रोपेतः––शोभनसुहृद्भिः परिवृतः, रममाणराम-भरतप्रेक्षणेन––रममाणाः विलसन्त्यः रामाः सुन्दर्यः यत्र तादृशं यत् भरतं भरतनाट्यस्य प्रेक्षणेन अवलोकनेन, क्षणं––किञ्चित्कालं यावत्, आह्लादं––हर्षम्, अन्वभूत्––अनुबभूव । दशरथपक्षे––अयोध्यानाम्न्यां पुरि स्थितः, सुमि-

ऽपेतः--सुमित्रया लक्ष्मणमात्रा उपेतः युक्तः, रममाणरामभरतप्रेक्षणेन--रममाणः क्रीडन् यो रामः भरतश्च तयोः प्रेक्षणेन, क्षणम्, आह्लादम्, अन्वभूत् । एवम्—इत्थं, सकलजीवलोकसुखसन्तानं--सकलः निखिलः यः जीवलोकः संसारः तस्य यः सुखसन्तानः आनन्दविस्तारः तम्, अनुभवतः--प्राप्नुवतः, अस्य—नलस्य, दिनानि--दिवसाः, यान्ति--गच्छन्ति ।

हिन्दी अनुवाद--कभी जैसे कामदेव पुष्पों को बाण बनाकर अपने गुण (धनुष की प्रत्यञ्चा) को (अपने) कान का आभूषण बनाता है (अर्थात् कान तक खींचता है), वैसे वह (राजा नल भी) याचकों को प्रसन्न मन करके अपने (दान रूपी) गुण को (दूसरों के) कानों का आभूषण बनाता है (अर्थात् अपने गुणों को सबके कानों तक पहुँचाता है)। कभी जैसे समुद्र ऊँचे गर्जन से रमणीय, मछलियों को इधर-उधर पहुँचा देने वाले भँवरों को उत्पन्न करने वाली, जल के दर्प (औद्धत्य) से युक्त और शोभायमान जल-वृद्धियों का सेवन करता है वैसे वह भी उन्नत कुचों एवं नाभि से रमणीय, अपलक नेत्रों से विलास प्रकट करने वाली और कामवासना से युक्त वारांगनाओं का सेवन करता था। कभी जैसे सुमित्रा से युक्त दशरथ अयोध्यापुरी में रहते हुए क्रीडा-रत राम और भरत के देखने से क्षणभर आनन्दित होते थे, वैसे वह भी युद्ध द्वारा अजेय नगरी में रहते हुए सुन्दर मित्रों से समन्वित होकर क्रीडारत सुन्दरियों के भरतनाट्य देखने से क्षणभर आनन्दित होता था। इस प्रकार सम्पूर्ण जीवलोक की सुखपरम्परा का अनुभव करते हुए उसके दिन बीत रहे थे।

टिप्पणी—कमरकेतनः--मीन पताका वाला, कामदेव । मङ्कते इति मकम्, मकं राति ददातीति मकरः । मार्गण--(१) बाण, (२) याचक। 'मार्गणं याचनेऽन्वेषे मार्गणस्तु शरेऽर्थिनि' इति हैमः । सकन्दर्पाः--(१) सकाम, (२) जल के औद्धत्य (ज्वार) से युक्त । कम्=कुत्सितः दर्पः यस्य स कन्दर्पः, तेन सहिताः । कं=जलं, तस्य दर्पेण सहिताः । यहाँ सर्वत्र श्लिष्टोपमा अलंकार है।

अथ वर्षावर्णनम्

अथ कदाचिदुन्नतपयोधरान्तरपतद्धारावलीविराजिताः, कमलदलकान्तनयनाः, सुरचापचक्रवक्रभ्रुवः, विद्युन्मणिमेखलालंकारधारिण्यः,

शिञ्जानामुक्तकलहंसकाः, प्रौढकरेणुसंचारहारिण्यः, कम्रकन्धराः, तिरस्कृतशशाङ्ककान्तिकलापोच्चमुखमण्डलाः सकलजगज्जेगीयमान-गुणमिममनुपमरूपलावण्यराशिराजितं राजानमवलोकयितुमिवावत-रन्ति स्म वर्षाः ।

संस्कृत-व्याख्या—अथ—अनन्तरम्, कदाचित्, उन्नमत्पयोधरान्तरपतद्धारा-वलीविराजिताः—उन्नमताम् उद्गच्छतां पयोधराणां मेघानाम् अन्तरात् मध्यात् पतन्त्यः वर्षन्त्यः या धारावल्यः धाराश्रेणयः ताभिः विराजिताः सुशोभिताः, नायिका-पक्षे—उन्नमन्तौ उद्गच्छन्तौ यौ पयोधरौ कुचौ तयोः अन्तरे मध्ये पतन्ती लम्बमाना या हारावली मणिस्रक् तया विराजिताः अथवा अन्तरे मध्ये पतन्तः लम्बमानाः अतिसंहृतत्वादप्रविशन्तः इत्यर्थः हाराः मुक्तावल्यः यासां ताः तथा वलीभिः उदररेखाभिः विराजिताः, कमलदलकान्तनयनाः—कमलदलानां पद्मपत्राणां कान्तम् इष्टम् नयनम् आगमनम् प्रतिवाहनं यासां तादृश्यः, नायि-कापक्षे—कमलदलवत् पद्मपत्रवत् कान्तानि सुन्दराणि नयनानि नेत्राणि यासां तादृश्यः, सुरचापचक्रवक्रभ्रुवः—सुरचापचक्रम् इन्द्रधनुर्वलयमेव वक्र कुटिले भ्रुवौ यासां तादृश्यः, नायिका-पक्षे—सुरचापचक्रवत् वक्रे भ्रुवौ यासां तादृश्यः, विद्युन्मणिमेखलालंकारधारिण्यः—विद्युतः सौदामिन्यः एव मणिमेखलालङ्काराः रत्नकाञ्चीभूषणानि तद्धारिण्यः, नायिकापक्षे—विद्युत इव मणिमेखलालङ्काराः तेषां धारिण्यः, शिञ्जानामुक्तकलहंसकाः—शिञ्जानाः अव्यक्तशब्दं कुर्वाणाः तथा मुक्ताः मानसं प्रति प्रस्थापिताः कलहंसकाः कादम्बाः याभिः तादृश्यः, नायिकापक्षे—शिञ्जानौ शब्दायमानौ आमुक्तौ बद्धौ कलहंसकौ नूपुरौ यासां तादृश्यः, प्रौढकरेणुसंचारहारिण्यः—प्रौढेन प्रवृद्धेन केन जलेन रेणूनां धूलीनां सञ्चारम् उत्पतनं हरन्ति निवारयन्ति तच्छीलाः, नायिकापक्षे—प्रौढायाः विशालायाः करेण्वाः हस्तिन्याः संचारं गतिं हरन्तीति तादृश्यः गजगामिन्य इत्यर्थः, कम्रकन्धराः—कम्राः कमनीयाः कन्धराः मेघाः यासु तादृश्यः, (नायिका-पक्षे—कम्राः कमनीयाः कन्धराः ग्रीवाः यासां तादृश्यः, तिरस्कृतश-शाङ्ककान्तिकलापोच्चमुखमण्डलाः—तिरस्कृताः आच्छादिताः शशाङ्ककान्तयः चन्द्रिकाः यासु ताः कलापेषु वर्षागीतेषु उच्चानि ऊर्ध्वानि मुखमण्डलानि (गायि-कानां) वदनचक्रवालानि यासु ताश्च, नायिकापक्षे—तिरस्कृतः शशाङ्कस्य

चन्द्रस्य कान्तेः ज्योत्स्नायाः कलापः समूहः येन तत् तथाभूतम् उच्चम् उत्कृष्टम् उन्नतकपोलं वा मुखमण्डलम् वदनबिम्बं यासां ताः, वर्षाः——वर्षर्तुः नायिकाश्च, सकलजगज्जेगीयमानगुणं——सकलजगता सम्पूर्णसंसारेण जेगीयमानाः भूयोभूयः प्रशस्यमानाः गुणाः दयादाक्षिण्यादयः यस्य तादृशम्, अनुपमरूपलावण्यराशिराजितम्——अनुपमस्य अप्रतिमस्य रूपस्य सौन्दर्यस्य लावण्यस्य कान्तेश्च राशिना पुञ्जेन राजितं शोभितम्, इमम्——अमुम्, राजानं——नृपं नलमिति यावत्, अवलोकयितुं——द्रष्टुम्, इव, अवतरन्ति स्म——आगच्छन्ति स्म ।

हिन्दी-अनुवाद——अनन्तर कभी उमड़ते हुए बादलों के मध्य से गिरती हुई धारा के समूह से शोभित (नायिका-पक्ष में उन्नत स्तनों के बीच लटकती हुई हार-पंक्ति से शोभित), कमल-पत्रों के लिए अभीष्ट गमन वाली (नायिका-पक्ष में कमल-पत्र के समान नेत्रों वाली), चक्राकार इन्द्रधनुष रूपी टेढ़ी भौंहों वाली (नायिका-पक्ष में चन्द्राकार इन्द्रधनुष के समान वक्र भौंहों वाली, बिजली रूपी मणिनिर्मित करधनी धारण करने वाली (नायिका-पक्ष में बिजली की तरह (चमकीली) मणिनिर्मित करधनी धारण करने वाली), (रिमझिम या गड़गड़ाहट) शब्द करने वाली और कलहंसों को (मानसरोवर की ओर) छोड़ने या भेजने वाली, (नायिका-पक्ष में) मधुर अस्फुट शब्द करने वाले नूपुरों को पहने हुई), प्रचुर जल से धूल की उड़ान को रोकने वाली, (नायिका-पक्ष में प्रौढ हथिनी की चाल को हरने वाली (अर्थात् गजगामिनी), कमनीय जलधरों से युक्त (नायिका-पक्ष में सुन्दर ग्रीवा से युक्त) और चन्द्रमा की कान्ति को ढक देने वाली तथा वर्षागीतों में (मेघदर्शन के लिए लोगों के) मुख-मण्डलों को ऊपर की ओर करने वाली, (नायिका-पक्ष में चन्द्रमा के कान्तिकलाप को तिरस्कृत करने वाले उच्च मुखमण्डल से युक्त) वर्षायें (वर्षा ऋतु) सम्पूर्ण संसार के द्वारा अतिशयतापूर्वक गाये जाने वाले गुणों से युक्त तथा अनुपम रूप-लावण्य की राशि से शोभित उस राजा (नल) को देखने के लिए अवतीर्ण हुईं ।

टिप्पणी——इस अनुच्छेद में सभी स्त्रीलिंग विशेषण वर्षा और नायिका दोनों पक्षों में घटते हैं । मानो वर्षा रूप नायिका नल को देखने के लिए उतरी थी । यहाँ प्रस्तुत वर्षा में अप्रस्तुत नायिका के व्यवहार का समारोप होने से

समासोक्ति अलंकार है, उपमा और रूपक समासोक्ति का अंग हैं और 'अवलोकयितुमिव' में हेतूत्प्रेक्षा है।

यत्र च ।

आकर्ण्य स्मरयौवराज्यपटहं जीमूतनूत्नध्वनिं
नृत्यत्केकिकुटुम्बकस्य दधतं मन्द्रां मृदङ्गक्रियाम् ।
उन्मीलन्नवनीलकन्दलदलव्याजेन रोमाञ्चिता
हर्षेणेव समुच्छ्रिता वसुमती दध्रे शिलीन्ध्रध्वजान् ॥४०॥

अन्वय—नृत्यत्केकिकुटुम्बकस्य मन्द्रां मृदङ्गक्रियां दधतं स्मरयौवराज्यपटहं जीमूतनूत्नध्वनिम् आकर्ण्य उन्मीलन्नवनीलकन्दलदलव्याजेन रोमाञ्चिता हर्षेण इव समुच्छ्रिता वसुमती शिलीन्ध्रध्वजान् दध्रे ॥४०॥

संस्कृत-व्याख्या—नृत्यत्केकिकुटुम्बकस्य—नृत्यतः नृत्यं कुर्वतः केकिकुटुम्बकस्य मयूरमण्डलस्य, मन्द्रां—गम्भीरां, मृदङ्गक्रियां—मुरजव्यापारं, दधतं—धारयन्तं, स्मरयौवराज्यपटहं—स्मरस्य कन्दर्पस्य यौवराज्यं युवराजत्वं तस्य पटहम् आनकमूतं, जीमूतनूत्नध्वनिं—जीमूतानां मेघानां नूत्नध्वनिं नवीनगर्जितम्, आकर्ण्य—श्रुत्वा, उन्मीलन्नवनीलकन्दलदलव्याजेन—उन्मीलन्ति विकसन्ति यानि नवानि नूतनानि नीलानि हरितानि कन्दलानां नवाङ्कुराणां दलानि पत्राणि तेषां व्याजः छलं तेन, रोमाञ्चिता—पुलकिता, हर्षेण इव—प्रमोदेन इव, समुच्छ्रिता—प्रवृद्धा, वसुमती—पृथ्वी, शिलीन्ध्रध्वजान्—शिलीन्ध्रं गोमयच्छत्रिका एव ध्वजाः पताकाः तान्, दध्रे—धृतवती ॥४०॥

हिन्दी अनुवाद—और जहाँ (वर्षाकाल में), नाचती हुई मयूरमण्डली के लिए गंभीर मृदंग (की बोल) का काम करती हुई तथा कामदेव के युवराज-पद (पर अभिषेक के समय) का नगाड़ा बनी हुई मेघों की नवीन ध्वनि को सुनकर निकलते हुए नये एवं हरे अंकुरों के बहाने रोमाञ्चित हुई पृथिवी मानो हर्ष से परिपूर्ण होकर शिलीन्ध्रपुष्प (गोबरछत्ते) रूपी ध्वजाओं को धारण कर रही थी ॥४०॥

टिप्पणी—इस श्लोक का भाव यह है कि वर्षाकाल में कामदेव का यौवराज्याभिषेक हो रहा है, जिसमें मोरो की मण्डली नाच रही है, उसके लिए बादलों की नवीन ध्वनि मृदंग का काम दे रही है और बादलों का ही गर्जन

यौवराज्य के नगाड़े का कार्य पूर्ण कर रहा है, नवीन अंकुरों के बहाने वसुन्धरा रोमाञ्च व्यक्त कर रही है तथा प्रसन्नता के मारे शिलीन्ध्रध्वजों को धारण कर रही है।

यहाँ जीमूतध्वनि में पटहत्व का तथा शिलीन्ध्र में ध्वजत्व का आरोप होने से रूपक है, 'कन्दलव्याजेन' में अपह्नुति है, 'हर्षेणेव' में उत्प्रेक्षा है और मेघ के शब्द में मृदंग की क्रिया संभव नहीं है, इसलिए असंभव वस्तु के वर्णन द्वारा बिम्बप्रतिबिम्बभाव होने पर निदर्शना अलंकार भी है। इसमें शार्दूलविक्रीडित छन्द है। छन्द का लक्षण—'सूर्याश्वैर्यदि मः सजो सततगाः शार्दूलविक्रीडितम्' ॥४०॥

अपि च।

> **पर्णैः कर्णपुटायितैर्नवरसप्राग्भारविस्फारितैः**
> **शृण्वन्तो मधुरं द्युमण्डलमिलन्मेघावलीगर्जितम्।**
> **शाखाग्रग्रथमानसौरभभरभ्रान्तालिपालिध्वजा-**
> **स्तोषेणेव वहन्ति पुष्पपुलकं धाराकदम्बद्रुमाः ॥४१॥**

अन्वय—नवरसप्राग्भारविस्फारितैः कर्णपुटायितैः पर्णैः मधुरं द्युमण्डलमिलन्मेघावलीगर्जितं शृण्वन्तः शाखाग्रग्रथमानसौरभभरभ्रान्तालिपालिध्वजाः धाराकदम्बद्रुमाः तोषेण इव पुष्पपुलकं वहन्ति ॥४१॥

संस्कृत-व्याख्या—नवरसप्राग्भारविस्फारितैः—नवरसस्य नूतनवृष्टिजलस्य प्राग्भारः प्राचुर्यम् तेन विस्फारितानि विस्तारितानि तैः, कर्णपुटायितैः—श्रोत्रपुटवदाचरद्भिः, पर्णैः—दलैः, मधुरं—सरसं, द्युमण्डलमिलन्मेघावलीगर्जितं—द्युमण्डले आकाशमण्डले मिलन्ती संगच्छन्ती या मेघावली जलधरपङ्क्तिः तस्याः गर्जितं शब्दं, शृण्वन्तः—आकर्णयन्तः, शाखाग्रग्रथमान०—शाखाग्रेषु विटपाग्रभागेषु ग्रथमानाः मिलन्त्यः सौरभभरेण सौरभस्य सौगन्ध्यस्य भरेण भारेण भ्रान्ताः संचलिताः अलिपालयः भ्रमरपंक्तयः एव ध्वजाः पताकाः येषां तादृशाः, धाराकदम्बद्रुमाः—धाराख्यनीपवृक्षाः, तोषेण इव—प्रीत्या इव, पुष्पपुलकं—कुसुमरोमाञ्चं, वहन्ति—धारयन्ति ॥४१॥

हिन्दी अनुवाद—नूतन वर्षाजल के प्रचुर भार से फैले हुए पत्र रूप कर्णपुटों से आकाश-मण्डल में मिलती हुई मेघमाला के मधुर गर्जन को सुनते हुए,

डालियों के अग्रभाग में संलग्न सुगन्ध की प्रचुरता के कारण (ऊपर) मँडराती हुई भौंरों की पंक्तिरूप ध्वजा वाले धाराकदम्ब मानो प्रसन्नता से पुष्प रूपी रोमांच को धारण कर रहे थे ॥४१॥

टिप्पणी—इस श्लोक का भाव यह है कि वर्षाकाल में धारा कदम्ब के पत्ते सरस हो गये हैं और वे आकाश में मेघों की गर्जना को अपने पत्ते रूपी कानों से सुनते हैं। शाखाओं के अग्रभाग में परागपूर्ण पुष्पों पर भौंरे मँडरा रहे हैं। उन भौंरों की पंक्ति ध्वज की तरह प्रतीत होती है और वे धाराकदम्ब पुष्पित क्या हुए मानों प्रसन्नता से रोमांचित हो रहे हैं। वसन्त में खिलने वाले कदम्ब को धूलीकदम्ब और वर्षाकाल में खिलने वाले को धाराकदम्ब कहते हैं।

इस श्लोक में पर्णों में कर्णपुटत्व का और पुष्पों में पुलकत्व का आरोप होने से रूपकालंकार है और 'तोषेणेव' में उत्प्रेक्षा अलंकार है। इसमें भी शार्दूलविक्रीडित छन्द है ॥४१॥

अथ क्रमेण,

नीरं नीरजनिर्मुक्तं नीरजस्कं भुवस्तलम् ।
जातं जातिलतापुष्पगन्धान्धमधुपं वनम् ॥४२॥

अन्वय—नीरं नीरजनिर्मुक्तं, भुवः तलं नीरजस्कम्, वनं जातिलतापुष्पगन्धान्धमधुपं जातम् ॥४२॥

संस्कृत-व्याख्या—नीरं—जलं, नीरजनिर्मुक्तम्—नीरजैः कमलैः निर्मुक्तं रहितम्, जातम्—अभवत्, भुवः—पृथिव्याः, तलं—पृष्ठम्, नीरजस्कं—धूलिरहितम्, वनम्—अरण्यं, जातिलतापुष्पगन्धान्धमधुपं—जातीनां मालतीनां लता व्रततिः तस्याः पुष्पाणि कुसुमानि तेषां गन्धः सौरभं तेन अन्धाः उन्मत्ताः मधुपाः भ्रमराः यत्र तादृशं, जातम् ॥४२॥

हिन्दी अनुवाद—अनन्तर क्रमशः, जल कमलों से रहित, पृथ्वी का तल धूलि से शून्य और वन मालती लता के पुष्पों की सुगंध से मस्त भ्रमरों वाला हो गया ॥४२॥

टिप्पणी—नीरम्—जल। निर्गतः रः अग्निः यस्मात् तत् अथवा नयति प्रापयति स्थानात् स्थानान्तरम् इति नीरम्। नीरजम्—कमल। नीरे जातम्

नीरजम् । नीरजस्कम्—धूलिरहित । निः नास्ति रजः धूलिः परागो वा यत्र तत् ।

इस श्लोक में यमक, छेकानुप्रास तथा तुल्ययोगिता अलंकारों का संकर है । इसमें अनुष्टुप् छन्द है ।

अपि च ।

धुतकदम्बकदम्बकनिष्पतन्नवपरागपरागममन्थराः ।
